श्री भूर सुन्दरी विवेक विलास

प्रिय सज्जनो !

यदि आपको मानव जीवन के यथार्थ लक्ष्य के जानने की अभिरुचि हो, या जैनसिद्धान्त के गूढ रहस्यों के विज्ञान की अभिलाषा हो, भव्य जीवों के कर्त्तव्याकर्त्तव्य का विज्ञान प्राप्त करना हो, धर्म और अधर्म के यथार्थ स्वरूप के जानने की वाञ्छा हो, श्री जैन-सिद्धान्तों में कहे हुए नवतत्त्वों के विज्ञान की कामना हो, सत्यशिक्षा, ब्रह्मचर्य और गार्हस्थ धर्म आदि उपयोगी विषयों के महत्त्व की जिज्ञासा हो, यदि आप कर्मों के भेद और उनके विपाक को जानना चाहते हों, सन्नीति के अवलम्ब से अपने मानव जीवन को सफल करना चाहते हो तथा यदि आप को लौकिक व पारलौकिक विविध विषयों का विज्ञान प्राप्त करना हो तो नीचे लिखे पते से केवल ॥) मात्र डाक व्यय भेजकर बिना न्यौछावर के "श्री भूर सुन्दरी विवेक विलास" नामक बृहद् ग्रन्थ को मंगवा कर अवश्य अवलोकन कीजिये, स्टाक में थोड़ी सी ही प्रतियां बाकी हैं, अतः शीघ्रता कीजिये ।

मिट्ठनलाल कोठारी पल्लीवाल जैन,
स्वदेश भण्डार-भरतपुर ।

अहिंसा परमोधर्मः

❀ श्रीः ❀

❀ श्री पञ्चपरमेष्ठिने नमः ❀

भूरसुन्दरी अध्यात्म बोध

जिसको

श्री जैन श्वेताम्बर सम्प्रदायस्थ श्री बाईस टोला के
श्री १००८ श्री नाथूराम जी महाराज के सम्प्रदाय की
आर्यों जी श्री १००८ *श्री चम्पा जी* महाराज की
शिष्या सती शिरोमणि श्री १००८ आर्यां
भूरसुन्दरी जी महाराज ने
श्री जैन सङ्घ एवं सर्व साधारण के
लाभ के लिये निर्मित किया ।

जिसका
जयदयाल शर्म्मा शास्त्री
(भूतपूर्व संस्कृत प्रधानाध्यापक श्री डूंगर कालेज-बीकानेर)
ने संशोधन किया ।

प्रथमवार ५०० प्रति	वीर संवत् २४५३ विक्रमाब्द १९८६	न्योछावर स्वाध्याय

महता गुणवत्सुयेन कीर्तेः कालमेलखया ।

यारे दुरोधौंनुं तर यावक मिथो ॥ १ ॥

वीतरागेण भाषितः

विषय-सूची

❀ श्री ❀

प्रस्तावना

प्रियवर पाठक सज्जन !

आज यह तीसरी पुस्तक "भूरसुन्दरी अध्यात्मबोध" आपकी सेवा में प्रस्तुत की जाती है, संवत् १९८३ में श्री भरतपुर राज्य में चातुर्मास्य होने पर अनेक सज्जनों का अनुरोध होने से "भूरसुन्दरी विवेक विलास" नामक ग्रन्थ का निर्माण कर आपकी सेवा में उपस्थित किया गया था तथा इसी वर्ष श्री बीकानेर राज्य में चातुर्मास्य होने पर यहाँ के अनेक सज्जनों का अनुरोध होने पर कुछ ही समय पूर्व "भूरसुन्दरी बोध विनोद" नामक एक छोटी सी पुस्तक का निर्माण कर उसे भी आपकी सेवा में प्रस्तुत किया था, मुझे इस बात का हर्ष है कि सहृदय पाठक जनों ने उक्त दोनों पुस्तकों को अपनाकर मुझे अनुगृहीत किया, यही कारण है कि पहिली पुस्तक (भूरसुन्दरी विवेक विलास) की अब बहुत ही थोड़ी सी प्रतियां अवशिष्ट हैं, इसी प्रकार दूसरी पुस्तक (भूरसुन्दरी बोध विनोद) भी छपने के साथ ही इतनी खप गई कि उसकी भी थोड़ी सी ही प्रतियाँ बाकी रह गई इसका कारण मुख्यतया पाठकवर्ग को मुझ जैसी अल्पबुद्धि व्यक्ति पर पूर्ण कृपाभाव रख कर मेरे उत्साह को बढ़ाना ही कहा जा सकता है, नहीं तो मुझ में इतनी विद्या, बुद्धि और योग्यता कहाँ कि मैं ग्रन्थ-निर्माण कर उसमें उन भावों का निदर्शन कर सकूं जोकि सभ्यसमाज में गौरवास्पद और आदरणीय होवे हैं।

मैं प्रथम ही पूर्वोक्त दोनों ग्रन्थों की भूमिका में प्रकट कर चुकी हूँ कि—"मैं किसी भाषा के साहित्य की न तो विदुषी हूँ और न

लेखिका हूँ किन्तु केवल संस्कृत व हिन्दी भाषा के साहित्य से मेरा कुछ कुछ परिचयमात्र है" ऐसी दशा में विद्वान् जन स्वयमेव समझ सकते हैं कि पाठक जनों का मेरे बनाये हुए ग्रन्थों को जो अपनाना है वह मुझे इस प्रकार प्रोत्साहन का देना है-जैसे कि सभ्यसमाज बाहु पसार कर सागर के विस्तार को बतलाने वाले बालक की प्रशंसा कर उसे प्रोत्साहन देता है, अस्तु।

दूसरे ग्रन्थ (भूरसुन्दरी बोध विनोद) के छप जाने के बाद बीकानेर के तथा अन्यत्र के भी सज्जनों का पुन यह अनुरोध होने लगा कि अब की बार एक ग्रन्थ और भी इस प्रकार का बनाया जावे कि "जिसमें आवश्यक जैन सिद्धान्तों का विवेचन हो, जैन सिद्धान्त के विषय में उत्पन्न होने वाले प्रश्नों का समाधान हो, एवं भक्ति, वैराग्य, सदाचार और आत्मकर्तव्य आदि विषयों का प्रतिपादन कर संक्षेप में आध्यात्मिक विषय का भी प्रतिपादन किया जावे।"

प्रिय पाठक सज्जन ! आप विचार सकते हैं कि उक्त अनुरोध का अनुसरण कर उक्त विषयों का प्रतिपादन कर समुचित भावों से समलङ्कृत ग्रन्थ का बनाना कितनी कठिन बात है, तिस पर भी मुझ जैसी अल्प-बुद्धि के लिये उक्त विषयों से समलङ्कृत ग्रन्थ का निर्माण करना तो पूर्ण विद्वान् और सुलेखक किसी महानुभाव का ही कार्य है। ऐसे विषय में समुद्यत होकर उसमें हाथ डालना भी मेरे लिये तो निस्सन्देह उपहास का विषय है, परन्तु साधु होकर दूसरे के शुभ अनुरोध का यथाशक्ति पालन करना अपना कर्तव्य जान कर अपनी विद्या, बुद्धि और योग्यता के अनुसार इस (भूरसुन्दरी अध्यात्मबोध) का निर्माण किया गया है, इसमें कोई सन्देह नहीं है कि पर छिद्रान्वेषी जन इसका अवलोकन कर अवश्यमेव उपहास करेंगे। परन्तु ऐसे लोगों के उपहास का भय करना भी शुभ कार्य के विषय में आत्मशक्ति का गोपन करना है जो कि एक प्रकार से निन्दास्पद और साधुकर्तव्य से बाह्य विषय है, अतएव उक्त भय का कुछ भी विचार न कर एवं गुणग्राही सहृदय सज्जनों की गुणग्राहिता की ओर लक्ष्य दे जाकर इस ग्रन्थ का निर्माण किया गया है।

इस ग्रन्थ को दो तरङ्गों में विभक्त किया गया है, इनमें से प्रथम तरङ्ग में हिन्दी भाषा में आत्मकर्तव्य, साधु का आचार, चर्चा के बोल, उपदेशप्रद कुण्डलियाँ और वैराग्य पद्य भाषा, इन विषयों का समावेश किया गया है तथा दूसरे तरङ्ग में श्री जिन स्तुत्यष्टक नवतत्त्वनिरूपण, प्रश्नोत्तर रत्नमाला, प्रश्नोत्तर मणिरत्नमाला, आत्मनिन्दाष्टक एवं वैराग्यशतक, इन विषयों का समावेश किया गया है, इनमें से प्रश्नोत्तररत्नमाला श्री विमलसूरि प्रणीत है, प्रश्नोत्तर मणिरत्नमाला श्री शङ्कराचार्य प्रणीत है, एवं आत्मनिन्दाष्टक अज्ञातनामा आचार्य विशेष प्रणीत है, ये तीन विषय ग्रन्थान्तरों से उद्धृत कर रक्खे गये हैं, शेष श्री जिन स्तुत्यष्टक नवतत्त्व निरूपण एवं वैराग्य शतक, ये तीन विषय मेरी कृतिरूप हैं। सर्व साधारण के लाभ के लिये उक्त सर्व श्लोकों की भाषा टीका कर दी है। इस प्रसङ्ग में यह भी कह देना अत्यावश्यक है कि संस्कृत भाषा एवं उस के व्याकरण आदि विषय का मुझे बहुत ही थोड़ा परिज्ञान है इसलिये श्लोकों के निर्माण में त्रुटियों के रहने की अवश्यमेव सम्भावना है, किञ्च–श्लोक रचना विषयक यह मेरी पहिली ही कृति है, इसलिये भी त्रुटियों का रहना नितान्त सम्भव ही है, अतएव विद्वान् जनों से सविनय निवेदन है कि श्लोकों के निर्माण में जो २ त्रुटियाँ हों उनका संशोधन कर मुझे अनुगृहीत करें।

किञ्च—पिङ्गलविषयक ज्ञान न होने से कुण्डलियों में तथा वैराग्यपद्यों में भी अनेक त्रुटियाँ रही होंगी, अतः पाठकवर्ग से उनके विषय में भी निवेदन है कि उक्त पद्यों में स्थित त्रुटियों का संशोधन कर मुझे कृपाभाजन बनावें।

पूर्व के दोनों ग्रन्थों के समान इस ग्रन्थ का भी संशोधन श्रीमान् पण्डित जयदयाल जी शर्मा शास्त्री (भूतपूर्व संस्कृत प्रधानाध्यापक श्री डूंगर कालेज-बीकानेर) ने किया है, इसलिये उक्त महोदय को इस परिश्रम के हेतु विशुद्ध भाव से धन्यवाद प्रदान किया जाता है।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन में धर्मशील शाहधनजी महानुभाव ने उत्साहपूर्वक आर्थिक योग प्रदान किया है, अतः उक्त महानुभाव धन्यवाद के पात्र हैं।

अन्त मे सहृदय पाठकजनों से पुनरपि मेरा विनम्र निवेदन है कि पूर्व के समान इस ग्रन्थ को भी अपनाकर तथा पुस्तक में विद्यमान त्रुटियों की ओर ध्यान न देकर इसके अवलोकन, श्रवण और मनन के द्वारा मुझे अनुगृहीत करें, यदि इस ग्रन्थ मे प्रतिपादित विषयों के अवलोकन, पठन पाठन, श्रवण और मनन के द्वारा पाठक वर्ग को कुछ भी लाभ प्राप्त हुआ तो मैं अपने परिश्रम को सफल समझूंगी ।

किमधिकं विज्ञेषु

सज्जनों की हितैषिणी

कार्तिक शुक्ल
संवत् १९८४ वि.

आर्या भूरसुन्दरी
आसाणियों का चौक बीकानेर ।

॥ श्री पञ्चपरमेष्ठिने नमः ॥

भूर सुन्दरी अध्यात्म बोध

प्रथम तरङ्ग

मंगलाचरण ।

चिदानन्द आनन्दघन, मैं वन्दू[1] दिन रात ।
तिन्हके सुमिरन होत सुख, विघ्न सबै दुरि जात[2] ॥१॥
चिन्ताहारि जिनेश सब, वन्दूँ शीस नमाय ।
गौतमगुरु चरणन नमूँ, नमूँ सरसुती माय[3] ॥२॥
उपकारी मम गुरु बड़े, पुनि बहु शुभगुण खान ।
पूज्य श्रि नाथूरामजी, पण्डित बहुत सुजान[4] ॥३॥
पञ्चम पट्ट[5] विराजता, भजूलाल मुनिराय[6] ।
काशी पण्डित जिन सकल, जीते परिषद माँय[7] ॥४॥
संस्कृत प्राकृत में निपुण, इंगलिश अरबी जान ।
फारसि बंगला मारठी, छह भाषा विद्वान ॥५॥
तिनके पाटे तपसिवर[8] पनालाल अनगार[9] ।
छतिस बरस धन[10] छोड़ियो संयम में चित धार ॥६॥

१—नमस्कार करती हूँ । २—दूर हो जाते हैं । ३—सरस्वती माता । ४—सुन्दर ज्ञानवान । ५—पाट । ६—मुनिराज । ७—सभा में । ८—श्रेष्ठ तपस्वी । ९—साधु । १०—मन ।

बेले बेले पारणा, लियो छाछ आहार।
प्रतिदिन लीन्ही तापना, करत ज्ञान वीचार[१] ॥७॥
इन सबको वन्दन करूँ, सविनय शीस नमाय।
जिनके ध्यावत सकल सुख, लेत मनुज[२] अधिकाय ॥८॥
मम गुरुनी मोटी सती, चम्पाजी गुणखान।
सत्ताइस गुण शोभता, तपसी चतुर सुजान ॥९॥
तिन पद पङ्कज[३] नाइ शिर, करूँ हृदय महँ ध्यान।
सुविशद[४] बुद्धी मम हुवै, उपजै हृदय सुज्ञान ॥१०॥
तासु[५] चरनरज अनुचरी[६], भूरसुन्दरी नाम।
रच्यो अध्यातम बोध यह, भयो आतमाराम[७] ॥११॥

१—आत्मा का कर्त्तव्य।

सब से प्रथम जब कोई भव्य जीव धर्म के महत्त्व को जान कर उसे प्राप्त करने की इच्छा करता है तब उसके हृदय में बाहरी पदार्थों से वैराग्य होता है, इसके होने से वह अपनी इच्छा के पूर्ण होने के लिये यथार्थवक्ता[८] सद्गुरु की खोज करता है, क्योंकि सद्गुरु के मिले बिना धर्म के यथार्थ[९] स्वरूप को कैसे जान सकता है, जब खोजते २ उसे ऐसा सद्गुरु मिल जाता है कि जो सदा पौद्गलिक[१०] पदार्थों से विरक्त[११] रहता है, मान से दूर रहता है, सद्ज्ञान की प्राप्ति के लिये सदा उद्यम करता रहता है तथा उसकी प्राप्ति होने पर आनन्द में निमग्न होता है, अहर्निश[१२] धर्म की जागृति[१३] में तत्पर रहता है

१—विचार। २—मनुष्य। ३—चरणकमल। ४—अत्यन्त निर्मल। ५—उनके। ६—दासी। ७—आत्मा का आनन्द। ८—सत्यवादी। ९—रूप। १०—पुद्गलों से बने हुए। ११—विरक्त। १२—रात दिन। १३—जागना।

सर्वदा समान परिणाम करता है तथा अन्तरात्मा की भावना करता है, तब वह उससे सत्य प्रेम के साथ पूछता है कि "हे स्वामिन्! कृपा करके यह बतलाइये कि धर्म क्या पदार्थ है और उसकी प्राप्ति किस प्रकार हो सकती है?" तब जो सद्गुरु ऊपर लिखे गुणों से युक्त होता है वह उत्तर देता है कि—"हे भव्य! सुन, वस्तु का जो स्वभाव है उसको धर्म कहते हैं, जैसे पुद्गल का स्वभाव गलना, पड़ना, सड़ना तथा नष्ट होना है और चेतन का धर्म अविनाशित्व[1] है, जिस प्रकार नीम और गिलोय आदि का स्वभाव कटु[2] है तथा मिसरी आदि का स्वभाव मधुर[3] है उसी प्रकार आत्मा का स्वभाव ज्ञान, दर्शन और चारित्ररूप है, चिद्[4] और आनन्द स्वरूप आत्मा जब अपने स्वभाव में अर्थात् ज्ञान, दर्शन और चारित्र में रमण[5] करता है तब उसे सहज में निज धर्म का लाभ हो जाता है, इसलिये धर्म की प्राप्ति के लिये आत्मा को ज्ञान, दर्शन और चारित्र में सदा रमण करना चाहिये। निजधर्म[6] के प्रकट होने से कर्म शत्रु का विनाश हो जाता है तथा जीवात्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

(प्रश्न)—पहले कहा गया था कि वस्तु के स्वभाव को धर्म कहते हैं, यहाँ पर धर्म के द्वारा मोक्ष को न बतलाकर ज्ञान, दर्शन और चारित्र से मोक्ष की प्राप्ति बतलाई गई है, अतः[7] इस विषय में यह शंका है—कि समस्त[8] संसार के ज्ञानी जनों ने दया और विनय को धर्म बतलाया है तो आप वस्तु के स्वभाव को धर्म कैसे कहते हैं?

(उत्तर)—जिन लोगों ने दया और विनय को धर्म बतलाया है, वह उनका कथन व्यवहार नय की अपेक्षा से जानना चाहिये, देखो! सूत्रों में दया के ६० भेद कहे हैं तथा विनय के ४५ भेद कहे हैं, किन्तु उनको धर्म के नाम से नहीं कहा है, इसलिये दया और विनय का

१—अविनाशीपन। २—कड़ुआ। ३—मीठा। ४—चैतन्य, ज्ञान। ५—क्रीड़ा। ६—अपना। ७—इसलिये। ८—सब।

कर्त्ता[1] जो जीव है उसका यथार्थ[2] लक्षण जान कर उसका जो ज्ञान, दर्शन और चारित्र रूप स्वभाव है उसी को धर्म जानना चाहिये।

(प्रश्न)—यह बात कैसे मानी जावे कि दया और विनय को व्यवहार नय की अपेक्षा से धर्म बतलाया है ?

(उत्तर)—देखो! अभव्य जीव भी संयम धारण करता है, दया और विनय का भी सेवन करता है अर्थात् षट् काय जीवों की रक्षा कर दया का पालन करता है तथा गुरु का विनय भी करता है, परन्तु अभव्यत्व[3] के कारण उसका अन्तरात्मा उसमें रक्षित[4] नहीं होता है, इसलिये उसे आत्मा के विशुद्ध गुण की प्राप्ति नहीं होती है और उसके बिना उसका उद्देश्य[5] पूरा नहीं होता है, अर्थात् चारों गतियों में भ्रमण करना बन्द नहीं होता है, देखो! वस्तु का जो २ निज[6] स्वभाव है उसका ज्ञान हुए बिना अनन्त काल में भी मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती है, किन्तु स्वभाव का विशुद्ध ज्ञान होने से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

(प्रश्न)—विशुद्ध ज्ञान कैसे प्रकट होता है ?

(उत्तर)—इस जीवात्मा के आठ कर्म लिपटे हुए हैं तथा प्रत्येक कर्म की अनन्त वर्गणायें हैं और वे सब पुद्गल रूप हैं, उन आठों कर्मों में से जो प्रथम कर्म है वह ज्ञान का आवरण[7] करता है—इसलिये उस प्रथम कर्म (ज्ञानावरणीय) का जब तक क्षयोपशम नहीं होता है तब तक ज्ञान भी प्रकट नहीं होता है, जिस प्रकार मेघ पटल[8] से दब जाने पर सूर्य का प्रकाश नहीं होता है किन्तु प्रबल[9] वायु आदि के द्वारा जब वह मेघावरण[10] छिन्न भिन्न[11] हो जाता है तब सूर्य का विशुद्ध प्रकाश चारों ओर फैल जाता है, इसी प्रकार ज्ञानावरणीय

१ करने वाला। २ सत्य। ३—अभव्यपन। ४—लगा हुआ अनुरक्त। ५—गरज, मतलब। ६—अपना। ७—आच्छादन। ८—मेघ की घटा ९—तेज। १०—मेघका आच्छादन। ११—अलग।

कर्म के पुद्गल जब विशुद्ध भावना आदि साधन से विनष्ट हो जाते हैं तब आत्मा का विशुद्ध ज्ञान अच्छे प्रकार से प्रकाशित हो जाता है, इसी प्रकार अन्य[1] कर्मों के विषय में भी जानना चाहिये, तात्पर्य यह है कि कर्मों की सब वर्गणाओं के दूर हुए बिना जीव को मुक्ति की प्राप्ति कदापि नहीं हो सकती है, इसलिये पौद्गलिक[2] संयोग ही वास्तव में अज्ञान है तथा विशुद्ध आत्मा ज्ञानरूप है।

यह भी स्मरण रखना चाहिये कि आत्मा के तीन भेद हैं—बाह्यात्मा, अन्तरात्मा तथा परमात्मा, इनमें से बाह्यात्मा उसको कहते हैं कि जो पुद्गलों का काम करता है, अपने को कर्त्ता समझता है तथा ईश्वर को भी कर्त्ता मानता है, इसके अतिरिक्त[3] दया, दान, पूजा, सेवा, तीर्थयात्रा, सवर, सामयिक, पोषा, प्रतिक्रमण, साधुवन्दन,[4] साधुदर्शन गमन[5] दीक्षा महोत्सव, मृतकोत्सव[6] गुरुकुल निर्माण, सभा-संगठन तथा पाठशाला-स्थापन, इत्यादि संसार सम्बन्धी सब ही कार्य बाह्यात्मा के ही हैं, अन्तरात्मा के अनुभव के बिना ये सब कार्य चाहे स्वर्गप्रद[7] भले ही हों परन्तु मोक्ष के दाता नहीं हो सकते हैं, क्योंकि इस बात को निश्चयतया जान लेना चाहिये कि अन्तरात्मा के अनुभव के बिना शुद्ध सम्यक्त्व की प्राप्ति नहीं होती है—चाहे बाईस टोला में स्थित की जावे, चाहे संवेगी नाम रक्खा जावे और चाहे तेरह पन्थी कहलाया जावे, वर्तमान में देखा जाता है कि अनेक पन्थ चल रहे हैं तथा उनके अनुयायी[8] जन बड़े अभिमान के साथ अपने पन्थ का महत्त्व प्रकट करते हैं तथा अपने २ ही महत्त्व[9] की डुगडुगी बजा रहे हैं, बहुत से पन्थानुयायी महाप्रभु यह भी आलापते हैं कि सम्यक्त्व का लाभ करना हो तो हमारे पास आकर सम्यक्त्व को ले

१—दूसरे। २ पुद्गलों का। ३—सिवाय। ४—साधु को नमस्कार। ५—साधु के दर्शन के लिये जाना। ६—मृतक का उत्सव। ७—स्वर्ग के देने वाले। ८ पीछे चलने वाले। ९—बड़ाई।

कर्त्ता[1] जो जीव है उसका यथार्थ[2] लक्षण जान कर उसका जो ज्ञान, दर्शन और चारित्र रूप स्वभाव है उसी को धर्म जानना चाहिये।

(प्रश्न)—यह बात कैसे मानी जावे कि दया और विनय को व्यवहार नय की अपेक्षा से धर्म बतलाया है ?

(उत्तर)—देखो ! अभव्य जीव भी संयम धारण करता है, दया और विनय का भी सेवन करता है अर्थात् षट् काय जीवों की रक्षा कर दया का पालन करता है तथा गुरु का विनय भी करता है, परन्तु अभव्यत्व[3] के कारण उसका अन्तरात्मा उसमें रंजित[4] नहीं होता है, इसलिये उसे आत्मा के विशुद्ध गुण की प्राप्ति नहीं होती है और उसके बिना उसका उद्देश्य[5] पूरा नहीं होता है, अर्थात् चारों गतियों में भ्रमण करना बन्द नहीं होता है, देखो ! वस्तु का जो २ निज[6] स्वभाव है उसका ज्ञान हुए बिना अनन्त काल में भी मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती है, किन्तु स्वभाव का विशुद्ध ज्ञान होने से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

(प्रश्न)—विशुद्ध ज्ञान कैसे प्रकट होता है ?

(उत्तर)—इस जीवात्मा के आठ कर्म लिपटे हुए हैं तथा प्रत्येक कर्म की अनन्त वर्गणायें हैं और वे सब पुद्गल रूप हैं, उन आठों कर्मों में से जो प्रथम कर्म है वह ज्ञान का आवरण[7] करता है—इसलिये उस प्रथम कर्म (ज्ञानावरणीय) का जब तक क्षयोपशम नहीं होता है तब तक ज्ञान भी प्रकट नहीं होता है, जिस प्रकार मेघ पटल[8] से ढक जाने पर सूर्य का प्रकाश नहीं होता है किन्तु प्रबल[9] वायु आदि के द्वारा जब यह मेघावरण[10] छिन्न भिन्न[11] हो जाता है तब सूर्य का विशुद्ध प्रकाश चारों ओर फैल जाता है, इसी प्रकार ज्ञानावरणीय

---

१ करने वाला। २ सत्य। ३—अभव्यपन। ४—रँगा हुआ अनुरक्त। ५—गरज, मतलब। ६—अपना। ७—आच्छादन। ८—मेघ की घटा। ९—तेज। १०—मेघका आच्छादन। ११—नष्ट।

कर्म के पुद्गल जब विशुद्ध भावना आदि साधन से विनष्ट हो जाते हैं तब आत्मा का विशुद्ध ज्ञान अच्छे प्रकार से प्रकाशित हो जाता है, इसी प्रकार अन्य[1] कर्मों के विषय में भी जानना चाहिये, तात्पर्य यह है कि कर्मों की सब वर्गणाओं के दूर हुए बिना जीव को मुक्ति की प्राप्ति कदापि नहीं हो सकती है, इसलिये पौद्गलिक[2] संयोग ही वास्तव में अज्ञान है तथा विशुद्ध आत्मा ज्ञानरूप है।

यह भी स्मरण रखना चाहिये कि आत्मा के तीन भेद हैं—बाह्यात्मा, अन्तरात्मा तथा परमात्मा, इनमें से बाह्यात्मा उसको कहते हैं कि जो पुद्गलों का काम करता है, अपने को कर्त्ता समझता है तथा ईश्वर को भी कर्त्ता मानता है, इसके अतिरिक्त[3] दया, दान, पूजा, सेवा, तीर्थयात्रा, संवर, सामयिक, पोषा, प्रतिक्रमण, साधुवन्दन,[4] साधुदर्शन गमन[5] दीक्षा महोत्सव, मृतकोत्सव[6] गुरुकुल निर्माण, सभा-संगठन तथा पाठशाला-स्थापन, इत्यादि संसार सम्बन्धी सब ही कार्य बाह्यात्मा के ही हैं, अन्तरात्मा के अनुभव के बिना ये सब कार्य चाहें स्वर्गप्रद[7] भले ही हों परन्तु मोक्ष के दाता नहीं हो सकते हैं, क्योंकि इस बात को निश्चयतया जान लेना चाहिये कि अन्तरात्मा के अनुभव के बिना शुद्ध सम्यक्त्व की प्राप्ति नहीं होती है—चाहें बाईस टोला में स्थित की जावे, चाहे संवेगी नाम रक्खा जावे और चाहें तेरह पन्थी कहलाया जावे, वर्तमान में देखा जाता है कि अनेक पन्थ बन रहे हैं तथा उनके अनुयायी[8] जन बड़े अभिमान के साथ अपने पन्थ का महत्त्व प्रकट करते हैं तथा अपने २ ही महत्त्व[9] की डुगडुगी बजा रहे हैं, बहुत से पन्थानुयायी महाप्रभु यह भी आलापते हैं कि सम्यक्त्व का लाभ करना हो तो हमारे पास आकर सम्यक्त्व को ले

१—दूसरे। २ पुद्गलों का। ३—सिवाय। ४—साधु को नमस्कार। ५—साधु के दर्शन के लिये जाना। ६—मृतक का उत्सव। ७—स्वर्ग के देने वाले। ८ पीछे चलने वाले। ९—बड़ाई।

जावो, वाह वाह ! सम्यक्त्व की अच्छी दूकान खोल रक्खी है, भला यह तो कहिये कि सम्यक्त्व आपकी पोथी में रक्खा है—वा पात्र में भरा है, अथवा झोली में ढुलक रहा है, जो आप निकालकर उसे दे देंगे, जरा सोचिये तो सही कि सम्यक्त्व रूपी[1] वस्तु है वा अरूपी[2] वस्तु है, यदि रूपी वस्तु है तो कृपा करके उसके स्वरूप को दिखलाइये और यदि अरूपी वस्तु है तो अरूपी वस्तु को आप कैसे देते वा दे सकते हैं, इस बात को शुद्ध न्याय की रीतिसे तथा शास्त्र की रीति से विचारना चाहिये, जो छोटी अवस्था के छोटे २ बालक हैं तथा जिन बेचारों को नवकार मन्त्र तक भी याद नहीं है क्या वे शुद्ध देव, गुरु और धर्म की पहिचान कर सकेंगे ? क्या वे अन्तरात्मा के द्वारा इस बात का विचार कर सकेंगे कि यह वस्तु सत्य है वा असत्य है, जानने के योग्य है अथवा न जानने योग्य है, ग्रहण करने के योग्य है वा त्याग करने के योग्य है, क्या वे सर्व जीवों पर समभाव का परिणाम रख सकेंगे ? जब इन सब बातों के करने में वे असमर्थ[3] हैं तो वे सम्यक्त्व के पाने के अधिकारी[4] कैसे हो सकते हैं ? हमें तो यह प्रत्यक्षतया[5] दीख पड़ता है कि जो सम्यक्त्व को लुटाने के लिये तैयार हैं वे ही सम्यक्त्व से पराङ्मुख[6] और कोसों दूर हैं, क्योंकि उनमें न तो समता का परिणाम दीखता है, यदि समता का परिणाम हो तो वे पराई चुगली और निन्दा आदि में क्यों प्रवृत्त[7] हों, न तेरी मेरी करने से माया मोह का त्याग दीखता है, न उनमें राग द्वेष का ही परित्याग दीखता है क्योंकि वे दूसरे की निन्दा सुनकर प्रसन्न होते हैं, दूसरे की प्रशंसा सुनकर जलते हैं, अपने मन्तव्य की स्थापना तथा परमन्तव्य की उत्थापना करते हैं, अपने अवगुण को छिपाते हैं, दूसरे के अविद्यमान[8] भी दोष को प्रकट कर उसके सिर पर मँढ़ते हैं, बिना देखी तथा बिना सुनी बातको खड़ी कर देते हैं, क्या

१—रूप वाली। २—बिना रूपवाली। ३—अयोग्य। ४—हकदार।
५—प्रत्यक्षरीति से। ६—बहिर्मुख, विमुख। ७—लगा। ८—बिना मौजूद।

ही सम्यक्त्व के लक्षण हैं ? क्या शास्त्रों में इसी को सम्यक्त्व बतलाया ? यह विषय कहीं एकदेशी[1] हो यह बात नहीं है किन्तु जहाँ तहाँ ऐसा ही देखने में आता है, औरों के विषय में क्या कहा जावे मुझ में स्वयं ये ही दोष विद्यमान[2] हैं, मैं भी राग द्वेष में निमग्न हो रही हूँ, पारमार्थिक[3] कार्य मुझ से यथा विधि[4] नहीं बनता है, परन्तु हाँ मैं तो स्त्री पर्याय हूँ अल्पबुद्धि हूँ, किन्तु जो पुरुष हैं, महात्मा नाम से प्रसिद्ध हैं, उनको तो उपर्युक्त[5] कार्य करना उचित नहीं है, यह निश्चयतया[6] जान लेना चाहिये कि मैं किसी के अवगुण का भाषण[7] और दोष का उद्घाटन[8] नहीं करती हूँ, क्योंकि ऐसा करना अत्यन्त अनर्थकारी[9] कार्य है, मेरा तात्पर्य तो कथन करने का यही है कि हम लोगों में स्वरूप को बट्टा लगाने वाले जो दोष हैं उनका परित्याग कर देना चाहिये, मैं स्वयं कहती हूँ कि मेरी आत्मा अत्यन्त मलीन है, सत्क्रियानिष्ठ[10] नहीं है, मैं यद्यपि संयतिनी नाम रखती हूँ परन्तु मुझ में सम्यक्त्व का कहीं ठिकाना नहीं दीखता है, सो भला वास्तव में संयम शालिनी[11] कैसे हो सकती हूँ सत्य बात तो यह है कि चाहे स्त्री हो या पुरुष हो जब तक वह राग द्वेष को नहीं जीतता है, माया मोह वश तेरी मेरी को नहीं छोड़ता है तथा ऊपर लिखी हुई सब बातों को नहीं छोड़ता है तब तक उसे सम्यक्त्व की प्राप्ति नहीं हो सकती है, जब स्वयं ही वह सम्यक्त्व से वञ्चित[12] है तो औरों को सम्यक्त्व की प्राप्ति कैसे करा सकता है ? हमारी तो यह अवस्था हो रही है कि—"ऊँट का मींगना और पाँड़ का गनेफ," हाँ जो महानुभाव इन अवगुणों से रहित हैं, जिन्होंने अन्तरात्मा का विचार किया है, जिन्होंने अन्तःकरण की मलीनता[13]

१—एक स्थान में होने वाला। २—मौजूद ३—परलोक सम्बन्धी। ४—ठीक रीति से। ५—ऊपर कहे हुए। ६—निश्चयरूप से। ७—कथन। ८—उघाड़ना। ९—अनर्थ करने वाला। १०—श्रेष्ठकार्य में तत्पर। ११—संयम वाली। १२—रहित। १३—मैलापन।

और दुर्वासना[1] को सर्वथा हटा दिया है, जो नियमपूर्वक पाँच महाव्रतों का पालन करते हैं तथा जिन्होंने मुक्तिकान्ता[2] में अपनी लौ लगाई है वे ही महात्मा हैं, सत्पुरुष हैं, साधु हैं, तथा संयती हैं, उन्हीं को धन्य है, उन्हीं का सज्जीवन[3] श्लाघ्य[4], अनुकरणीय[5], और आदर्शरूप है, उनको मैं बारम्बार नमस्कार करती हूँ, किन्तु जिनमें पूर्वोक्त[6] दोष विद्यमान हैं वे तो मेरे ही समान हैं और मेरे ही साथी हैं, मैं यह स्वयं खूब जानती हूँ कि मैं कषायों में, राग में तथा द्वेष में अत्यन्त रच पच रही हूँ, मेरे लिये वह दिन धन्य होगा, परम कल्याण का होगा तथा परम आनन्द दायक होगा कि जिस दिन मुझे शुद्ध सम्यक्त्व की प्राप्ति होकर अन्तरात्मा का ज्ञान होगा।

प्रथम कहा जा चुका है कि दूसरा आत्मा अन्तरात्मा है, अब संक्षेप में इसका कथन किया जाता है—आत्मा यद्यपि पुद्गलों में रहता है परन्तु वह स्वयं उनसे इस प्रकार न्यारा है—जैसे कि श्रीफल के भीतर गोला रहता है तथा जैसे कमल सरोवर में रह कर भी जल से न्यारा रहता है, इसी प्रकार अन्तरात्मा भी पुद्गलों में रहकर भी उनसे न्यारा है।

(प्रश्न)—यदि आत्मा पुद्गलों से न्यारा है तो वह पुद्गलों का कार्य[7] क्यों करता है ?

(उत्तर)—यह तुम्हारा कथन ठीक नहीं है, देखो आत्मा पुद्गलों का काम नहीं करता है ? किंतु पुद्गल अपना काम करते हैं तथा आत्मा अपना काम करता है।

(प्रश्न)—यदि पुद्गल अपना काम करते हैं तो जीवात्मा के चले जाने पर पुद्गल अपना काम क्यों नहीं करते हैं ?

१—बुरा संस्कार, निकृष्ट इच्छा। २—मुक्तिरूपी स्त्री। ३—श्रेष्ठ जीवन। ४—प्रशंसा के योग्य। ५—अनुकरण करने योग्य। ६—पहिले कहे हुये। ७ काम।

(उत्तर)—देखो ! जब मुद्दई और मुद्दायला सरकार में जाकर अपना इन्साफ़ कराते हैं, तब उनके इन्साफ में साक्षी अर्थात् गवाह की भी आवश्यकता[1] होती है, क्योंकि गवाह की गवाही के बिना उन दोनों का काम सिद्ध[2] नहीं हो सकता, इसी प्रकार आत्मा भी साक्षीभूत है, यदि वह साक्षीभूत[3] न हो तब तो परमात्मारूप ही हो जावे। देखो ! जब कोई पुरुष रहने के लिये भाड़े के घर को लेता है तब वह उसे यद्यपि लीपता है, पोतता है, झाड़ता है और बुहारता है, परन्तु मन में यह समझता है कि यह घर मेरा नहीं है, इसी प्रकार अन्तरात्मा भी पुद्गलों में रमण[4] करता है परन्तु वह उन्हें अपना नहीं समझता है। इस विषय में यह समझना चाहिये कि निज[5] स्वभाव रूप सत्ता में जो परमात्मत्व[6] है उसी का अपनी शक्ति के द्वारा जो ध्यान करता है उसको अन्तरात्मा कहते हैं।

तीसरा आत्मा परमात्मा है—सब कर्मों का नाश करके जो जीव का निजस्वरूप प्रकट होता है कि जिससे वह निरञ्जन, निराकार, अव्याबाध तथा अक्षय सुख भोगी कहलाता है, लोक के अन्त में सिद्ध क्षेत्र में स्थिर रूप से रहता है तथा जन्म-मरण से रहित हो जाता है उसी को परमात्मा कहते हैं।

बाह्य आत्मा में अज्ञान रहता है और अन्तरात्मा तथा परमात्मा में ज्ञान रहता है।

प्रथम कहा गया था कि वस्तु के स्वभाव को धर्म कहते हैं, इस विषय में यह जानना चाहिये कि वस्तु का जो निजी मूल स्वभाव है, वह अखण्डित[7] और अविनाशी[8] है, वस्तुता[9] सब द्रव्यों में रहती है, जैसे पुद्गलों में परमाणु रूप से द्रव्यत्व है, उनका गुण

१—ज़रूरत। २—पूरा। ३ गवाह रूप। ४—क्रीड़ा, विहार। ५—अपना। ६—परमात्मभाव, परमात्मापन। ७—खण्ड रहित। ८—विनाश रहित। ९—वस्तुभाव, वस्तुपन।

मिलना और बिछुरना आदि है तथा वर्ण और गन्ध आदि पर्याय हैं, नीम का धर्म (स्वभाव) कटु[1] है, सोंठ का स्वभाव तीखा है, आमले का स्वभाव कषाय है, नमक का स्वभाव खारा है, नींबू का स्वभाव खट्टा है तथा मिसरी का स्वभाव मीठा है, इसी प्रकार सब द्रव्यों में अपना अपना धर्म (स्वभाव) रहता है, कोई वस्तु अपने धर्म को छोड़ कर दूसरी वस्तु मे नहीं मिलती है, यदि मिलती है तो विभाव[2] के द्वारा मिलती है ?

(प्रश्न)—जीव का क्या स्वरूप है ?

(उत्तर)—जीव तो अरूपी[3] पदार्थ है, उसका ज्ञान परमात्मा के वचन से होता है, जो लोग परमात्मा के वचन को नहीं मानते हैं वे अनन्त संसारी होते हैं; जीव के वर्ण[4] नहीं है, गंधादि भी नहीं है, वह छद्मस्थ की दृष्टि में नहीं आता, वह निराकार[5] है, उसका कोई संस्थान[6] नहीं है, संस्थान के बिना आकार[7] नहीं हो सकता है, परंतु हाँ यह अवश्य मानना चाहिये कि संसारी जीव पुद्गलों से न्यारा नहीं है, जिस प्रकार दूध मे घृत है, तिलों में तैल है, पुष्पों में सुगंधि है, तथा पाषाण मे धातु मिश्रित[8] रूप से रहता है इसी प्रकार से संसारी जीव पुद्गलों से मिश्रित रहता है, शरीर में भी यद्यपि जीव है परंतु निश्चय नय के अनुसार वह उससे जुदा है, क्योंकि आत्मा का धर्म आत्मा के ही साथ रहता है, देव, अरिहन्त, गुरु, निर्ग्रन्थ तथा दयाधर्म, इनमें जो श्रद्धा करता है उसे व्यवहार नय की अपेक्षा से जानना चाहिये, किन्तु निश्चय नय के अनुसार उसकी सिद्धि नहीं है, जो पुरुष अन्तरात्मा तक पहुँच गया है अर्थात् जिसने अन्तरात्मा के स्वरूप को जान लिया है तथा जिसने सात प्रकृतियों का

१—कड़ुवा। २—विरुद्धभाव। ३—रूपरहित। ४—रंग। ५—आकार रहित। ६—अवयवविभाग। ७—शक्ल, स्वरूप। ८—मिले हुए।

नाश[1] कर दिया है उसी में निश्चय नय के अनुसार सम्यक्त्व को जानना चाहिये, सम्यक्त्वी[2] पुरुष आत्मा में रमण[3] करता है, आत्मा के अध्यवसाय स्थान असंख्यात[4] हैं उन सब योग्य अध्यवसायों में जब आत्मा सर्वथा रंग जाता है तब उसका कल्याण होता है, वह या तो उसी भव में मोक्ष को प्राप्त होता है, नहीं तो सात वा आठ भव में तो वह अवश्यमेव मोक्ष को प्राप्त होता है, व्यवहार नय सम्यक्त्व वाला पुरुष आत्मा के स्वरूप को नहीं जान सकता है, क्योंकि व्यावहारिक[5] श्रद्धा मन से होती है तथा मन पुद्गल रूप है, पुद्गल से आत्म-बोध[6] नहीं हो सकता है।

(प्रश्न)—आत्म-बोध होने के क्या लक्षण हैं ?

(उत्तर)—जिस पुरुष को आत्म-बोध हो जाता है वह सब विषयों को विकृतरूप[7] जानता है, इसीलिये उसकी दृष्टि में वे सब त्याज्य[8] होते हैं, जिस प्रकार सड़े हुए अन्न में यद्यपि स्वाद नहीं होता है तथापि उसमें मूर्ख तो प्रवृत्ति करते ही हैं; परन्तु बुद्धिमान पुरुष उसे विकारकारी[9] जानकर उसका परित्याग कर देते हैं, इसी प्रकार आत्म-बोध वाला पुरुष सब विषयों को त्याज्य जानकर उनसे पराङ्मुख[10] हो जाता है तथा गुरु मुख से प्राप्त हुआ जो अनुभव ज्ञानरूपी अमृत है उसका वह सदा पान करता है, यह बात बिलकुल निर्विवाद[11] है कि अनुभव ज्ञान के बिना अन्दर का मैल भी दूर नहीं होता है, देखो ! मैल से लिपटी हुई कांच की बोतल हो और उसे केवल बाहर से धो डाला जावे तो उसका मैल निवृत्त नहीं होता है अर्थात् उसके भीतर मैल जमा ही रहता है, किन्तु जब उसे क्षारयुक्त[12] जलादि से भीतर से

१—नाश। २—सम्यक्त्व वाला। ३—क्रीड़ा, विहार। ४—बे गिनती। ५—व्यवहार सम्बंधिनी। ६—आत्मा का ज्ञान। ७—विकारयुक्त। ८—छोड़ने योग्य। ९—बिगाड़ करने वाला। १०—बहिर्मुख। ११—बिना विवाद के। १२—खार के सहित।

मिलना और बिखरना आदि है तथा वर्ण और गन्ध आदि पर्याय हैं, नीम का धर्म (स्वभाव) कटु[1] है, सोंठ का स्वभाव तीखा है, आमले का स्वभाव कषाय है, नमक का स्वभाव खारा है, नींबू का स्वभाव खट्टा है तथा मिसरी का स्वभाव मीठा है, इसी प्रकार सब द्रव्यों में अपना अपना धर्म (स्वभाव) रहता है, कोई वस्तु अपने धर्म को छोड़ कर दूसरी वस्तु में नहीं मिलती है, यदि मिलती है तो विभाव[2] के द्वारा मिलती है ?

(प्रश्न)—जीव का क्या स्वरूप है ?

(उत्तर)—जीव तो अरूपी[3] पदार्थ है, उसका ज्ञान परमात्मा के वचन से होता है, जो लोग परमात्मा के वचन को नहीं मानते हैं वे अनन्त संसारी होते हैं; जीव के वर्ण[4] नहीं है, गंधादि भी नहीं है, वह छद्मस्थ की दृष्टि में नहीं आता, वह निराकार[5] है, उसका कोई संस्थान[6] नहीं है, संस्थान के विना आकार[7] नहीं हो सकता है, परंतु हाँ यह अवश्य मानना चाहिये कि संसारी जीव पुद्गलों से न्यारा नहीं है, जिस प्रकार दूध में घृत है, तिलों में तैल है, पुष्पों में सुगंधि है, तथा पाषाण में धातु मिश्रित[8] रूप से रहता है इसी प्रकार से संसारी जीव पुद्गलों से मिश्रित रहता है, शरीर में भी यद्यपि जीव है परंतु निश्चय नय के अनुसार वह उससे जुदा है, क्योंकि आत्मा का धर्म आत्मा के ही साथ रहता है, देव, अरिहन्त, गुरु, निर्ग्रन्थ तथा दयाधर्म, इनमें जो श्रद्धा करता है उसे व्यवहार नय की अपेक्षा से जानना चाहिये, किन्तु निश्चय नय के अनुसार उसकी सिद्धि नहीं है, जो पुरुष अन्तरात्मा तक पहुँच गया है अर्थात् जिसने अन्तरात्मा के स्वरूप को जान लिया है तथा जिसने सात प्रकृतियों का

१—कड़ुआ। २—विरुद्धभाव। ३—रूपरहित। ४—रंग। ५—आकार रहित। ६—अवयवविभाग। ७—शक्ल, स्वरूप। ८—मिले हुए।

नाश[1] कर दिया है उसी में निश्चय नय के अनुसार सम्यक्त्व को जानना चाहिये, सम्यक्त्वी[2] पुरुष आत्मा में रमण[3] करता है, आत्मा के अध्यवसाय स्थान असंख्यात[4] हैं उन सब योग्य अध्यवसायों में जब आत्मा सर्वथा रम जाता है तब उसका कल्याण होता है, वह या तो उसी भव में मोक्ष को प्राप्त होता है, नहीं तो सात वा आठ भव में तो वह अवश्यमेव मोक्ष को प्राप्त होता है, व्यवहार नय सम्यक्त्व वाला पुरुष आत्मा के स्वरूप को नहीं जान सकता है, क्योंकि व्यावहारिक[5] श्रद्धा मन से होती है तथा मन पुद्गल रूप है, पुद्गल से आत्म-बोध[6] नहीं हो सकता है।

(प्रश्न)—आत्म बोध होने के क्या लक्षण हैं ?

(उत्तर)—जिस पुरुष को आत्म-बोध हो जाता है वह सब विषयों को विकृतरूप[7] जानता है, इसीलिये उसकी दृष्टि में वे सब त्याज्य[8] होते हैं, जिस प्रकार सडे हुए अन्न में यद्यपि स्वाद नहीं होता है तथापि उसमें मूर्ख तो प्रवृत्ति करते ही हैं, परन्तु बुद्धिमान पुरुष उस विकारकारी[9] जानकर उसका परित्याग कर देते हैं, इसी प्रकार आत्म-बोध वाला पुरुष सब विषयों को त्याज्य जानकर उनसे पराङ्मुख[10] हो जाता है तथा गुरु मुख से प्राप्त हुआ जो अनुभव ज्ञानरूपी अमृत है उसका वह सदा पान करता है, यह बात बिलकुल निर्विवाद[11] है कि अनुभव ज्ञान के बिना अन्दर का मैल भी दूर नहीं होता है, देखो। मैल से लिपटी हुई काच की बोतल हो और उसे केवल बाहर से धो डाला जावे तो उसका मैल निवृत्त नहीं होता है अर्थात् उसके भीतर मैल जमा ही रहता है, किन्तु जब उसे क्षारयुक्त[12] जलादि से भीतर से

१—नाश। २—सम्यक्त्व वाला। ३—क्रीड़ा, विहार। ४—बे गिनती। ५—व्यवहार सम्बन्धिनी। ६—आत्मा का ज्ञान। ७—विकारयुक्त। ८—छोड़ने योग्य। ९—बिगाड़ करने वाला। १०—बहिर्मुख। ११—बिना विवाद के। १२—क्षार के सहित।

भी धोया जाता है तब ही वह साफ और स्वच्छ होती है, इसी प्रकार बाहरी अनेक शुद्धियों के करने पर भी अनुभव ज्ञान के बिना अन्तरात्मा का मैल दूर नहीं होता है, देखो ! जब कोई पुरुष मन, वचन और शरीर, इन तीनों योगों को निश्चल[1] करके आतमा का ध्यान करता है तब उसे ध्यान का आनन्द मिलता है, वह आनन्द देवेन्द्र[2] फणीन्द्र,[3] और नरेन्द्र[4] को भी कभी नहीं मिल सकता है, यह सर्वतन्त्र सिद्धान्त है कि अनुभव ज्ञान से ही प्रभु की प्राप्ति होती है, अनुभव ज्ञान के द्वारा जो अन्तरंग[5] आत्म-बोध होता है वही सुखप्राप्ति का मूल[6] है, इसलिये अनुभव ज्ञानरूप जो चिन्तामणि रत्न है, उसे छोड़ कर और जगह नहीं भटकना चाहिये, देखो ! यह जो संसार रूपी महानद है वह अति अगाध[7] और गम्भीर[8] है, उसमें विषय विकार और रागद्वेष रूपी जल भरा है, करोड़ों यत्न करने पर भी जीवात्मा अनुभव ज्ञान के बिना उसके पार नहीं हो सकता है, ज्ञान के बिना मनुष्य जंगल के रोज के समान अथवा खर अर्थात् गदहे के समान होता है, मोहान्धकार[9] में फँसकर मनुष्य सांसारिक[10] विषयों में पच पच कर मरता है परन्तु ज्ञान की प्राप्ति के लिये कुछ भी उद्यम नहीं करता है, हे सांसारिक जीव ! जो तू आत्मा के सुख को चाहे तो किम्पाक फल के समान जो सांसारिक भोग है उसका परित्याग करदे, तथा कहीं भी मत भटक, किंतु अपने अन्तरात्मा में ही ज्ञानरूपी दीपक का प्रकाश कर, अपने स्वरूप को पहिचान ले तथा रागद्वेप का त्याग कर, मेरी तेरी करना छोड़ दे, तब तेरा निस्तार[11] होगा, आन्तर[12] ज्ञान के बिना मनुष्य कुत्ते के समान चारों ओर भटकता और भौंकता फिरता है, संसार में प्राय: यह दशा देखी जाती है कि लोग भेड़ के समान एक के पीछे एक रूप में चलते हैं जैसे एक भेड़ जब में में करती है तब उसके

१—स्थिर। २—देवों का स्वामी। ३—नागों का स्वामी। ४—राजा। ५—भीतरी। ६—जड़, कारण। ७—अथाह। ८—गहरा। ९—मोह रूप अन्धकार। १०—संसार के। ११—छुटकारा। १२—भीतरी।

पीछे दूसरी भी में में करने लगती हैं तथा एक भेड़ जिधर को मुँह करके चलती है उसी ओर उसके पीछे २ सब ही चलने लगती हैं—तथा में में करने का मतलब कुछ भी नहीं समझती हैं, इसी प्रकार बाह्यात्मा[1] पुरुष सदसद्[2] का विवेक[3] नहीं कर सकता है, न अपने ही स्वरूप को पहिचान सकता है कि मैं कौन हूं, किस प्रकार और किस लिये यहाँ आया हूँ, मेरा कर्त्तव्य क्या है, यह संसार क्या है तथा मेरा निस्तार[4] कैसे हो सकता है, इत्यादि, बहुत से लोग व्यवहार नयानुयायी[5] होकर एकान्त पक्ष पर आग्रह[6] किया करते हैं, उनका ऐसा करना उचित नहीं है, क्योंकि भगवत्प्रणीत[7] स्याद्वाद पक्ष है, अतः एकान्ततया व्यवहार नय का आश्रय लेकर अपने पक्ष को पुष्ट करना उचित नहीं है, किंतु व्यवहार और निश्चय, इन दोनों मतों का आश्रय लेना चाहिये।

एक साधारण[8] सी बात है कि वर्तमान में सहस्रों जैन भ्राता सामायिक करते हैं, परन्तु यह भी नहीं जानते हैं कि वास्तव में सामायिक किसको कहते हैं, सामायिक करना हमारा कर्त्तव्य क्यों है, इसका फल क्या है तथा उसे किस प्रकार करना चाहिये, इत्यादि, बस वे लोग तो एक दूसरे की देखा देखी करके ही उसमें प्रवृत्ति करते हैं, ऐसे भ्राताओं से प्रसंग वशात्[9] हमें यहाँ पर यह कहना आवश्यक[10] है कि भाइयो! सामायिक की विधि, उसके लाभ और उसके उद्देश्य[11] को समझ कर उसमें प्रवृत्ति करो, देखो! मन, वचन और काय, इन तीनों योगों को स्थिर कर प्रभुभक्ति रूप अपने कर्त्तव्य का पालन करने के लिये जो नियत समय पर अन्तरात्मा में ध्यान लगाया जाता है उसे सामायिक कहते हैं, अथवा मनोयोग, वाग् योग और काययोग को

१—बाहरी आत्मा वाला। २—सत्यासत्य। ३—विचार। ४—छुटकारा। ५—व्यवहार नय के पीछे चलने वाला। ६—हठ। ७—भगवान् का बनाया हुआ। ८—मामूली। ९—प्रसंग के अनुसार। १०—जरूरी। ११—गरज, मतलब।

स्थिर कर अन्तरात्मा में आत्म लाभ के लिये जो प्रभु का ध्यान लगाया जाता है उसे सामायिक कहते हैं, अथवा समाधिपूर्वक आत्म ज्ञान के लिये जो प्रवृत्ति है उसको सामायिक कहते हैं, इस (सामायिक) के चार भेद हैं—सम्यक्त्व सामायिक, सूत्र सामायिक, देश विरति सामायिक और सर्व विरति सामायिक, इनमें से सम्यक्त्व सामायिक उसको होता है कि जिसने सातों प्रकृतियों का क्षय अथवा क्षयोपशम किया है, सूत्र का विचार करना, पढ़ना, पढ़ाना अथवा तत्सम्बन्धी चर्चा करना, तथा निरन्तर ज्ञान के लिये उद्यम करना, इसका नाम सूत्र सामायिक है, ग्यारह प्रकृतियों का क्षयोपशम होने से देश विरति सामायिक होता है तथा सर्वविरति सामायिक साधु का होता है इसमें पन्द्रह प्रकृतियों[1] का क्षयोपशम होता है ।

स्मरण रहे कि सामायिक प्रवृत्ति में मनुष्य को दुर्वासनाओं[2] की निवृत्ति और शुभ वासनाओं के प्रादुर्भाव[3] के लिये आत्मनिन्दन[4] अवश्य करना चाहिये, क्योंकि आत्मनिन्दन से शुभ संस्कार का प्रादुर्भाव होने से भविष्यत् में पाप-कार्य में प्रवृत्ति नहीं होती है, आत्मनिन्दन समय में मनुष्य को अपने मन में यह विचार करना चाहिये कि—हे आत्मा, तू अनादि काल से कुगुरु, कुदेव और कुधर्म में प्रवृत्त रह चुका है, रस लालसा[5] आदि विषयों के कारण तेरी दृष्टि मलीन हो रही है, कभी तू सम्यक्त्व-मोहनी की ओर दृष्टि डालता है, है, कभी मिश्र मोहनी की ओर झुकता है, कभी तू काम-राग, स्नेह-राग और दृष्टि-राग में अनुराग करता है, कभी ज्ञानविराधना, दर्शन विराधना और चारित्र विराधना में प्रवृत्त हो द्वेष का अनुसरण[6] करता है, कभी तू मनोदण्ड, वाग्दण्ड और कायदण्ड में प्रवृत्त होकर अहिंसा व्रत में

१—चारित्र मोहनीय की १२ प्रकृतियों का तथा दर्शन मोहनीय की ३ प्रकृतियों का, इस प्रकार १५ प्रकृतियों का । २—खराब इच्छाओं । ३—उत्पत्ति ४—आत्मा की निन्दा । ५—रसों की प्राप्ति की इच्छा । ६—अनुगमन ।

पराङ्मुख[1] हो जाता है, कभी तू हास्य, रति और अरति में क्रीडा[2] कर बाल लीला को दिखलाता है, कभी तू भय, शोक, दुगछा, कृष्ण लेश्या, नील लश्या तथा कापोत लश्या का पीछा कर बीभत्स रस की आकृति को धारण करता है, कभी तू ऋद्धिगारव, सातागारव, मायाशल्य, नियाणा शल्य तथा मिथ्या दर्शनशल्य में प्रवृत्त होकर माया राक्षसी की उपासना करता है, अरे आत्मा! तू महादुष्ट और दुराचारी[3] है, अरे नीच! तू अनन्तानुबन्धी की चौकड़ी में अनादि काल से फँस रहा है, तूने प्रथम गुणस्थान को भी नहीं बदला है, तेरे अन्दर तृष्णा की तरंगें उछल रही हैं, तू जो कुछ सत्क्रिया[4] भी करता है वह शून्य मन से लोक दिखावे के लिये करता है, धैर्य युक्त[5] मन से न करने के कारण वह तेरी सत्क्रिया भी व्यर्थ ही है, अरे पापी! तू पौद्गलिक[6] क्षणभंगुर[7] सुख के लिये कितने कुकर्मों को करता है, यह मेरे पास पारस पत्थर है, यह मेरे पास रसकूपिका है, ये मेरे नव निधान हैं तथा ये मेरे सोने के पलँग हैं, ये मेरे रहने के अति उच्च[8] प्रासाद[9] हैं, ये मेरे उद्यान[10] हैं तथा ये मेरे यहाँ हस्त्यादि[11] पशु समुदाय हैं, इस प्रकार मोह माया में फँस कर तू मदान्ध[12] हो रहा है, अरे पापी! तू अनेक यंत्र, मंत्र, तंत्र कर दूसरों का प्रवञ्चन[13] कर द्रव्य का उपार्जन कर पौद्गलिक सुख का भोग करता है, अरे मूर्ख! जब दशवें गुणस्थान तक लोभ का परिहार[14] नहीं है तो तुझे निर्लोभ कैसे कह सकते हैं, तुझ बेचारे की क्या गिनती है, अरे अधम! तू मन में यह विचार करता है कि यह मेरा घर बार है, ये मेरे पिता, माता, पुत्र, कलत्र[15] और सम्बन्धी हैं, यह तेरी परम[16] मूर्खता[17] है, क्योंकि तू अनन्त वार ऐसे ही घर कर चुका है,

---

१—विमुख। २—खेल। ३—दुष्ट व्यवहार वाला। ४—अच्छा कार्य। ५—धीरज के सहित। ६—पुद्गलों के। ७—क्षण में नष्ट होने वाले। ८—बहुत ऊँचे। ९—महल। १०—बाग। ११—हाथी आदि। १२—मद से अन्धा। १३—ठगाई। १४—त्याग। १५—स्त्री। १६—बड़ी। १७—बेवकूफी।

स्थिर कर अन्तरात्मा में आत्म लाभ के लिये जो प्रभु का ध्यान लगाया जाता है उसे सामायिक कहते हैं, अथवा समाधिपूर्वक आत्म ज्ञान के लिये जो प्रवृत्ति है उसको सामायिक कहते हैं, इस (सामायिक) के चार भेद हैं—सम्यक्त्व सामायिक, सूत्र सामायिक, देश विरति सामायिक और सर्व विरति सामायिक, इनमें से सम्यक्त्व सामायिक उसको होता है कि जिसने सातों प्रकृतियों का क्षय अथवा क्षयोपशम किया है, सूत्र का विचार करना, पढ़ना, पढाना अथवा तत्सम्बन्धी चर्चा करना, तथा निरन्तर ज्ञान के लिये उद्यम करना, इसका नाम सूत्र सामायिक है, ग्यारह प्रकृतियों का क्षयोपशम होने से देश विरति सामायिक होता है तथा सर्वविरति सामायिक साधु का होता है इसमें पन्द्रह प्रकृतियों[1] का क्षयोपशम होता है।

स्मरण रहे कि सामायिक प्रवृत्ति में मनुष्य को दुर्वासनाओं[2] की निवृत्ति और शुभ वासनाओं के प्रादुर्भाव[3] के लिये आत्मनिन्दन[4] अवश्य करना चाहिये, क्योंकि आत्मनिन्दन से शुभ संस्कार का प्रादुर्भाव होने से भविष्यत् में पाप-कार्य में प्रवृत्ति नहीं होती है, आत्म-निन्दन समय में मनुष्य को अपने मन में यह विचार करना चाहिये कि—हे आत्मा, तू अनादि काल से कुगुरु, कुदेव और कुधर्म में प्रवृत्त रह चुका है, रस लालसा[5] आदि विषयों के कारण तेरी दृष्टि मलीन हो रही है, कभी तू सम्यक्त्व-मोहनी की ओर दृष्टि डालता है, है, कभी मिश्र मोहनी की ओर झुकता है, कभी तू काम-राग, स्नेह-राग और दृष्टि-राग में अनुराग करता है, कभी ज्ञानविराधना, दर्शन विराधना और चारित्र विराधना में प्रवृत्त हो द्वेष का अनुसरण[6] करता है, कभी तू मनोदण्ड, वाग्दण्ड और कायदण्ड में प्रवृत्त होकर अहिंसा व्रत से

१—चारित्र मोहनीय की १२ प्रकृतियों का तथा दर्शन मोहनीय की ३ प्रकृतियों का, इस प्रकार १५ प्रकृतियों का। २—खराब इच्छाओं। ३—उत्पत्ति ४—आत्मा की निन्दा। ५—रसों की प्राप्ति की इच्छा। ६—अनुगमन।

पराङ्मुख[1] हो जाता है, कभी तू हास्य, रति और अरति में क्रीड़ा[2] कर बाल लीला को दिखलाता है, कभी तू भय, शोक, दुगंछा, कृष्ण लेश्या, नील लेश्या तथा कापोत लेश्या का पीछा कर बीभत्स रस की आकृति को धारण करता है, कभी तू ऋद्धि-गारव, सातागारव, मायाशल्य, नियाणा शल्य तथा मिथ्या दर्शन-शल्य में प्रवृत्त होकर माया राक्षसी की उपासना करता है, अरे आत्मा! तू महादुष्ट और दुराचारी[3] है, अरे नीच! तू अनन्तानुबन्धी की चौकड़ी में अनादि काल से फँस रहा है, तुझे प्रथम गुणस्थान को भी नहीं बदला है, तेरे अन्दर तृष्णा की तरंगें उछल रही हैं, तू जो कुछ सत्क्रिया[4] भी करता है वह शून्य मन से लोक दिखाने के लिये करता है, धैर्य युक्त[5] मन से न करने के कारण वह तेरी सत्क्रिया भी व्यर्थ ही है, अरे पापी! तू पौद्गलिक[6] क्षणभंगुर[7] सुख के लिये कितने कुकर्मों को करता है, यह मेरे पास पारस पत्थर है, यह मेरे पास रस-कूपिका है, ये मेरे नव निधान हैं तथा ये मेरे सोने के पलँग हैं, ये मेरे रहने के अति उच्च[8] प्रासाद[9] हैं, ये मेरे उद्यान[10] हैं तथा ये मेरे यहाँ हस्त्यादि[11] पशु समुदाय हैं, इस प्रकार मोह माया में फँस कर तू मदान्ध[12] हो रहा है, अरे पापी! तू अनेक यंत्र, मंत्र, तंत्र कर दूसरों का प्रवञ्चन[13] कर द्रव्य का उपार्जन कर पौद्गलिक सुख का भोग करता है, अरे मूर्ख! जब दशवें गुणस्थान तक लोभ का परिहार[14] नहीं है तो तुझे निर्लोभ कैसे कह सकते हैं, तुझ बेचारे की क्या गिनती है, अरे अधम! तू मन में यह विचार करता है कि यह मेरा घर बार है, ये मेरे पिता, माता, पुत्र, कलत्र[15] और सम्बन्धी हैं, यह तेरी परम[16] मूर्खता[17] है, क्योंकि तू अनंत बार ऐसे ही घर कर चुका है,

---

१—विमुख। २—खेल। ३—दुष्ट व्यवहार करने वाला। ४—अच्छा कार्य। ५—धीरज के सहित। ६—पुद्गलों के। ७—क्षण में नष्ट होने वाले। ८—बहुत ऊँचे। ९—महल। १०—बाग। ११—हाथी आदि। १२—मद से अन्धा। १३—ठगाई। १४—त्याग। १५—स्त्री। १६—बड़ी। १७—बेहूदी।

स्थिर कर अन्तरात्मा में आत्म लाभ के लिये जो प्रभु का ध्यान लगाया जाता है उसे सामायिक कहते है, अथवा समाधिपूर्वक आत्म ज्ञान के लिये जो प्रवृत्ति है उसको सामायिक कहते हैं, इस (सामायिक) के चार भेद हैं—सम्यक्त्व सामायिक, सूत्र सामायिक, देश विरति सामायिक और सर्व विरति सामायिक, इनमें से सम्यक्त्व सामायिक उसको होता है कि जिसने सातों प्रकृतियों का क्षय अथवा क्षयोपशम किया है, सूत्र का विचार करना, पढ़ना, पढ़ाना अथवा तत्सम्बन्धी चर्चा करना, तथा निरन्तर ज्ञान के लिये उद्यम करना, इसका नाम सूत्र सामायिक है, ग्यारह प्रकृतियों का क्षयोपशम होने से देश विरति सामायिक होता है तथा सर्वविरति सामायिक साधु का होता है इसमें पन्द्रह प्रकृतियों[1] का क्षयोपशम होता है।

स्मरण रहे कि सामायिक प्रवृत्ति में मनुष्य को दुर्वासनाओं[2] की निवृत्ति और शुभ वासनाओं के प्रादुर्भाव[3] के लिये आत्मनिन्दन[4] अवश्य करना चाहिये, क्योंकि आत्मनिन्दन से शुभ संस्कार का प्रादुर्भाव होने से भविष्यत् में पाप-कार्य में प्रवृत्ति नहीं होती है, आत्मनिन्दन समय में मनुष्य को अपने मन में यह विचार करना चाहिये कि—हे आत्मा, तू अनादि काल से कुगुरु, कुदेव और कुधर्म में प्रवृत्त रह चुका है, रस लालसा[5] आदि विषयों के कारण तेरी दृष्टि मलीन हो रही है, कभी तू सम्यक्त्व-मोहनी की ओर दृष्टि डालता है, है, कभी मिश्र मोहनी की ओर मुड़ता है, कभी तू काम-राग, स्नेह-राग और दृष्टि-राग में अनुराग करता है, कभी ज्ञानविराधना, दर्शन विराधना और चारित्र विराधना में प्रवृत्त हो द्वेष का अनुसरण[6] करता है, कभी तू मनोदण्ड, वाग्दण्ड और कायदण्ड में प्रवृत्त होकर अहिंसा व्रत से

१—चारित्र मोहनीय की १२ प्रकृतियों का तथा दर्शन मोहनीय की ३ प्रकृतियों का, इस प्रकार १५ प्रकृतियों का। २—खराब इच्छाओं। ३—उत्पत्ति ४—आत्मा की निन्दा। ५—रसों की प्राप्ति की इच्छा। ६—अनुगमन।

कभी पूरा नहीं होगा, अरे जीव! तू अभिमान[१] में मर कर मैं मैं करता है, क्या तू नहीं जानता है कि किसी समय विष्ठा के अन्दर कीट रूप तू ही था? अब तू मान रूपी गज[२] पर सवार होकर मैं मैं करता है, देख! ब्राह्मी सुन्दरी बाई के समझाने पर सजल जैसे मानी का भी मान नेंक देर में ही इस प्रकार उतर गया था जैसे धोने से शरीर का मैल उतर जाता है, उसकी अपेक्षा तेरी क्या गिनती है? तू खूब समझ ले कि यदि तू इस मान का त्याग न करेगा तो तेरी बुरी दशा होगी, अरे जीव! भरत महाराज की ऋद्धि का तो विचार कर कि उनकी ऋद्धि कैसी थी और उनका सौभाग्य कैसा था, देख! उनके यहाँ चौदह रत्नों का निधान[३] था, बत्तीस हजार देश थे, बत्तीस हजार मुकुटबन्ध राजा उनके आधीन थे, उनके अन्तःपुर[४] में चौंसठ हजार रानियां थीं, एक एक किले में दो दो वाराङ्गनायें[५] निवास करती थीं, रानियों के महल अनुपम[६] छवि[७] से प्रकाशमान थे, उनके छ्यानवे करोड़ ग्राम थे, बीस हजार सोने और रूपे की खानें थीं, चौरासी लाख गज[८], अश्व[९] और रथ थे, छ्यानवे करोड़ पदाति[१०] थे, तीन लाख आयुधशालायें[११] थीं, चौरासी लाख कोटपाल[१२] थे, चौरासी लाख निशान थे, दस करोड़ ध्वजा और पताकायें थीं, पाँच लाख मनुष्य दीपक जलाने वाले थे, सेना के निवास के लिये छत्तीस हजार घर थे, उनके तीन करोड़ सेठ थे, उनके यहाँ तीन लाख बाजे प्रतिदिन बजते थे, चौदह हजार मेले लगते थे, तीन सौ साठ रसोईदार थे, तीन लाख वैद्य थे, उनका लश्कर अड़तालीस कोश में समाता था, चार करोड़ मन अन्न प्रतिदिन लगता था, दस लाख मन नमक लगता था, उनकी ऋद्धि[१३] का कहाँ तक वर्णन किया जावे, यदि ऋद्धि का अच्छे प्रकार से वर्णन

१—घमण्ड। २—हाथी। ३—खजाना। ४—रनिवास। ५—वेश्यायें। ६—अनोखी। ७—शोभा। ८—हाथी। ९—घोड़े। १०—पैदल। ११—हथियारों के घर। १२—कोतवाल। १३—सम्पत्ति।

अनतवार अनेक जनों के साथ में नाता जोड़ चुका है, अरे मूर्ख! तू अपनी उत्पत्ति की तरफ तो ध्यान दे, तूने कैसे २ दुःख भोगे हैं, नरक में भी अनतवार भटक चुका है, वहाँ यमराज की मार भी खा चुका है, दश प्रकार की क्षेत्र वेदना¹ को सह चुका है, अनेक घोर कष्टों का सहन कर चुका है, तू सागरों तक पड़ा २ पुकारता रहा तो भी तेरा उद्देश्य² पूरा नहीं हुआ, अरे! तू चार स्थावरों में भी असख्यात काल तक भटकता रहा है, वनस्पति काय में भी अनन्त काल तक भटक चुका है, तू अनत जन्म मरणों को कर चुका है, तू एक श्वासोच्छ्वास में साढे सत्रह भवों को कर चुका है, दो घड़ी में तू पैंसठ हजार पाँच सौ छत्तीस (६५५३६) जन्म मरण कर चुका है, अरे मूर्ख! क्या तुझे यह मालूम नहीं है कि जब तेरा कुछ पुण्य का अकुर प्रकट हुआ था तब तू द्वीन्द्रिय³ होकर उसकी दो लाख जातियों में घूमता रहा और मलमूत्र में कीडारूप में जन्म लेकर अपने किये का फल भोगता रहा है, क्या तुझे वह दिन भूल गया है? अरे निर्लज्ज⁴ जीव! अब तो तू कुछ होश सभाल, अधिक पुण्य बढ़ने पर तू द्वीन्द्रिय से त्रीन्द्रिय⁵ हुआ था, त्रीन्द्रिय से चतुरिन्द्रिय⁶ हुआ, चतुरिन्द्रिय से पञ्चेन्द्रिय⁷ हुआ, अब तूने पुण्यवशात्⁸ मनुष्य जन्म प्राप्त किया है, इस मनुष्य जन्म में भी आर्य क्षेत्र, उत्तम कुल, पूर्ण आयु, पाँच इन्द्रियाँ तथा नैरोग्य शरीर, इत्यादि सर्व सामग्री तुझे प्राप्त हुई हैं, अब तो तू पौद्गलिक⁹ सुख की लुब्धता¹⁰ को छोड़ कर अपने कल्याण के लिये उद्यम कर, अरे जीव! जैसे कोई पुरुष कौए को उड़ाने के लिये हाथ में आये हुए चिन्तामणि रत्न को फेंक देता है इस प्रकार तू मनुष्य जन्म में प्राप्त हुए चिन्तामणि रत्न रूप धर्म को विषय भोग रूपी कौए को उड़ाने के लिये मत फेंक, नहीं तो तेरा उद्देश्य¹¹

१—क्षेत्र की तकलीफ। २—गरज, मतलब। ३—दो इन्द्रियों वाला। ४—बेशर्म। ५—तीन इन्द्रियों वाला। ६—चार इन्द्रियों वाला। ७—पाँच इन्द्रियों वाला। ८—पुण्य के कारण। ९—पुद्गलों के। १०—लोभ। ११—गरज, मतलब।

अनंतवार अनेक जनो के साथ में नाता जोड़ चुका है, अरे मूर्ख! तू अपनी उत्पत्ति की तरफ तो ध्यान दे, तूने कैसे २ दुःख भोगे हैं, तू नरक मे भी अनंतवार भटक चुका है, वहाँ यमराज की मार भी खा चुका है, दश प्रकार की क्षेत्र वेदना[1] को सह चुका है, अनेक घोर कष्टों का सहन कर चुका है, तू सागरों तक पड़ा २ पुकारता रहा तो भी तेरा उद्देश्य[2] पूरा नहीं हुआ, अरे! तू चार स्थावरों में भी असंख्यात काल तक भटकता रहा है, वनस्पति काय में भी अनन्त काल तक भटक चुका है, तू अनंत जन्म मरणों को कर चुका है, तू एक श्वासोच्छ्वास में साढ़े सत्रह भवों को कर चुका है, दो घड़ी मे तू पैंसठ हजार पाँच सौ छत्तीस (६५५३६) जन्म मरण कर चुका है, अरे मूर्ख! क्या तुझे यह मालूम नहीं है कि जब तेरा कुछ पुण्य का अङ्कुर प्रकट हुआ था तब तू द्वीन्द्रिय[3] होकर उसकी दो लाख जातियों में घूमता रहा और मलमूत्र मे कीड़ारूप में जन्म लेकर अपने किये का फल भोगता रहा है, क्या तुझे वह दिन भूल गया है? अरे निर्लज्ज[4] जीव! अब तो तू कुछ होश संभाल, अधिक पुण्य बढ़ने पर तू द्वीन्द्रिय से त्रीन्द्रिय[5] हुआ था, त्रीन्द्रिय से चतुरिन्द्रिय[6] हुआ, चतुरिन्द्रिय से पञ्चेन्द्रिय[7] हुआ, अब तूने पुण्यवशात्[8] मनुष्य जन्म प्राप्त किया है, इस मनुष्य जन्म में भी आर्य क्षेत्र, उत्तम कुल, पूर्ण आयु, पाँच इन्द्रियाँ तथा नैरोग्य शरीर, इत्यादि सर्व सामग्री तुझे प्राप्त हुई हैं, अब तो तू पौद्गलिक[9] सुख की लुब्धता[10] को छोड़ कर अपने कल्याण के लिये उद्यम कर, अरे जीव! जैसे कोई पुरुष कौए को उड़ाने के लिये हाथ में आये हुए चिन्तामणि रत्न को फेंक देता है इस प्रकार तू मनुष्य जन्म में प्राप्त हुए चिन्तामणि रत्न रूप धर्म को विषय भोग रूपी कौए को उड़ाने के लिये मत फेंक, नहीं तो तेरा उद्देश्य[11]

१—क्षेत्र की तकलीफ। २—गरज, मतलब। ३—दो इन्द्रियों वाला। ४—बेशर्म। ५—तीन इन्द्रियों वाला। ६—चार इन्द्रियों वाला। ७—पाँच इन्द्रियों वाला। ८—पुण्य के कारण। ९—पुद्गलों के। १० लोभ। ११—गरज, मतलब।

कभी पूरा नहीं होगा, अरे जीव ! तू अभिमान[1] में भर कर मैं मैं करता है, क्या तू नहीं जानता है कि किसी समय विष्ठा के अन्दर कीट रूप तू ही था ? अब तू मान रूपी गज[2] पर सवार होकर मैं मैं करता है, देख ! ब्राह्मी सुन्दरी बाई के समझाने पर सजल जैसे मानी का भी मान नेक देर में ही इस प्रकार उतर गया था जैसे धोने से शरीर का मैल उतर जाता है, उसकी अपेक्षा तेरी क्या गिनती है ? तू खूब समझ ले कि यदि तू इस मान का त्याग न करेगा तो तेरी बुरी दशा होगी, अरे जीव ! भरत महाराज की ऋद्धि का तो विचार कर कि उनकी ऋद्धि कैसी थी और उनका सौभाग्य कैसा था, देख ! उनके यहाँ चौदह रत्नों का निधान[3] था, बत्तीस हजार देश थे, बत्तीस हजार मुकुटबन्ध राजा उनके आधीन थे, उनके अंत पुर[4] में चौंसठ हजार रानियां थीं, एक एक जिले में दो दो वाराङ्गनायें[5] निवास करती थीं, रानियों के महल अनुपम[6] छवि[7] से प्रकाशमान थे, उनके छयानवे करोड़ ग्राम थे, बीस हजार सोने और रूपे की खानें थीं, चौरासी लाख गज[8], अश्व[9] और रथ थे, छयानवे करोड़ पदाति[10] थे, तीन लाख आयुधशालायें[11] थीं, चौरासी लाख कोटपाल[12] थे, चौरासी लाख निशान थे, दस करोड़ ध्वजा और पताकायें थीं, पाँच लाख मनुष्य दीपक जलाने वाले थे, सेना के निवास के लिये छत्तीस हजार घर थे, उनके तीन करोड़ सेठ थे, उनके यहाँ तीन लाख बाजे प्रतिदिन बजते थे, चौदह हजार गोते लगते थे, तीन सौ साठ रसोईदार थे, तीन लाख वैद्य थे, उनका लश्कर अड़तालीस कोश में समाता था, चार करोड़ मन अन्न प्रतिदिन लगता था, दस लाख मन नमक लगता था, उनकी ऋद्धि[13] का कहाँ तक वर्णन किया जावे, यदि ऋद्धि का अच्छे प्रकार से वर्णन

१—घमण्ड । २—हाथी । ३—खजाना । ४—रनिवास । ५—वेश्यायें । ६—अनोखी । ७—शोभा । ८—हाथी । ९—घोड़े । १० पैदल । ११—हथियारों के घर । १२—कोतवाल । १३—सम्पत्ति ।

किया जावे तो एक बड़ा सा ग्रन्थ बन जावे, यहाँ पर तो चेतावनी देने के लिये थोड़ा सा कथन किया है, एक दिन जब भरत महाराज स्नानगृह में नहाने के लिये गये तब उन्होंने वहाँ इस प्रकार अनित्य भावना को भाया कि माता, पिता, भ्राता, स्त्री, पुत्र, स्वजन और परिवार आदि यह सब मेले के समान हैं, अहा ! इस संसार का स्वरूप ऐसा है जैसे कि बिजली की चमक होती है, सन्ध्या[१] का रंग होता है, जैसे कुञ्जर[२] के कान होते हैं तथा जैसे दर्भ[३] की अनी[४] पर जल का विन्दु होता है अर्थात् इन सबकी चंचलता[५] के समान संसार की भी चंचलता है, इस संसार का स्वभाव अत्यन्त ही अस्थिर है, इसलिये धिक्कार है मेरे विषय सुखों को, जोकि थोड़े ही समय में इस संसार में पानी के बुलबुले के समान बिलीन[६] हो जावेंगे, संसार में परम धन्य वे ही महानुभाव हैं जो कि श्रीतीर्थङ्कर महाराज के कहे हुए देश विरति और सर्वविरति धर्म का पालन करते हैं, दान देते हैं, शील का पालन करते हैं, तपस्या को करते हैं तथा सद्भावना को भाते हैं, इस प्रकार भावना को भाते ही भरत महाराज ने केवल ज्ञान और केवल दर्शन को प्राप्त किया। अरे जीव ! इस कथन का तात्पर्य यह है कि तू तो भरत महाराज के आगे तिलतुष[७] के समान भी नहीं है, फिर तू किस बात का मान करता है ? देख ! उस समय में तो त्रेसठ शलाका पुरुष थे, चरम शरीरी थे, चौथे आरे के जीव थे, तू तो इस पञ्चम काल में इस भरतक्षेत्र में कीटवत्[८] है, तेरी गिनती ही क्या है ? अरे जीव ! यह कर्म रूपी शत्रु अति बलवान् है, इसका विश्वास मत कर, सदा इससे बचा रह, यह तो चौदह पूर्वधारियों को भी उठाकर पटक देता है, यह अपनी शक्ति से ग्यारहवें गुण स्थान तक के जीव का अधःपतन[९] करता है फिर तेरी तो गिनती ही क्या है ? जब तक यह मोह तेरे पीछे लगा है तब तक तू आठ कर्म और एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों को कभी नहीं जीत

१—शाम। २— [illegible] ४—नोक। ५—अस्थिरता।
६—नष्ट। ७—तिलका [illegible] । ९—नीचे गिरना।

कता है। अरे जीव ! तू सदा जिनप्रणीत[1] आगम का मनन किया कर, सन्तोष गुण का ग्रहण कर तथा शमता[2] रूपी जल से तृष्णा के दाह को शान्त करदे, ऐसा करने से ही तेरा उद्देश्य सफल होगा, देख, अपने मन में इस बात का विचार कर कि उन साधु और मुनिराजों को धन्य है जो कि पाँच समितियों तथा तीन गुप्तियों का त्रियोग से[3] पालन करते हैं, षट्काय जीवों की रक्षा करते हैं, सात भयों का निवारण करते हैं, आठ मदों का तिरस्कार करते हैं, नौ प्रकार के ब्रह्मचर्य का यथार्थ[4] रीति से पालन करते हैं, दश प्रकार के यतिधर्म[5] का उद्योत[6] करते हैं, ग्यारह अंगों का अध्ययन[7] करते हैं, बारह बारह उपाङ्गों का मनन करते हैं तथा अपने सर्व सुखों का परित्याग कर यथार्थ विधि से चारित्र का पालन करते हैं, धन्य है उन मुनिराजों को जो कि प्रभु की कही हुई क्रिया का पालन करते हैं, तथा धन्य है उन श्रावकों को जो कि देश विरति हैं तथा जो प्रभु की आज्ञा के अनुसार धर्म का पालन करते हैं। प्रात काल उठ कर सामायिक को करते हैं, प्रतिक्रमण करते हैं, देव और गुरु का दर्शन करते हैं, प्रभु कथित द्वादशाङ्गी के वचनों का श्रवण करते हैं, गुरु की भक्ति करते हैं, देव और गुरु को वन्दना करते हैं, दान, शील और तप का सेवन करते हैं, पर्व तिथि में पोसा तथा देवसी प्रतिक्रमण करते हैं, तथा सर्वदा प्रभु की आज्ञा के अनुसार चलते हैं, मुझे भी इन शुभ कार्यों के करने का कब सुअवसर[8] प्राप्त होगा, ऐसा मन में विचार करने से तेरा भी शुभ परिणाम होगा, अरे आत्मा ! तूने अनेक निकृष्ट[9] काम किये हैं इसलिये तेरा बुरा हाल होगा, तेरे खोटे परिणामों को देखकर यही कहना पड़ता है कि तेरी खोटी गति होगी, अरे जीव ! तू शुद्ध मन से सामायिक को किया कर, उसमें निन्दा, विकथा और मद का परिहार[10] किया कर, अरे जीव ! तू

१—जिन कथित। २—शान्ति। ३—मनोयोग, वाग्योग तथा काय योग से। ४—ठीक। ५—साधुधर्म। ६—प्रकाश। ७—पठन। ८—अच्छा मौका। ९—खराब। १०—त्याग।

किया जावे तो एक बड़ा सा ग्रन्थ बन जावे, यहाँ पर तो चेतावनी देने के लिये थोड़ा सा कथन किया है, एक दिन जब भरत महाराज स्नानगृह में नहाने के लिये गये तब उन्होंने वहाँ इस प्रकार अनित्य भावना को भाया कि माता, पिता, भ्राता, स्त्री, पुत्र, स्वजन और परिवार आदि यह सब मेले के समान हैं, अहा! इस संसार का स्वरूप ऐसा है जैसे कि बिजली की चमक होती है, सन्ध्या[1] का रंग होता है, जैसे कुञ्जर[2] के कान होते हैं तथा जैसे दर्भ[3] की अनी[4] पर जल का बिन्दु होता है अर्थात् इन सबकी चंचलता[5] के समान संसार की भी चंचलता है, इस संसार का स्वभाव अत्यन्त ही अस्थिर है, इसलिये धिक्कार है मेरे विषय सुखों को, जोकि थोड़े ही समय में इस संसार में पानी के बुलबुले के समान विलीन[6] हो जावेंगे, संसार में परम धन्य वे ही महानुभाव हैं जो कि श्रीतीर्थङ्कर महाराज के कहे हुए देश विरति और सर्वविरति धर्म का पालन करते हैं, दान देते हैं, शील का पालन करते हैं, तपस्या को करते हैं तथा सद्भावना को भाते हैं, इस प्रकार भावना को भाते ही भरत महाराज ने केवल ज्ञान और केवल दर्शन को प्राप्त किया। अरे जीव! इस कथन का तात्पर्य यह है कि तू तो भरत महाराज के आगे तिलतुष[7] के समान भी नहीं है, फिर तू किस बात का मान करता है? देख। उस समय में तो त्रेसठ शलाका पुरुष थे, चरम शरीरी थे, चौथे आरे के जीव थे, तू तो इस पञ्चम आरा में इस भरतक्षेत्र में कीटवत्[8] है, तेरी गिनती ही क्या है? अरे जीव! यह कर्म रूपी शत्रु अति बलवान् है, इसका विश्वास मत कर, सदा इससे बचा रह, यह तो चौदह पूर्वधारियों को भी उठाकर पटक देता है, यह अपनी शक्ति से ग्यारहवें गुण स्थान तक के जीव का अधःपतन[9] करता है फिर तेरी तो गिनती ही क्या है? जब तक यह मोह तेरे पीछे लगा है तब तक तू आठ कर्म और एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों को कभी नहीं जीत

१—सायं। २—हाथी। ३ डाभ। ४—नोक। ५—अस्थिरता। ६—नष्ट। ७—तिल का छिलका। ८—कीड़े के समान। ९—नीचे गिराना।

रता है। अरे जीव ! तू सदा जिनप्रणीत[1] आगम का मनन किया कर, न्तोष गुण का ग्रहण कर तथा शमता[2] रूपी जलसे तृष्णा के दाह को ान्त करदे, ऐसा करने से ही तेरा उद्देश्य सफल होगा, देख, अपने न में इस बात का विचार कर कि उन साधु और मुनिराजों को न्य है जो कि पाँच समितियों तथा तीन गुप्तियों का त्रियोग से[3] ालन करते हैं, षट्काय जीवों की रक्षा करते हैं, सात भयों का निवारण रते हैं, आठ मदों का तिरस्कार करते हैं, नौ प्रकार के ब्रह्मचर्य का थार्थ[4] रीति से पालन करते हैं, दश प्रकार के यतिधर्म[5] का उद्योत[6] रते हैं, ग्यारह अंगों का अध्ययन[7] करते हैं, बारह बारह उपाङ्गों का ालन करते हैं तथा अपने सर्व सुखों का परित्याग कर यथार्थ विधि से चारित्र का पालन करते हैं, धन्य है उन मुनिराजों को जो कि प्रभु की कही हुई क्रिया का पालन करते हैं, तथा धन्य है उन श्रावकों को जो कि देश विरति हैं तथा जो प्रभु की आज्ञा के अनुसार धर्म का पालन करते हैं। प्रात:काल उठ कर सामायिक को करते हैं, प्रतिक्रमण करते हैं, देव और गुरु का दर्शन करते हैं, प्रभु कथित द्वादशाङ्गी के वचनों का श्रवण करते हैं, गुरु की भक्ति करते हैं, देव और गुरु को वन्दना करते हैं, दान, शील और तप का सेवन करते हैं, पर्व तिथि में पोसा तथा देवसी प्रतिक्रमण करते हैं, तथा सर्वदा प्रभु की आज्ञा के अनुसार चलते हैं, मुझे भी इन शुभ कार्यों के करने का कब सुअवसर[8] प्राप्त होगा, ऐसा मन में विचार करने से तेरा भी शुभ परिणाम होगा, अरे आत्मा ! तूने अनेक निकृष्ट[9] काम किये हैं इसलिये तेरा बुरा हाल होगा, तेरे खोटे परिणामों को देखकर यही कहना पड़ता है कि तेरी खोटी गति होगी, अरे जीव ! तू शुद्ध मन से सामायिक को किया कर, उसमें निन्दा, विकथा और मद का परिहार[10] किया कर, अरे जीव ! तू

१—जिन कथित। २—शान्ति। ३—मनोयोग, वाग्योग तथा काय योग से। ४—ठीक। ५—साधुधर्म। ६—प्रकाश। ७—पठन। ८—अच्छा मौका। ९—खराब। १०—त्याग।

शास्त्र का पठन, गुणन, और वाँचना किया कर कि जिससे तू भव सागर से पार उतरे, यदि तू स्वाध्याय मे प्रवृत्त[1] रहेगा तो ... का बहुमान करने से तुझे तत्त्वज्ञान होगा, यदि तू स्वाध्याय मे प्रवृत्ति[2] नहीं करेगा तो तू समझ ले कि मेरे ज्ञान के ऊपर ज्ञानवरणीय का पड़दा पड़गया है, अरे जीव ! देख, जो श्रुतज्ञान का आराधन[3] करते हैं तथा श्रुतज्ञान का बहुमान करते हैं उनके ज्ञान, दर्शन और चारित्र निर्मल हो जाते हैं उन्हीं को ज्ञान की प्राप्ति होती है तथा उन्हीं को केवल ज्ञान और केवल दर्शन की प्राप्ति होती है तथा उन्हीं का मुक्तिरूपी रमणी[4] से पाणिग्रह[5] होता है, अरे जीव ! लुन लक्ष सुवर्ण खण्ड के दान करने से दाता को जो पुण्य होता है उतना ही पुण्य शुद्ध मन से सामायिक के करने से होता है, अरे जीव ! तू माया के भरोसे मत भूल, यह माया बडी ठगिनी है, यह ठग कर मनुष्य को अपने जाल मे ऐसा फँसाती है कि उससे निकलना कठिन हो जाता है, अरे जीव ! तू सामायिक मे प्रवृत्त होकर उत्तम भावनाओं को भाया कर कि जिससे तेरा कल्याण हो, क्योंकि कल्याणार्थी[6] जन सामायिक में उत्तम भावनाओं को ही भाया करते हैं, अरे देख ! आनन्द, कामदेव, शतपोखली तथा सेठ पूर्णदास, इत्यादि भद्रजन[7] किस प्रकार विशुद्ध भावना पूर्वक सामायिक में प्रवृत्त होते थे, अरे जीव ! तेरी तो यह सामायिक होती है कि तू सामायिक में बैठ कर घर के काम काज की चिन्ता करता है, परनिन्दा और विकथा को करता है, खिजता है, मन में, आर्त्त और रौद्र ध्यान करता है, इसलिये तेरा सामायिक निष्फल जाता है, अरे देख ! सामायिक उस मनुष्य का सफल होता है जो कि समता का परिणाम रखकर अपने और पराये को समान समझता है, जो कञ्चन[8] और पत्थर को समान गिनता है तथा

१—तत्पर। २—तत्परता। ३—सेवन। ४—स्त्री। ५—विवाह। ६—कल्याण चाहने वाला। ७—श्रेष्ठ। ८—सोना।

जो सत्य, मित[1] और हित वचन को बोलता है तात्पर्य यह है कि वही पुरुष यथार्थ रीति से सामायिक व्रत का पालन करता है, अरे जीव ! तू अपना भला चाहता है तथा दूसरे का बुरा चाहता है, यह तेरा व्यवहार सामायिक को विकृत[2] करता है, अरे जीव ! तू मृषावाद[3] का सर्वथा त्याग करदे, क्योंकि इससे बढ़कर आत्मसुख बाधक कोई कार्य नहीं है, अरे जीव ! तू अपने आत्मस्वरूप को तो देख, तेरा निज स्वरूप अजेय है, अस्पृश्य है, अघात्य है, अलक्षी है, अविनाशी है, अरे जीव ! तू अपने स्वरूप को ध्यान के साथ सँभाल तथा मन में इस बात को सोच कि तेरा शत्रु कौन है, तथा तेरा मित्र कौन है, अरे जीव ! कामादि समुदाय ही तेरा शत्रु है तथा केवल धर्म ही तेरा मित्र है, अरे जीव ! आठ कर्म ही तेरे शत्रु हैं तथा ज्ञान ही तेरा मित्र है, अरे जीव ! तू आठ कर्म रूप शत्रुओं को ज्ञान रूपी अग्नि के द्वारा शीघ्र ही भस्म कर दे, ऐसा करने से ही तेरा उद्देश्य[4] सफल होगा, अरे जीव ! तू इस बात का विचार कर कि मैं भव्य हूँ, अथवा अभव्य हूँ, अथवा दूरभव्य हूँ, अथवा बहुभवी हूँ, अरे मैं तो अपने को अभव्य ही दीखता हूँ, पीछे तो मेरे स्वरूप को ज्ञानी महाराज जानें, अरे जीव ! तुझ से दो घडी तक मन को एकाग्रकर सामायिक व्रत का भी पालन नहीं होता है, तू तो सामायिक में बैठ कर कभी खाज करता है, कभी कड़का निकालता है, कभी नखों से पृथिवी को करोदता है, कभी ऊंघ लेता है तथा कभी जभाई लेता है, अरे तेरे इस सामायिक से तुझे क्या लाभ होसकता है, अरे जीव ! तू विशुद्ध भाव से ज्ञानी महाराज से प्रार्थना कर कि जो वे कृपा करके तुझे सामायिक का पात्र[5] बना कर उसके करने की योग्यता प्रदान करें। इस प्रकार आत्म निन्दन करने से मनुष्य के हृदय में आत्मबल की जागृति[6] होती है, दुर्वासनाओं[7] का विनाश होता है, शुभ संस्कारों का

१—थोड़ा। २—विकारयुक्त। ३—मिथ्याभाषण। ४—गरज, मकसद। ५—योग्य। ६—जागरण। ७—खराब इच्छाओं।

शास्त्र का पठन, गुणन, और वाँचना किया कर कि जिससे तू भव-सागर से पार उतरे, यदि तू स्वाध्याय में प्रवृत्त[1] रहेगा तो श्रुतज्ञान का बहुमान करने से तुझे तत्त्वज्ञान होगा, यदि तू स्वाध्याय में प्रवृत्ति[2] नहीं करेगा तो तू समझ ले कि मेरे ज्ञान के ऊपर ज्ञानवरणीय कर्म का पड़दा पड़गया है, अरे जीव ! देख, जो श्रुतज्ञान का आराधन[3] करते हैं तथा श्रुतज्ञान का बहुमान करते हैं उनके ज्ञान, दर्शन और चारित्र निर्मल हो जाते हैं उन्हीं को ज्ञान की प्राप्ति होती है तथा उन्हीं को केवल ज्ञान और केवल दर्शन की प्राप्ति होती है तथा उन्हीं का मुक्तिरूपी रमणी[4] से पाणिग्रह[5] होता है, अरे जीव ! सुन लक्ष सुवर्ण खण्ड के दान करने से दाता को जो पुण्य होता है उतना ही पुण्य शुद्ध मन से सामायिक के करने से होता है, अरे जीव ! तू माया के भरोसे मत भूल, यह माया बड़ी ठगिनी है, यह ठग कर मनुष्य को अपने जाल में ऐसा फँसाती है कि उससे निकलना कठिन हो जाता है, अरे जीव ! तू सामायिक में प्रवृत्त होकर उत्तम भावनाओं को भाया कर कि जिससे तेरा कल्याण हो, क्योंकि कल्याणार्थी[6] जन सामायिक में उत्तम भावनाओं को ही भाया करते हैं, अरे देख ! आनन्द, कामदेव, शंखपोखली तथा सेठ पूर्णदास, इत्यादि भद्रजन[7] किस प्रकार विशुद्ध भावना पूर्वक सामायिक में प्रवृत्त होते थे, अरे जीव ! तेरी तो यह सामायिक होती है कि तू सामायिक में बैठ कर घर के काम काज की चिन्ता करता है, परनिन्दा और विकथा को करता है, खिजता है, मन में, आर्त और रौद्र ध्यान करता है, इसलिये तेरा सामायिक निष्फल जाता है, अरे देख ! सामायिक उस मनुष्य का सफल होता है जो कि समता का परिणाम रखकर अपने और पराये को समान समझता है, जो कञ्चन[8] और पत्थर को समान गिनता है तथा

१—तत्पर। २—तत्परता। ३—सेवन। ४—स्त्री। ५—विवाह
६—कल्याण चाहने वाला। ७—श्रेष्ठ। ८—सोना।

करता है अथवा वचन के द्वारा कहकर उसे माँगता है, वह तीर्थङ्कर की आज्ञा का निवारण करता है।

श्रीसूत्रकृताङ्ग के सातवें अध्ययन के तीसरे उद्देशक में कहा है कि जो आहार चाहे विशुद्ध भी हो परन्तु उसमें एक कण भी आधाकर्मी का मिलाया गया हो तो ऐसे आहार को जो साधु सहस्र घरों के अन्तर पर भी भोग करता है वह उभयपक्ष सेवी[1] कहा जाता है तथा उसको अनन्त जन्म मरणों की प्राप्ति होती है।

स्थानाङ्ग के तीसरे स्थानक में तथा भगवतीसूत्र के पहिले शतक के नवें उद्देशक में कहा है कि जो साधु को अशुद्ध आहार पानी देता है वह अपूर्ण (अधूरी) आयु को बाँधता है।

दशवैकालिक के छठे अध्ययन में तथा प्रश्न व्याकरण के दशवें अध्ययन में छठे प्रश्न में कहा है कि साधु को बासे आहार तथा बासी तैलादि औषधि को नहीं रखना चाहिये, जो बासे आहार तथा बासी औषधि को रखता है वह संयम से भ्रष्ट होता है।

भगवतीसूत्र में कहा है कि—साधु होकर जो आहार का भोग करता हुआ उसका बखान[2] करता है तो मानों चारित्र को जलाने के लिये वह अंगार के समान आहार को करता है तथा उसकी बुराई करता है तो मानों धुआँ के समान आहार करता है।

आचाराङ्ग में कहा है कि साधु होकर गृहस्थ के साथ में आहार के लिये न जावे।

निशीथसूत्र में कहा है कि साधु गृहस्थ को साथ में लेकर स्वयं विहार न करे, न करावे और न उसका अनुमोदन करे, यदि ऐसा करे तो उसको एक मास का प्रायश्चित्त लगता है।

१—दोनों पक्षों का सेवन करने वाला। २—प्रशंसा करता है।

प्रादुर्भाव[1] होता है, अन्तःकरण की वृत्तियां निर्मल होती हैं, ज्ञानप्राप्ति के लिये वासना जागृत होती है, कर्त्तव्यपालन की ओर मन दौड़ता है, हृदय मे धर्म प्राप्ति की जागृति होती है तथा विवेक कलिका[2] के विकाश[3] से बुद्धि निर्मल होती है, किसी महात्मा ने ठीक कहा है कि:—

> त्यागि मान जो नर करत, आतम निन्दा धीर।
> बुद्धि तासु[4] निर्मल हुवे, शान्त होत ज्यों नीर॥१॥
> सत्य भाव से करहु तुम, आतम निन्द प्रवीन[5]।
> उदित ज्ञान यासें तुरत, होत कर्म रिपु छीन॥२॥
> ज्ञान उदय पुनि होत है, विरती को सदभास।
> जासों पावत जीव यह, अनुपम मुक्ति विलास॥३॥

२—साधु का आचार

साधु के आचार का विस्तार पूर्वक वर्णन भूरसुन्दरी विवेक विलास में किया जा चुका है, यहाँ पर कतिपय सूत्र प्रमाणों के द्वारा अति संक्षेप से उसका कथन किया जाता है:—

श्रीभगवतीसूत्र में कहा है कि जो साधु आधाकर्मी आहार का भोग करता है उससे षट्काय की दया नहीं हो सकती है, ऐसा साधु चार गति और चौबीस दण्डकरूप संसार में दीर्घ काल[6] तक भ्रमण करेगा।

उक्त सूत्र के पाँचवें शतक के छठे उद्देशक में कहा है कि—जो साधु होकर आधा कर्मी आहार के ऊपर मन चलाता है उसका चिन्तन

१—उत्पत्ति। २—ज्ञान की कली। ३—खिलाव। ४—उसकी। ५—चतुर। ६—बहुत समय।

दशवैकालिक तथा उत्तराध्ययन में कहा है कि साधु को पात्र नहीं रँगना चाहिये कोरनी नहीं करनी चाहिये, यदि वह ऐसा करेगा तो उसे चौमासी प्रायश्चित्त लगेगा। साधु को आधाकर्मी ओघा और पात्र का सेवन भी नहीं करना चाहिये, यदि वह ऐसा करेगा तो तीर्थङ्कर की आज्ञा का लोपक गिना जावेगा। साधु को फस्त नहीं खुलवानी चाहिये, सिंगड़ी नहीं लगवानी चाहिये, लोहू नहीं निकलवाना चाहिये और न गृहस्थ से ये काम करवाने चाहियें, यदि वह ऐसा करेगा तो चौमासी प्रायश्चित्त का भागी होगा, हाँ साधु का कार्य साधु कर देवे तो कोई हर्ज की बात नहीं है, यदि साधु के कांटा लग जावे तो उसे गृहस्थ से नहीं निकलवाना चाहिये, नहरनी से नखों को नहीं कटवाना चाहिये, यदि साधु ऐसा करेगा तो भगवान् की आज्ञा से बाहर होगा, साधु को मैल नहीं उतारना चाहिये तथा पसीने को वस्त्रादि से नहीं पोछना चाहिये, यदि साधु ऐसा करेगा तो मासिक प्रायश्चित्त का भागी होगा, साधु को हाथ, पैर, कान, आँख, और दाँत आदि अंगों को अथवा शरीर को एक बार अथवा अनेक बार नहीं धोना चाहिये, यदि वह ऐसा करेगा तो मासिक प्रायश्चित्त का भागी होगा। रोगी, वृद्ध और तपस्वी साधु को छोड़कर हृष्ट पुष्ट साधु को गृहस्थ के घर नहीं बैठना चाहिये, यदि वह ऐसा करेगा तो कुशील[1] कहलावेगा।

दशवैकालिक अध्ययन में कहा है कि साधु को शोभा के लिये सुगंधित तैल आदि को नहीं लगाना चाहिये, यदि वह ऐसा करेगा तो चौमासी प्रायश्चित्त का भागी होगा। साधु को पार्श्वस्थादि की प्रशंसा[2] नहीं करनी चाहिये यदि वह ऐसा करेगा तो प्रायश्चित्त का भागी होगा, कुशील साधु को चातुर्वर्ण संघ में उपदेश नहीं करना चाहिये क्योंकि उसका उपदेश करना गधे के रेंकने के समान है, यदि साधु तप के विषय में चोरी करेगा तो तपचोर[3] होगा, वचन की

१—कुत्सित शीलवाला। २—तारीफ। ३—तप का चोर।

उत्तराध्ययन में कहा है कि जो साधु सूर्य का उदय होते समय अथवा अस्त होते समय आहार पानी करता है वह पापी श्रमण[1] कहलाता है।

उत्तराध्ययन के सत्रहवें अध्ययन में कहा है कि यदि उपभोग करने से आहार पानी बच जावे तो साधु उसे न रक्खे, यदि वह उसे रक्खेगा तो प्रायश्चित्त का भागी होगा, तथा साधु व साध्वी नित्यप्रति दूध, दही और घृत आदि का भोग करेगा तो पाप का भागी होगा।

आचाराङ्ग में कहा है कि—साधु होकर आधाकर्मी स्थानक का भोग न करे, यदि वह उसका भोग करेगा तो संसार में भ्रमण करेगा।

आचाराङ्ग आदि सूत्रों में कहा है कि—जो मकान साधु के निमित्त[2] लिपाया चुपाया गया हो या उसपर छप्पर बधाया गया हो, या जो मकान साधु के निमित्त बनवाया गया हो अथवा उस की मरम्मत कराई गई हो उसमें साधु को नहीं रहना चाहिये, यदि वह उसमें रहेगा तो उसे चौमासी प्रायश्चित्त होगा, साधु के लिये जितने उपकरण[3] रखने के लिये भगवान् ने कहा है यदि साधु उनसे अधिक उपकरणों को रक्खेगा तो उसे चौमासी प्रायश्चित्त लगेगा, तथा साधु को शोभा के निमित्त कपड़े को धोना तथा रंगना नहीं चाहिये यदि वह ऐसा करेगा तो संयम भ्रष्ट होगा।

आचाराङ्ग सूत्र में कहा है कि जिस वस्त्र में बराबर की रेखा चमकती हो, अथवा जो वस्त्र अधिक मूल्य[4] का हो उस वस्त्र का भोग साधु न करे, यदि वह उसका भोग करेगा तो संयम से भ्रष्ट[5] होगा।

निशीथ सूत्र में कहा है कि साधु को गृहस्थ से बोझ नहीं उठवाना चाहिये, यदि वह उससे बोझ का उठवावेगा तो प्रायश्चित्त का भागी होगा।

१—साधु। २—वास्ते। ३—पात्र आदि। ४—कीमत। ५—पतित।

दशवैकालिक तथा उत्तराध्ययन में कहा है कि साधु को पात्र नहीं रँगना चाहिये कोरनी नहीं करनी चाहिये, यदि वह ऐसा करेगा तो उसे चौरासी प्रायश्चित्त लगेगा। साधु को आधाकर्मी ओघा और पात्र का सेवन भी नहीं करना चाहिये, यदि वह ऐसा करेगा तो तीर्थङ्कर की आज्ञा का लोपक गिना जावेगा। साधु को फस्त नहीं खुलवानी चाहिये, सिंगडी नहीं लगवानी चाहिये, लाहू नहीं निकलवाना चाहिये और न गृहस्थ से ये काम करवाने चाहियें, यदि वह ऐसा करेगा तो चौमासी प्रायश्चित्त का भागी होगा, हाँ साधु का कार्य साधु कर देवे तो कोई हर्ज की बात नहीं है, यदि साधु के काटा लग जावे तो उसे गृहस्थ से नहीं निकलवाना चाहिये, नहरनी से नखों को नहीं कटवाना चाहिये, यदि साधु ऐसा करेगा तो भगवान् की आज्ञा से बाहर होगा, साधु को मैल नहीं उतारना चाहिये तथा पसीने को वस्त्रादि से नहीं पोछना चाहिये, यदि साधु ऐसा करेगा तो मासिक प्रायश्चित्त का भागी होगा, साधु को हाथ, पैर, कान, आँख, और दाँत आदि अगों को अथवा शरीर को एक वार अथवा अनेक वार नहीं धोना चाहिये, यदि वह ऐसा करेगा तो मासिक प्रायश्चित्त का भागी होगा। रोगी, वृद्ध और तपस्वी साधु को छोड़कर हृष्ट पुष्ट साधु को गृहस्थ के घर नहीं बैठना चाहिये, यदि वह ऐसा करेगा तो कुशील[1] कहलावेगा।

दशवैकालिक अध्ययन मे कहा है कि साधु को शोभा के लिये सुगंधित तैल आदि को नहीं लगाना चाहिये, यदि वह ऐसा करेगा तो चौमासी प्रायश्चित्त का भागी होगा। साधु को पार्श्वस्थादि की प्रशसा[2] नहीं करनी चाहिये यदि वह ऐसा करेगा तो प्रायश्चित्त का भागी होगा, कुशील साधु को चातुर्वर्ण्य सघ में उपदेश नहीं करना चाहिय क्योंकि उसका उपदेश करना गधे के रेंकने के समान है, यदि साधु तप के विषय में चोरी करेगा तो तपश्चोर[3] होगा, वचन की

१—कुत्सित शीलवाला। २ —तारीफ। ३—तपका चोर।

चोरी करेगा तो वचन चोर होगा, यदि गुण रहित होकर गुणवान् साधु के रूप को धारण करेगा तो रूप का चोर होगा, तथा जो आचार हीन होकर अपने को आचारवान्[1] बतलावेगा तो वह आचार चोर होगा, इस प्रकार का चोर होकर भी जो साधु अपनी चोरी को गुप्त रक्खेगा उसे प्रकाशित नहीं करेगा तो वह आचार का चोर बनेगा, यदि साधु सूत्र के अर्थ की चोरी करेगा तो वह भाव चोर बनेगा तथा वह किलमेषी देवता में जावेगा और वहाँ से च्युत[2] होकर नरकगति व तिर्यग गति में जावेगा तथा उसे सम्यक्त्व की प्राप्ति नहीं होगी। वन्दना और स्तुति करने पर साधु को हर्ष[3] नहीं करना चाहिये, निन्दा को सुनकर शोक[4] नहीं करना चाहिये, अपने सत्कार और सम्मान की इच्छा मन में कभी नहीं रखनी चाहिये, चारों विकथाओं में से एक भी विकथा को नहीं करना चाहिये, द्रव्य निन्दा और भाव निन्दा को कभी नहीं करना चाहिये, साधु को सर्वदा निर्मम (ममता रहित) होना चाहिये तथा राग द्वेष का सर्वथा त्याग करना चाहिये क्योंकि ऐसे ही अनगार[5] मुक्ति के अधिकारी होते हैं।

जो साधु कुशील और आचार भ्रष्ट होता है वह सड़े कान वाली कुत्ती के समान होता है, जिस प्रकार सड़े कान वाली कुतिया जहाँ जाती है वहीं उसे दुत्कार ही मिलता है इसी प्रकार आचार भ्रष्ट[6] और दुराचारी[7] साधु जहाँ जाता है वहीं उसका अपमान[8] होता है, जिस प्रकार शूकर[9] का बच्चा अमृतकुण्ड को छोड़कर मल से आपूत[10] गढ़े में ही अपना मुंह डालता है कारण यह है कि उसका जातिस्वभाव ही ऐसा होता है इसी प्रकार दुराचारी साधु शुद्ध संयम का त्याग कर अत्याचार और दुराचार में प्रवृत्त होता है, जो साधु संयम को स्वीकार कर चित्त को एकाग्र कर अच्छे प्रकार से उसका पालन नहीं करता है

१—आचार वाला। २—गिरकर। ३—आनन्द। ४—रंज। ५—साधु। ६—आचार से पतित। ७—दुष्ट व्यवहार वाला। ८—अनादर। ९—सुअर। १०—भरे हुए।

अपने को पाँचों इन्द्रियों के विषयों से नहीं हटाता है, राग और द्वेष रूपी बन्धन को नहीं तोड़ता है उसे कायर साधु जानना चाहिये वह अपना कल्याण कभी नहीं कर सक्ता है, जो साधु पांच समितियों तथा तीन गुप्तियों में रमण[1] नहीं करता है उसे श्री महावीर स्वामी के धर्म से अनभिज्ञ[2] जानना चाहिये, चाहें उसे साधु नाम धारण किये बहुत वर्ष क्यों न होगये हों तथा बहुत समय तक लोचादि क्लेश का भी जिसने सहन क्यों न किया हो परन्तु जिसका महाव्रत स्थिर नहीं है वह अपने आत्मा को संसार से पार नहीं कर सक्ता है जिस प्रकार हाथ की पोली (खाली) मुट्ठी व्यर्थ होती है, इसी प्रकार ज्ञान दर्शन और चारित्र से रहित साधु का आत्मा असार[3] है जैसे कांच का टुकड़ा वैडूर्य मणि की तरह दीखता है परन्तु उसमें वैडूर्य मणि के गुण नहीं होते हैं इसी प्रकार दुराचारी साधु नामधारी पुरुष रजोहरण[4] और मुखवस्त्रिका[5] आदि संयमोपकरणों का धारण कर साधु जैसा मालूम होता है परन्तु असंयम का त्याग और संयम का ग्रहण न करने से वह वास्तवमें साधु नहीं है, ऐसा पुरुष अनन्त भवों तक संसार में ही भ्रमण करेगा, नरकादि की वेदना[6] से उसकी निवृत्ति नहीं होगी, जैसे कोई महामूर्ख मनुष्य कालकूट विषको पीकरके आत्मसुख की अभिलाषा[7] करे उसी प्रकार जो पुरुष असंयम को संयम समझता है तथा हिंसा में धर्म को मानता है, उस मूर्ख को द्रव्यलिंगी[8] साधु समझना चाहिये, उसे शान्तिसुख की प्राप्ति कदापि नहीं हो सकती है, बहुत से साधु नामधारी पुरुष ज्योतिष् निमित्त, स्वप्न, लक्षण, भूकम्पादि व्यवस्था, यन्त्र, मन्त्र, तन्त्र, वैद्यक व्यवहार (चूर्ण गोली इत्यादि) करते व कराते हैं, उन्हें भी आचारभ्रष्ट[9] ही जानना चाहिये,वे लोग अपनी अज्ञानता[10] से इस बात को नहीं सोचते हैं कि हमारे ये काम परलोक में हमारे लिये

१—विहार। २—अनजान। ३—निष्फल। ४—ओघा। ५—मुहपत्ती। ६—कष्ट। ७—इच्छा। ८—द्रव्य के द्वारा लिंगों (चिह्नों) का रखने वाला। ९—आचार से पतित। १०—मूर्खता।

सहायक नहीं होंगे, इसलिये परलोक मे सहायता के लिये हमें संयम का पालन करना चाहिये, हमारे कहने का तात्पर्य* यह है कि अनेक साधु वेषधारी*-पुरुष साधुधर्म का आचरण* न कर संयम की विराधना* करते हैं ऐसे लोग, दोनों भवों में अपने ही आत्मा के विराधक* होते हैं।

३—चर्चा के बोल वा प्रश्नोत्तर।

श्री जैन सिद्धान्त के विषय में अनेक अल्प बुद्धि जन प्राय अनेक बातों में प्रश्न किया करते हैं, उनका यथासमय शास्त्र सिद्धान्तवेत्ता जन उन्हें उत्तर तो दिया ही करते हैं परन्तु तो भी उन प्रश्नकर्त्ता जनों का उस उत्तर से कभी तो सन्तोष होता भी है तथा कभी सन्तोष नहीं भी होता है। सन्तोष न होनेका कारण यह है कि प्रश्नकर्त्ता जनों को प्राय: शास्त्रीय ज्ञान तो होता नहीं है अतएव शास्त्रीय सिद्धान्त के अनुसार जो उन्हें उत्तर दिया जाता है उससे उन्हें संतोष का न होना एक साधारण बात है, कभी २ असन्तोष का कारण यह भी देखा जाता है कि—उत्तरदाता केवल शास्त्रीय सिद्धान्त से ही उन्हें उत्तर देते हैं, उसमें युक्ति आदि की योजना नहीं करते हैं, उत्तर में युक्ति आदि की भी बड़ी आवश्यता होती है, क्योंकि शास्त्रीय सिद्धान्त के द्वारा उत्तर देते समय युक्ति आदि के द्वारा समझाने पर प्रश्नकर्त्ता का समाधान शीघ्र ही हो जाता है, इसका कारण यही है कि युक्ति आदि के द्वारा समझाने पर प्रश्न के सब पहलू हल हो जाते हैं।

श्री जैन सिद्धान्त अति गम्भीर महासागर के तुल्य है, उसके विषय में [illegible] प्रश्न उठ सकते हैं, उनका उत्तर

[illegible] वेष रखने वाले। [illegible] —व्यवहार। [illegible] करने वाले।

तो एक महान् ग्रन्थ बनाकर रखने से भी नहीं हो सकता है, क्योंकि प्रश्न उत्पन्न होने का तो कोई ठिकाना ही नहीं है, यहाँ पर संक्षेप से उन प्रश्नों को उद्धृत कर[1] उनका उत्तर दिया जाता है कि जिनको साधारण लोग प्रायः किया करते हैं, प्रश्नों का उत्तर यहाँ पर शास्त्रीय[2] प्रमाण और युक्ति आदि के द्वारा दिया जाता है—आशा है कि प्रश्न कर्त्ताओं को उनके अनेक प्रश्नों के विषय में इन उत्तरों से अवश्य समाधान[3] होगा।

(प्रश्न)—संसार में जीव अधिक हैं अथवा शरीर अधिक हैं ?

(उत्तर)—जघन्यतया[4] एक एक जीव के पास तीन तीन शरीर होते हैं, इसलिये जीव थोड़े हैं तथा शरीर अधिक हैं।

(प्रश्न)—शरीर कितने प्रकार के हैं ?

(उत्तर)— शरीर पाँच प्रकार के हैं—औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस और कार्मण।

(प्रश्न)—कृपा करके यह बतलाइये कि किन२ जीवों के कौन कौन से तीन २ शरीर होते हैं ?

(उत्तर)—सुनो—नारकी देवता के वैक्रिय, तैजस और कार्मण ये तीन शरीर होते हैं, पृथवी, जल, अग्नि, वनस्पति, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय तथा संमूर्छिम पञ्चेन्द्रिय, इन सबके औदारिक, तैजस, और कार्मण, ये तीन शरीर होते हैं, बादर वायुकाय गर्भज- पञ्चेन्द्रिय जीव तथा तिर्यग जीव, इनके औदारिक, वैक्रिय, तैजस और कार्मण, ये चार शरीर होते हैं तथा गर्भज मनुष्य के औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस और कार्मण ये पाँच शरीर होते हैं।

(प्रश्न)—आहारक शरीर एक समय में कितने होते हैं।

(उत्तर)—जघन्य[5] से एक दो वा तीन होते हैं तथा उत्कृष्टतया[6] दो हजार से नौ हजार तक होते हैं।

१—उद्धृत कर। २—शास्त्र। ३—सन्तोष। ४—कम से कम। ५—कम से कम। ६—अधिकता से।

सहायक नहीं होंगे, इसलिये परलोक में सहायता के लिये इसे संयम का पालन करना चाहिये, हमारे कहने का तात्पर्य[1] यह है कि जो साधु वेषधारी[2] पुरुष साधुधर्म का आचरण[3] न कर, संयम की विराधना[4] करते हैं ऐसे लोग दोनों भवों में अपने ही आत्मा के विराधक[5] होते हैं।

२—चर्चा के बोल वा प्रश्नोत्तर।

श्री जैन सिद्धान्त के विषय में अनेक अल्प बुद्धि जन प्रायः अनेक बातों में प्रश्न किया करते हैं, उनका यथासमय शास्त्र सिद्धान्त वेत्ता जन उन्हें उत्तर तो दिया ही करते हैं परन्तु तो भी उन प्रश्नकर्त्ता जनों का उस उत्तर से कभी तो सन्तोष होता भी है तथा कभी सन्तोष नहीं भी होता है। सन्तोष न होने का कारण यह है कि प्रश्नकर्त्ता जनों को प्रायः शास्त्रीय ज्ञान तो होता नहीं है अतएव शास्त्रीय सिद्धान्त के अनुसार जो उन्हें उत्तर दिया जाता है उससे उन्हें संतोष का न होना एक साधारण बात है, कभी २ असन्तोष का कारण यह भी देखा जाता है कि—उत्तरदाता केवल शास्त्रीय सिद्धान्त से ही उन्हें उत्तर देते हैं, उसमें युक्ति आदि की योजना नहीं करते हैं, उत्तर में युक्ति आदि की भी बड़ी आवश्यकता होती है, क्योंकि शास्त्रीय सिद्धान्त के द्वारा उत्तर देते समय युक्ति आदि के द्वारा समझाने पर प्रश्नकर्त्ता का समाधान शीघ्र ही हो जाता है, इसका कारण यही है कि युक्ति आदि के द्वारा समझाने पर प्रश्न के सब फन्दे हल हो जाते हैं।

श्री जैन सिद्धान्त अति गम्भीर महासागर के तुल्य है, उसके विषय में अनभिज्ञ जनों को असंख्यात प्रश्न उठ सकते हैं, उनका उत्तर

१—मतलब। २—साधु का वेष धारण करने। ३—व्यवहार। ४—खण्डना, भंजन, विनाश। ५—विनाश करने वाले।

तो एक महान् ग्रन्थ बनाकर रखने से भी नहीं हो सकता है, क्योंकि प्रश्न उत्पन्न होने का तो कोई ठिकाना ही नहीं है, यहाँ पर संक्षेप से उन प्रश्नों को उद्धृत कर[1] उनका उत्तर दिया जाता है कि जिनको साधारण लोग प्रायः किया करते हैं, प्रश्नों का उत्तर यहाँ पर शास्त्रीय[2] प्रमाण और युक्ति आदि के द्वारा दिया जाता है—आशा है कि प्रश्न कर्त्ताओं को उनके अनेक प्रश्नों के विषय में इन उत्तरों से अवश्य समाधान[3] होगा।

(प्रश्न)—संसार में जीव अधिक हैं अथवा शरीर अधिक हैं ?

(उत्तर)—जघन्यतया[4] एक एक जीव के पास तीन तीन शरीर होते हैं, इसलिये जीव थोड़े हैं तथा शरीर अधिक हैं।

(प्रश्न)—शरीर कितने प्रकार के हैं ?

(उत्तर)— शरीर पाँच प्रकार के हैं—औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस और कार्मण।

(प्रश्न)—कृपा करके यह बतलाइये कि किन २ जीवों के कौन कौन से तीन २ शरीर होते हैं ?

(उत्तर)—सुनो—नारकी देवता के वैक्रिय, तैजस और कार्मण ये तीन शरीर होते हैं, पृथवी, जल, अग्नि, वनस्पति, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय तथा संमूर्छिम पञ्चेन्द्रिय, इन सबके औदारिक, तैजस, और कार्मण, ये तीन शरीर होते हैं, बादर वायुकाय गर्भज पञ्चेन्द्रिय जीव तथा तिर्यग जीव, इनके औदारिक, वैक्रिय, तैजस और कार्मण, ये चार शरीर होते हैं तथा गर्भज मनुष्य के औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस और कार्मण ये पाँच शरीर होते हैं।

(प्रश्न)—आहारक शरीर एक समय में कितने होते हैं।

(उत्तर)—जघन्य[5] से एक, दो वा तीन होते हैं तथा उत्कृष्टतया[6] दो हजार से नौ हजार तक होते हैं।

१—रखकर। २—शास्त्र। ३—सन्तोष। ४—कम से कम। ५—कम से कम। ६—अधिकता से।

सहायक नहीं होंगे, इसलिये परलोक में सहायता के लिये हमें संयम का पालन करना चाहिये, हमारे कहने का तात्पर्य[1] यह है कि अनेक साधु वेषधारी[2] पुरुष साधुधर्म का आचरण[3] न कर संयम की विराधना[4] करते हैं ऐसे लोग दोनों भवों में अपने ही आत्मा के विराधक[5] होते हैं।

३—चर्चा के बोल वा प्रश्नोत्तर।

श्री जैन सिद्धान्त के विषय में अनेक अल्प बुद्धि जन प्रायः अनेक बातों में प्रश्न किया करते हैं, उनका यथासमय शास्त्र सिद्धान्तवेत्ता जन उन्हें उत्तर तो दिया ही करते हैं परन्तु तो भी उन प्रश्नकर्त्ता जनों का उस उत्तर से कभी तो सन्तोष होता भी है तथा कभी सन्तोष नहीं भी होता है। सन्तोष न होनेका कारण यह है कि प्रश्नकर्त्ता जनों को प्रायः शास्त्रीय ज्ञान तो होता नहीं है अतएव शास्त्रीय सिद्धान्त के अनुसार जो उन्हें उत्तर दिया जाता है उससे उन्हें सन्तोष का न होना एक साधारण बात है, कभी २ असन्तोष का कारण यह भी देखा जाता है कि—उत्तरदाता केवल शास्त्रीय सिद्धान्त से ही उन्हें उत्तर देते हैं, उसमें युक्ति आदि की योजना नहीं करते हैं, उत्तर में युक्ति आदि की भी बड़ी आवश्यता होती है, क्योंकि शास्त्रीय सिद्धान्त के द्वारा उत्तर देते समय युक्ति आदि के द्वारा समझाने पर प्रश्नकर्त्ता का समाधान शीघ्र ही हो जाता है; इसका कारण यही है कि युक्ति आदि के द्वारा समझाने पर प्रश्न के सब पहलू हल हो जाते हैं।

श्री जैन सिद्धान्त अति गम्भीर महासागर के तुल्य है, उसके विषय में अनभिज्ञ जनों को असंख्यात प्रश्न उठ सकते हैं, उनका उत्तर

१—मतलब। २—साधु का वेष रखने वाले। ३—व्यवहार। ४—अवहेलना, अपमान, तिरस्कार। ५—अपमान करने वाले।

(प्रश्न)—नारकी देवता को निद्रा होती है वा नहीं ?

(उत्तर)—नारकी देवता को निद्रा तो होती है, परन्तु वह मनुष्य की तरह निद्रा नहीं लेता है।

(प्रश्न)—मार्ग में गमन करते समय जीव के प्राण कितने होते हैं ?

(उत्तर)—मार्ग में गमन करते समय जीव से एक आयुः प्राण होता है।

(प्रश्न) मार्ग में गमन करते समय जीव के शरीर कितने होते हैं ?

(उत्तर)—मार्ग में गमन करते समय जीव के तैजस और कार्मण ये दो शरीर होते हैं।

(प्रश्न)—चारों गतियों में पर्याप्त[1] जीवों का आयु कितना है ?

(उत्तर)—उस समय में जिसका जितना आयु होता है उसमें से अन्तर्मुहूर्त कम होता है।

(प्रश्न)— सिद्ध के जीव का कौनसा काय होता है ?

(उत्तर)—सिद्ध का जीव जीवास्तिकाय में रहता है, अर्थात् धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्ति काय, लोकास्तिकाय ये चारों प्रदेश समान होते हैं।

(प्रश्न)—एक अंगुल के पोरुआ में जीव के कितने प्रदेश मिलते हैं ?

(उत्तर)—एक अंगुल के पोरुआ में जीव के असंख्यात[2] प्रदेश हैं तथा निगोद जीव के अनन्त प्रदेश हैं।

(प्रश्न)—सुना है कि अंगुल के पोरुआ में जीव के नौ भेद मिलते हैं, ये कौनसे नौ भेद हैं ?

(उत्तर)—एकेन्द्रिय सूक्ष्म बादर अपर्याप्त द्विन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय अपर्याप्त असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त संज्ञी पञ्चेन्द्रिय

१—पर्याप्तियों से युक्त। २—अगिनती।

(प्रश्न)—आहारक शरीर वाले एक जीव को अनेक भवों की अपेक्षा आहारक शरीर कितनी बार आता है ?

(उत्तर)—सब भवों में एक जीव उत्कृष्टतया चार बार करता है, चक्रवर्ती की पदवी एक जीव को संसार में उत्कृष्टतया दो बार मिलती है ।

(प्रश्न)—अनन्त कौन २ से पदार्थ हैं ?

(उत्तर)—सिद्ध, निगोद, पुद्गल, काल, वनस्पति जीव, जीव के भव, केवल ज्ञान तथा अलोक, ये सब अनन्त हैं । —

(प्रश्न)—मार्ग में गमन करते समय जीव के कितने योग होते हैं ।

(उत्तर)—मार्ग में गमन करते समय जीव के एक कार्मण योग होता है ।

(प्रश्न)—मार्ग में गमन करते समय जीव के उपयोग कितने होते हैं ।

(उत्तर)—मार्ग में गमन करते समय जीव के जघन्यतया[1] एक केवल ज्ञान का उपयोग होता है तथा उत्कृष्टतया[2] समुच्चय से दस उपयोग होते हैं ।

(प्रश्न)—वे दस उपयोग कौन से हैं ।

(उत्तर)—तीन अज्ञान, तीन ज्ञान, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन, केवलदर्शन तथा केवल ज्ञान, ये दस उपयोग हैं ।

(प्रश्न)—जीव कितने गुण स्थानों में मरता है तथा कितने गुणस्थानों में नहीं मरता है ?

(उत्तर)—मिश्रव गुणस्थान क्षीणमोहनीय गुणस्थान, तथा सयोगी गुणस्थान इनमें जीव नहीं मरता है तथा दूसरे और ग्यारहवें गुणस्थान में जीव मरता है ।

१ न्यूनता से । २—अधिकता से ।

(प्रश्न)—भाषा किस से उत्पन्न होती है ?

(उत्तर)—शरीर से भाषा उत्पन्न होती है।

(प्रश्न)—भाषा आदि किस के पास रहती है ?

(उत्तर)—भाषा आदि जीव के पास रहती है।

(प्रश्न)—भाषा के पुद्गल कहाँ तक पहुँचते हैं ?

(उत्तर)—भाषा के पुद्गल अलोक तक जाकर अड़ जाते हैं।

(प्रश्न)—पाँच चारित्रों में जीव का एक भेद है तथा देशविरति में जीव का एक भेद है, उसे बतलाइये ?

(उत्तर)—संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त रूप एक भेद होता है।

(प्रश्न)—श्रोत्रेन्द्रिय, चक्षुरिन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय तथा रसनेन्द्रिय की अवगाहना अंगुल के असंख्यातवें भाग में होती है तथा उसमें घट घटती और बढ़ती नहीं है, स्पर्शेन्द्रिय की अवगाहना शरीर के अनुसार होती है, माता के रुधिर और पिता के शुक्र से शरीर का बन्धान होता है, वे रुधिर और शुक्र के पुद्गल कब तक रहते हैं।

(उत्तर)—वे पुद्गल आयुः पर्यन्त[1] रहते हैं।

(प्रश्न)—पञ्चेन्द्रियों में कितनी कामी[2] इन्द्रियाँ हैं, कितनी भोगी[3] इन्द्रियाँ हैं ?

(उत्तर)—दो इन्द्रियाँ कामी हैं तथा तीन इन्द्रियाँ भोगी हैं।

(प्रश्न)—कौनसी दो इन्द्रियाँ कामी हैं। तथा कौनसी तीन इन्द्रियाँ भोगी हैं ?

(उत्तर)—कान और आँख; ये दो इन्द्रियाँ कामी हैं तथा नाक, जीभ और त्वचा, ये तीन इन्द्रियाँ भोगी हैं।

(प्रश्न)—संसार में कामी जीव अधिक हैं अथवा भोगी जीव अधिक हैं, अथवा नो कामी और नो भोगी अधिक हैं ?

१—उम्र भर। २—काम करने वाली। ३—भोग करने वाली।

अपर्याप्त एकेन्द्रिय सूक्ष्मपर्याप्त सञ्ज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त, तथा एकेन्द्रिय सूक्ष्म पर्याप्त, ये नौ भेद जानने चाहियें।

(प्रश्न)—एक आकाश प्रदेश के ऊपर अजीव के कितने भेद होते हैं ?

(उत्तर)—एक आकाश प्रदेश के ऊपर अजीव के नौ भेद मिलते हैं—धर्मास्तिकाय, देश, प्रदेश, अधर्मास्तिकाय देश प्रदेश पुद्गलास्तिकाय स्कन्ध देश प्रदेश परमाणु और काल।

(प्रश्न)—केवल ज्ञान कहाँ तक होता है ?

(उत्तर)—ऊर्ध्वभाग[1] तथा अधोभाग[2] में चौदह रज्जुलोक तक होता है तथा तिर्यग्[3] भाग में एक रज्जु तक होता है।

(प्रश्न)—किन २ जीवों का वैक्रिय शरीर कितने समय तक रहता है ?

(उत्तर)—नारकी जीव जो वैक्रियरूप करता है वह (वैक्रियरूप) एक अन्तर्मुहूर्त से कम रहता है, वह (वैक्रियरूप) चार अन्तर्मुहूर्त तक रहता है, देवता जो वैक्रिय शरीर करता है वह (वैक्रिय शरीर) पन्द्रह दिन तक रहता है, वायु का जीव जो वैक्रिय शरीर करता है वह (वैक्रिय शरीर) एक अन्तर्मुहूर्त तक रहता है।

(प्रश्न)—वायु के जीव का वैक्रिय शरीर एक समय में कितना होता है ?

(उत्तर)—पल्योपम के असख्यातवें भाग में जितना समय होता है उतना ही वायु के जीव का वैक्रिय शरीर होता है।

(प्रश्न)—भाषा का संस्थान[4] किस प्रकार का होता है ?

(उत्तर)—भाषा का संस्थान वज्र के आकार[5] के समान होता है।

१—ऊपरी भाग। २—नीचे का भाग। ३ तिरछा भाग। ४—अवयव विभाग। ५—शक्ल।

(प्रश्न)—भगवती सूत्र के ग्यारहवें शतक के बारहवें उद्देशक में पोगल संन्यासी के अधिकार में कहा है कि विभंगज्ञानी जघन्यतया अंगुल के असंख्यातवें भाग को देखता है, ऊर्ध्व भाग में पाँचवें ब्रह्म-लोक तक देखता है, अधोभाग में केवलीगम्य विषय को विभंग ज्ञान से जानता है अवधिदर्शन से देखता है, दर्शन के बिना ज्ञान नहीं होता है, मतिज्ञान, श्रुत ज्ञान, मत्य ज्ञान, श्रुताज्ञान, इनका दर्शन तो चक्षु अचक्षु है, अवधिज्ञान का अवधि दर्शन है, विभंगज्ञान का भी अवधि दर्शन है तथा केवल ज्ञान का केवल दर्शन है, परन्तु मनः पर्यवज्ञान का दर्शन कौन सा है ?

(उत्तर)—मनः पर्यवज्ञान का अचक्षुर्दर्शन है तथा कुछ अंश[1] चक्षुर्दर्शन का भी है।

(प्रश्न) किस रीति से उक्त बात मानी जाती है ?

(उत्तर)—मनः पर्यवज्ञान से मनका निर्मलत्व[2] होकर आत्मा की निर्मलता[3] होती है, यह जो मनका निर्मलत्व है वह चक्षुर्दर्शन तथा अचक्षुर्दर्शन रूप ही है, पीछे तो इस विषय में जो कुछ कथन बहुसूत्री का हो वही सत्य है। देखो तेरहवें गुणस्थान के अन्त में पहिले मनो-योग का निरोध[4] करता है, फिर वचन योग का निरोध करता है, पीछे काय योग का निरोध करता है, पीछे श्वासोच्छ्वास का निरोध करता है, पीछे चौदहवें गुणस्थान में आरूढ़ होता है तथा शैलेशी अवस्था का त्याग करता है।

(प्रश्न)—योगों का निरोध क्रिया से होता है अथवा क्रिया के बिना ही होता है ?

(उत्तर)—योगों का निरोध क्रिया से नहीं होता है, क्योंकि योग के बिना क्रिया नहीं होती है, योगों का निरोध तो आत्मा के

१—भाग, हिस्सा। २—निर्मलता, पवित्रता ३—सफ़ाई। ४—रुकावट।

(उत्तर) सब से थोड़े कामी जीव हैं।

(प्रश्न)—ऐसा क्यों है ?

(उत्तर)—देखो ! चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय जीव कामी कहलाते हैं और वे कामी इसलिये माने जाते हैं कि उनके आँख और कान होते हैं, वे कामी जीव सब से थोड़े हैं, नो कामी नो भोगी[1] जीव अनन्तगुण हैं तथा उनकी अपेक्षा भोगी जीव अनन्त-गुण हैं।

(प्रश्न)—नो कामी नो भोगी जीवों की अपेक्षा भोगी जीव अनन्त गुण क्यों हैं ?

(उत्तर) देखो ! एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय और त्रीन्द्रिय, ये सब जीव भोगी कहलाते हैं, ये सब सिद्ध जीवों की अपेक्षा अनन्तगुण हैं।

(प्रश्न)—अवेदी जीव अधिक हैं अथवा अकषायी जीव अधिक हैं ?

(उत्तर)—अवेदी जीव अधिक हैं।

(प्रश्न)—अवेदी जीव अधिक क्यों हैं?

(उत्तर)—जो अकषायी जीव हैं वे सब अवेदी हैं, नवें गुण-स्थान के ऊपर के तीन भाग अवेदी हैं वे सकषायी होने पर भी अवेदी में ही मिलते हैं।

(प्रश्न)—चलते हुए वायु में जीव के कितने भेद हैं ?

(उत्तर)—बादर एकेन्द्रिय के अपर्याप्त और पर्याप्त, ये दो भेद हैं।

---

१ —जो न तो कामी हैं और न भोगी हैं उन्हें नो कामी नो भोगी कहते हैं, ऐसे सिद्धजीव होते हैं, तथा तेरहवें और चौदहवें गुणस्थान के चरम शरीरी जीव भी नो कामी नो भोगी कहे जाते हैं।

(प्रश्न)—श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति में जीव के कितने भेद मिलते हैं ?

(उत्तर)—उत्कृष्टतया १२ भेद मिलते हैं अर्थात् सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्त और बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त, ये दो भेद नहीं मिलते हैं।

(प्रश्न)—परमाणु पुद्गल का संस्थान[1] कैसा है ?

(उत्तर)—इसका संस्थान अवक्तव्य[2] कहा गया है।

(प्रश्न) सम्यक्त्व के सहित जीव नरक में जाता है या नहीं ?

(उत्तर)—छः नरक तक जाता है, क्योंकि छः नरकों के मार्ग में जाते समय सम्यक्त्व होता है परन्तु सातवें नरक के मार्ग में जाते समय सम्यक्त्व नहीं होता है।

(प्रश्न)—साधु के गुणों में मनोगुप्ति, वचनगुप्ति तथा काय-गुप्ति को कहा गया है तथा मनः समिति, वचन समिति और काय समिति का भी कथन किया गया है, कृपा कर यह बतलाइये कि गुप्ति और समिति में क्या भेद है ?

(उत्तर)—पाप अर्थात् सावद्य कार्य से हटने और योगों के रोकने को गुप्ति कहते हैं तथा धर्म कार्य में योगों के जोड़ने को समिति कहते हैं।

(प्रश्न)—प्राणातिपात को आस्रव कहा है, उसे क्रिया भी कहा गया है तथा उसे पाप भी कहा गया है, कृपया यह बतलाइये कि आस्रव, क्रिया और पाप, इन तीनों में क्या भेद है ?

(उत्तर)—आस्रव में कार्य का त्याग नहीं होता है, परन्तु कार्य को करता नहीं है, तात्पर्य[3] यह है कि योग तो खुला रहता है परन्तु कार्य में प्रवृत्ति नहीं करता है, यही आस्रव का स्वरूप है, योग को जो व्यापार अर्थात् कार्य में जोड़ना है उसको क्रिया कहते हैं, तात्पर्य यह है कि योग के चलाने को क्रिया कहते हैं तथा जीव के प्रदेशों पर जो अशुभ पुद्गलों का लगना है उसको पाप कहते हैं।

१—आकृति विशेष। २—न कहने योग्य। ३—मतलब।

स्वभाव से होता है, देखो ! अक्रिय[1] होकर आत्मा योगों के व्यापार को रोकता है, तात्पर्य यह है कि आत्मा का जो निश्चलत्व[2] है वही जीव का स्वभाव है।

(प्रश्न)—मार्ग में चलने वाले जीव अधिक हैं अथवा सिद्ध अधिक हैं ?

(उत्तर)—मार्ग में चलने वाले जीव अधिक हैं, क्योंकि निगोद में समय २ पर अनन्त जीव उत्पन्न होते हैं तथा च्युत होते हैं, इसलिये मार्ग में चलने वाले जीव सिद्धों से अनन्त गुण हैं।

(प्रश्न)—अनुत्तर विमानवासी देवों के देवियाँ नहीं हैं तो उनको ब्रह्मचारी क्यों नहीं कहा ?

(उत्तर)—देव के अव्रत नाम कर्म का उदय रहता है, अतः[3] अप्रत्याख्यान चतुष्क का उदय होता है, इसलिये व्रत के बिना ब्रह्मचारी नहीं कहे जा सकते हैं, हाँ मन्द[4] विषय अथवा उपशान्त विषय[5] कहे जाते हैं।

(प्रश्न)—उनका सुख तो अनन्त कहा गया है, तो यह बात कैसे सिद्ध होती है।

(उत्तर)—भोग के विषय से उपशान्त विषय का सुख अनन्त और अधिक होता है, इसलिये उनका सुख अनन्त कहा गया है।

(प्रश्न)—कोई पुरुष एक हाथ क्षेत्र का उल्लंघन करता है उसमें जितना समय लगता है, उस काल का समय अधिक है, अथवा एक हाथ नीचे का आकाश प्रदेश अधिक है ?

(उत्तर)—एक हाथ क्षेत्र का प्रदेश समय घटते २ असंख्याता अवसर्पिणी तथा उत्सर्पिणी का समय पूरा हो जाता है अत काल प्रदेश की अपेक्षा क्षेत्र प्रदेश सूक्ष्म है।

१—क्रिया से रहित। २—स्थिरता। ३—इसलिये। ४—कम विषय वाले। ५ उपशम से युक्त विषय वाले।

ज्ञानावरणीय और मिथ्यात्वमोहनीय का जिसमें क्षयोपशम होता है उसको ज्ञान कहते हैं; परन्तु जिसमें ज्ञानावरणीय कर्म का तो क्षयोपशम होता है तथापि मिथ्यात्व मोहनीय का उदय होता है उसको अज्ञान कहते हैं, जैसे नेत्र की दृष्टि के निर्मल[1] होने पर भी धतूरे के रस का अञ्जन करने पर श्वेत[2] वस्तु भी पीली दीखती है, वह वास्तव में नेत्र का दोष नहीं है किंतु धतूरे के रस का अंजन करने से ऐसा होता है, इसी प्रकार ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम तो निर्मल आँख के समान है, जो कि वस्तु का ज्ञान कराता है, परन्तु धतूरे के रस के अञ्जन के समान मिथ्यात्व मोहनीय का उदय है, उसके कारण विपरीत[3] ज्ञान होता है।

(प्रश्न)—शुक्ल पक्षी में और परीत संसारी में क्या भेद हैं ?

(उत्तर)—काल लवों के अधिक योग से अर्धपुद्गल देश कम काल जीव के लिये संसार कहा गया है, उसको शुक्लपक्षी कहते हैं, परीत संसारी जीव ने तो शुद्ध श्रद्धा रूप सम्यक्त्व को पाकर संसार को परीत किया है इसलिये उसको परीत संसारी कहते हैं। देखो ! शुक्ल पक्षी तो निगोद में भी होता है परन्तु परीत संसारी तो संज्ञिपञ्चेन्द्रिय पर्याप्तों में ही हो सकता है, फिर इसका निर्णय[4] तो बहु सूत्री ही कर सकते हैं; परीत के दो भेद हैं—काय परीत तथा संसार परीत, इनमें से काय परीत उसको कहते हैं कि जो जीव साधारण शरीर के बिना अलग २ होता है तथा जो संसार को परीत करता है उसको संसार परीत कहते हैं।

(प्रश्न)—दशाश्रुत स्कन्ध में श्रावक की ग्यारह प्रतिमायें कही गई हैं, उनमें से पहिली दर्शन प्रतिमा कही है। किंतु बहुत से लोग यह कहते हैं कि साधु और श्रावक की प्रतिमायें विच्छिन्न[5] हो गई हैं, यदि वे विच्छिन्न होगई हैं तो पहिली प्रतिमा शुद्ध सम्यक्त्व की कैसे हो सकती है ?

१—साफ। २—सफेद। ३—उलटा। ४—निश्चय। ५—नष्ट।

(प्रश्न)—सिद्ध का जीव जन्म और मरण को करता है अथवा नहीं करता है ?

(उत्तर)—सिद्ध का जीव जन्म और मरण को करता है।

(प्रश्न)—किस न्याय से ऐसा होता है ?

(उत्तर)—उपर्युक्त[1] कथन नय की अपेक्षा से है, तात्पर्य यह है कि नैगम नय की अपेक्षा से सिद्ध का जीव जन्म और मरण को करता है तथा एवम्भूत नय की अपेक्षा से सिद्ध का जीव जन्म और मरण को नहीं करता है, देखो ! नैगम नय की अपेक्षा से सब भव्य जीव सिद्ध के समान हैं, इन्हीं में निगोद के जीवों का भी ग्रहण होता है।

(प्रश्न)—तीनों लोकों का मध्य भाग किन २ स्थानों में है ?

(उत्तर)—समुच्चय विशिष्ट[2] लोक का मध्य भाग रत्न प्रभा पृथिवी घनोदधि घन वायतन वाय का उल्लंघन करता है नीचे आकाश है, उस आकाश के असंख्यातवें भाग का भी उल्लंघन करने के स्थान में लोक का मध्यभाग है, अधोलोक का मध्य भाग चौथी पङ्क प्रभा पृथिवि घनोदधि घन वायतन वाय, इन चारों का उल्लंघन करना चाहिये तथा चौथी पृथिवी का आकाश भी अवगाहन करना चाहिये, वहाँ पर है, ऊर्ध्वलोक का मध्य आयाम[3] पाँचवें देव लोक के रिष्टप्रन में है, तिर्यग् लोक का मध्यभाग मेरु पर्वत का मध्यभाग क्षुल्लक प्रतर है।

(प्रश्न)—मतिज्ञान, मत्यज्ञान, श्रुतज्ञान तथा श्रुताज्ञान ये सब ज्ञानावरणीय कर्म के क्षयोपशम से ही उत्पन्न होते हैं तो फिर ज्ञान में और अज्ञान में क्या भेद है ?

(उत्तर)—यद्यपि ऊपर कहे हुए ज्ञान और अज्ञान, ये दोनों ज्ञानावरणीय कर्म के क्षयोपशम से ही उत्पन्न होते हैं तथापि

१—ऊपर कहा हुआ। २—समुच्चय (समष्टि) से युक्त। ३—विस्तार।

है तो एक समय में दो हर्ष प्रद्योतन[1] नहीं हो सकते हैं, क्योंकि एक समय में मन में दो विषयों के अनुभव की स्थिति नहीं हो सकती है ?

(उत्तर)—यह बात संवेगियों से जाकर पूछो कि जो गाना, बजाना आदि आडम्बर रूप आरम्भ को करके अट्ठाई महोत्सव की धूम मचाते हैं।

(प्रश्न)—पाँचों लेश्यायें किसमें पाई जाती हैं ?

(उत्तर)—संज्ञी के अलखिया में पाँचों लेश्यायें पाई जाती हैं।

(प्रश्न)—ऐसा क्यों होता है ?

(उत्तर)—देखो ! चार लेश्यायें तो पृथिवी काय में मिलती हैं तथा एक लेश्या तेरहवें गुणस्थान में शुक्ल के नो संज्ञी तथा नो असंज्ञी में मिलती है।

(प्रश्न)—स्त्री वेद की स्थिति एक समय की किस प्रकार होती है ?

(उत्तर)—देखो ! जीव पहिले अवेदी[2] था, फिर वह पीछे को गिरा, फिर स्त्री वेद में एक समय तक ठहर कर फिर काल कर गया, इस प्रकार से स्त्री वेद की स्थिति एक समय की है। जीव तो वास्तव में अपौद्गलिक है, इन्द्रियादि के सहित जीव पौद्गलिक कहा जाता है तथा इन्द्रिय रहित जीव भी अपौद्गलिक कहा जाता है, तिर्यग् जीव का वैक्रियकरण अन्तर्मुहूर्त का है, मनुष्य का वैक्रियकरण चार अन्तर्मुहूर्त का है, एक बार वैक्रिय करण को करके अन्तर्मुहूर्त तक ठहर जाता है, फिर उसी में वैक्रिय करण को करता है, इस प्रकार तीन बार करता है, देवता सम्बन्धी विषय को भी इसी प्रकार से जानना चाहिये, परन्तु इस विषय में निश्चय तो केवलीगम्य[3] ही है।

(प्रश्न)—त्रसकाय का जीव जब त्रसकाय में ही रहता है तो उसे उत्कृष्टतया असंख्यात काल लगता है, यह बात किस प्रकार होती है ?

१—खुशी का प्रकट करना। २—वेद रहित। ३—केवली के जानने योग्य।

(उत्तर)—यद्यपि पहिली प्रतिमा मौजूद है तथापि द सम्यक्त्व और शङ्का व काँक्षा से रहित इस पञ्चम काल में उसक होना कठिन है, इस रीति से प्रथम प्रतिमा का ठिकाना लगना कठि है, इस विषय में तत्त्व तो केवलीगम्य[१] है।

(प्रश्न)—बहुत से सूत्रों में षड्द्रव्य का वर्णन है, इस विष में पूछना यह है कि द्रव्य किसको कहते हैं, गुण किसको कहते तथा पर्याय किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—वस्तु को द्रव्य कहते हैं, वस्तु का जो गुण है उस को गुण कहते हैं तथा पर्याय उसको कहते हैं कि जो द्रव्य और गु में हानि और वृद्धि के द्वारा मिलता है और पृथक् होता है।

(प्रश्न)—कृपया इस विषय को उदाहरण के द्वारा समझाइये

(उत्तर)—देखो ! गुड़ रूप जो पदार्थ है उसको द्रव्य कहते उसमें जो मीठापन है उसको गुण कहते हैं, उसका जो तौलना नापना है तथा जो घटना और बढ़ना है वही पर्याय है, फिर देखो घट रूप जो पदार्थ है वह द्रव्य है, वह जलादि पदार्थ को जो आश्रय देता है वही उसका गुण है तथा अनेक वस्तुओं को जो आश्र देता है वही पर्याय है।

(प्रश्न)—अट्ठाई महोत्सव किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—अट्ठाई महोत्सव आठ दिन का होता है।

(प्रश्न)—मल्लिनाथ भगवान् ने प्रथम प्रहर[२] में दीक्षा ली अ दूसरे प्रहर में उनको केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ था, अब इन दो विषयों का अट्ठाई महोत्सव मिश्रित[३] किया जाता है या पृथक् पृथक् कि जाता है, यदि दोनों का महोत्सव मिश्रित किया जाता है तो व मिश्रित कैसे किया जा सकता है, क्योंकि महोत्सव नाम हर्ष प्रयोजन व

१—केवली से जानने योग्य। २—सहारा। ३—पहर। ४—मिल हुआ, इकट्ठा।

है तो एक समय में दो हर्ष प्रद्योतन[1] नहीं हो सकते हैं, क्योंकि एक समय में मन में दो विषयों के अनुभव की स्थिति नहीं हो सकती है ?

(उत्तर)—यह बात सजोगियों से जाकर पूछो कि जो गाना, बजाना आदि आडम्बर रूप आरम्भ को करके अट्ठाई महोत्सव की धूम मचाते हैं।

(प्रश्न)—पाँचों लेश्यायें किसमें पाई जाती हैं ?

(उत्तर)—संज्ञी के अलधिया में पाँचों लेश्यायें पाई जाती हैं।

(प्रश्न)—ऐसा क्यों होता है ?

(उत्तर)—देखो ! चार लेश्यायें तो पृथिवी काय में मिलती हैं तथा एक लेश्या तेरहवें गुणस्थान में शुक्ल के नो सज्ञी तथा नो असज्ञी में मिलती है।

(प्रश्न)—स्त्री वेद की स्थिति एक समय की किस प्रकार होती है ?

(उत्तर)—देखो ! जीव पहिले अवेदी[2] था, फिर वह पीछे को गिरा, फिर स्त्री वेद में एक समय तक ठहर कर फिर काल कर गया, इस प्रकार से स्त्री वेद की स्थिति एक समय की है। जीव तो वास्तव में अपौद्गलिक है, इन्द्रियादि के सहित जीव पौद्गलिक कहा जाता है तथा इन्द्रिय रहित जीव भी अपौद्गलिक कहा जाता है, तिर्यग् जीव का वैक्रियकरण अन्तर्मुहूर्त का है, मनुष्य का वैक्रियकरण चार अन्तर्मुहूर्त का है, एक बार वैक्रिय करण को करके अन्तर्मुहूर्त तक ठहर जाता है, फिर उसी में वैक्रिय करण को करता है, इस प्रकार तीन बार करता है, देवता सम्बन्धी विषय को भी इसी प्रकार से जानना चाहिये, परन्तु इस विषय में निश्चय तो केवलीगम्य[3] ही है।

(प्रश्न)—त्रसकाय का जीव जब त्रसकाय में ही रहता है तो उसे उत्कृष्टतया असंख्यात काल लगता है, यह बात किस प्रकार होती है ?

१—धुरी का प्रकट करना। २—वेद रहित। ३—केवली से जानने योग्य।

(उत्तर)—यद्यपि पहिली प्रतिमा मौजूद है तथापि दृढ़ सम्यक्त्व और शङ्का व कांक्षा से रहित इस पञ्चम काल में उसका होना कठिन है, इस रीति से प्रथम प्रतिमा का ठिकाना लगना कठिन है, इस विषय में तत्त्व तो केवलीगम्य[१] है।

(प्रश्न)—बहुत से सूत्रों में षड्द्रव्य का वर्णन है, इस विषय में पूछना यह है कि द्रव्य किसको कहते हैं, गुण किसको कहते हैं तथा पर्याय किसको कहते हैं?

(उत्तर)—वस्तु को द्रव्य कहते हैं, वस्तु का जो गुण है उसी को गुण कहते हैं तथा पर्याय उसको कहते हैं कि जो द्रव्य और गुण में हानि और वृद्धि के द्वारा मिलता है और पृथक् होता है।

(प्रश्न)—कृपया इस विषय को उदाहरण के द्वारा समझाइये।

(उत्तर)—देखो! गुड़ रूप जो पदार्थ है उसको द्रव्य कहते हैं उसमें जो मीठापन है उसको गुण कहते हैं, उसका जो तौलना है, नापना है तथा जो घटना और बढ़ना है वही पर्याय है, फिर देखो! घट रूप जो पदार्थ है वह द्रव्य है, वह जलादि पदार्थ को जो आश्रय[२] देता है वही उसका गुण है तथा अनेक वस्तुओं को जो आधार देता है वही पर्याय है।

(प्रश्न)—अट्ठाई महोत्सव किसको कहते हैं?

(उत्तर)—अट्ठाई महोत्सव आठ दिन का होता है।

(प्रश्न)—मल्लिनाथ भगवान् ने प्रथम प्रहर[३] में दीक्षा ली थी, दूसरे प्रहर में उनको केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ था, अब इन दोनों विषयों का अट्ठाई महोत्सव मिश्रित[४] किया जाता है या पृथक् पृथक् किया जाता है, यदि दोनों का महोत्सव मिश्रित किया जाता है तो वह मिश्रित कैसे किया जा सकता है, क्योंकि महोत्सव ज्यमहर्ष प्रयोजन का

१—केवली से जानने योग्य। २—सहारा। ३—पहर। ४—मिला हुआ, इकट्ठा।

(प्रश्न)—यह बात किस प्रकार मानी जाती है ?

(उत्तर)—देखो ! जब मनुष्य अथवा तिर्यग् में वैक्रिय को करता है तब वह उसमें अन्तर्मुहूर्त्त तक रह कर काल कर जाता है, वहाँ से वह सातवीं नारकी में जाता है, बस इसी कारण से उक्त विषय को जानना चाहिये । सर्वार्थ सिद्धि को जाने वाला जीव पूर्वभव में वैक्रिय को नहीं करता है, इसका कारण यह है कि अप्रमादी[1] जीव सर्वार्थ सिद्धि में जाता है, तात्पर्य[2] यह है कि दशवें तथा ग्यारहवें स्थानक का स्वामी ही सर्वार्थ सिद्धि में जाता है, इसलिये तिर्यग् जीव तो अन्तर्मुहूर्त्त की आयु वाला जीव होने से सातों नारकियों में जाता है, अन्तर्मुहूर्त्त की आयु वाला मनुष्य पहिली नारकी में जाता है, जब तिर्यग् जाति जीव तिर्यग् जाति में से उत्पन्न होता है तब उसको अप्रतिमा कहा जाता है तथा जो शेष तीन गतियों में से जाता है उसको प्रतिमा कहा गया है ।

(प्रश्न)—शास्त्रों में आठ प्रमाणों का वर्णन है, उनमें से पहिला प्रमाण पल का है, दूसरा प्रमाण सागर का है, तीसरा प्रमाण सूची का है, इन तीनों प्रमाणों के विषय में कुछ कथन कीजिये कि ये किस प्रकार माने जाते हैं ?

(उत्तर)—इस विषय का वर्णन असत्कल्पना[3] के द्वारा किया जाता है, देखो ! एक अगुल के नीचे पैंसठ हजार पाँच सौ छत्तीस रखने से जो परिमाण होता है, इतने ही परिमाण वाली एक अगुल के नीचे सूची है, आकाश प्रदेश लोक में असख्यात प्रतरों को जानना चाहिये, उन्हीं को एक एक आकाश का प्रतर कहा गया है ।

(प्रश्न)—प्रतर किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—पैंसठ हजार पाँच सौ छत्तीस (६५५३६) आकाश प्रदेश एक अगुल के नीचे होते हैं, उन ६५५३६ को ६५५३६ से

१—प्रमाद से रहित । २—मतलब । ३—असत्य कल्पना ।

(उत्तर)—उक्त विषय तेज और वायु के जीवों की अपेक्षा से जानना चाहिये, यह विषय जीवाभिगम सूत्र में कहा गया है।

(प्रश्न)—स्त्री स्त्रीत्व[1] में निरन्तर कितने समय तक रहती है?

(उत्तर)—एकादेश की अपेक्षा सो ११० पल प्रत्येक पूर्व कोटि तक रहती है।

(प्रश्न)—यह बात किस प्रकार मानी जाती है?

(उत्तर)—वह पचपन पचपन पलों के दो भव तो देवी के करती है तथा छः भव और भी कोटि कोटि पूर्व के करती है, इस प्रकार उक्त विषय को जान लेना चाहिये, तात्पर्य यह है कि जिसकी जितनी स्थिति होती है उतनी ही कही जाती है, आठ भवों से अधिक भवों को नहीं करती है, संहरण[2] की अपेक्षा से एक एक स्त्री की स्थिति जघन्यतया अन्तर्मुहूर्त की है, संहरण करने के बाद अन्तर्मुहूर्त के पश्चात् काल कर जाती है तथा उत्कृष्टतया स्थिति तीन पल्य पूर्व कोटि की है।

(प्रश्न)—उक्त बात क्यों मानी जाती है?

(उत्तर)—देखो! कोटि पूर्व की पहिली स्थिति, उसका भोग किया, वहाँ से काल करने के बाद वहाँ ही उत्पन्न हो गई, अर्थात् तीन पल्योपम की युगलिनी होगई, इस प्रकार से उक्त विषय को जान लेना चाहिये।

(प्रश्न)—वैक्रिय का जीव यदि वैक्रिय में ही रहे तो उसकी स्थिति का क्या परिमाण है?

(उत्तर)—वैक्रिय का जीव यदि वैक्रिय में ही रहता है तो उसकी जघन्य[3] स्थिति एक समय की होती है तथा उत्कृष्ट[4] स्थिति एक अन्तर्मुहूर्त अधिक तेंतीस सागर की होती है।

१—स्त्री भाव, स्त्रीपन। २—एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाया जाना। ३—कम से कम। ४—अधिक से अधिक।

जाननी चाहिये, जुगुलिया दो जाति के तिर्यंग् में होते हैं, अर्थात् स्थलचरों में और खेचरों में होते हैं, मनुष्य सातवीं नारकी के साथ साथ भव का कारण सातों नारकियों का निकला हुआ मनुष्य नहीं होता है, तीन विकलेन्द्रियों में दो दृष्टियाँ होती हैं, एक समय में दो मिथ्यादृष्टि तथा समदृष्टि अपर्याप्तों में मिलते हैं, परन्तु वे अपर्याप्तों[1] में काल नहीं करते हैं, किन्तु जिन अपर्याप्तों में होते हैं उन्हीं में काल को पाते हैं, देवता, पृथिवी, जल, वनस्पति में आता है परन्तु अपर्याप्त काल को नहीं करता है, एक आकाश प्रदेश पर सूक्ष्म अनन्त प्रदेशियाँ रहती हैं, एक आकाश प्रदेश पर एक परमाणु तथा प्रदेशी स्कन्ध, इस प्रकार से चार पाँच संख्यात असंख्यात अनन्त प्रदेशी स्कन्धों पर बैठने वाला होता है, अथवा एक आकाश प्रदेश पर अनन्तानन्त प्रदेशी स्कन्ध तथा असंख्य प्रदेशी के संख्यात प्रदेशी के प्रदेशों को जानना चाहिये, तमस्काय, अरुणोवर समुद्र से बढ़कर संख्यात योजनों के सतह सौ इकीस योजनों तक समश्रेणि एक प्रदेश हैं उनमें से कई एक तो समश्रेणि[2] की अपेक्षा से कहे गये हैं वहाँ तो संख्यात योजनों की समश्रेणि है, यह जानना चाहिये।

(प्रश्न)—संभोग के कितने भेद हैं ?

(उत्तर)—संभोग के १२ भेद हैं, उपधि सूत्र, अहार, हस्त-संयोजन, दिलाना, आमन्त्रण, खड़े होना, वन्दना करना, वैयावृत्य, एक स्थान में रहना, एक आसन पर बैठना तथा आलाप और संलाप करना।

(प्रश्न)—किनको वाचना नहीं देनी चाहिये ?

(उत्तर)—जो विगय[3] को खावे, विनय को न करे तथा कषायों का उपशाम न करे, इन तीनों को वाचना नहीं देनी चाहिये।

१—पर्याप्तियों से रहित। २—समान श्रेणि (पङ्क्ति) वाले। ३—विकृत भोजन।

गुणन किया जाता है तब वह प्रतर बन जाता है, उस प्रतर को ६५५३६ से फिर गुणा करना चाहिये उसको घन कहते हैं, तथा समस्त लोक के आकाश प्रदेश की जो श्रेणि[1] है उसको सूची कहते हैं, समस्त लोक के चारों तरफ के सूक्ष्म भाग को प्रतर कहते हैं, प्रतर को सूची के साथ में गुणा करने से जो होता है उसको लोक का घन कहते हैं, ऊर्ध्व देश में अनन्त गुण मेरु स्फटिक में चार प्रदेशियाँ दीखती हैं, वहाँ काल रहता है, उन चार प्रदेशियों के ऊर्ध्व भाग के ऊपर चार प्रदेशों में अनन्त जीवों के प्रदेश हैं, उन प्रदेशों के ऊपर काल का समय रहता है, उसको अनन्त कहा गया है, अधो लोक में काल नहीं तथा पहिली और दूसरी नारकी में जो मनुष्य अथवा तिर्यग् जाते हैं उनमें छ सिद्ध पाये जाते हैं, तीसरी नारकी में पाँच पाये जाते हैं, इस प्रकार से प्रत्येक नारकी में कमती करते जाना चाहिये, इस प्रकार से सातवीं नारकी में एक पाया जाता है तथा वज्र ऋषभ नाराच सहनन को प्राप्त होता है, तिर्यग् जीव तो जघन्य अंगुल के असख्यात के असख्यातवें भाग की अवगाहना करता है तथा उत्कृष्टतया हजार योजन वाले समूचे प्रदेश की अवगाहना करता है, यदि मनुष्य प्रथम नारकी में जाता है तो जघन्यतया प्रत्येक अगुल वाला होता है तथा उत्कृष्टतया पाँच सौ धनुष वाला होता है, उसकी अपेक्षा जघन्यतो प्रत्येक मास वाला होता है तथा उत्कृष्टतया पूर्व कोटि वाला होता है, दूसरी नारकी में जघन्यतया[2] प्रत्येक हाथ वाला जीव होता है तथा उत्कृष्टतया[3] पाँच सौ धनुष् वाला होता है, उसकी अपेक्षा जघन्य प्रत्येक वर्ष वाला तथा उत्कृष्ट पूर्व कोटि वाला होता है, इसी की अपेक्षा से नौ २ गर्भो को जानना चाहिये, जुगुलिया मनुष्य तथा तिर्यग् देवता में जाते हैं, वे अपनी स्थिति से कम स्थिति को तो पा लेते हैं परन्तु अधिक स्थिति को नहीं पाते हैं, नाग कुमारों में पाँच पल्योपम कम स्थिति कही है, यह स्थिति तीन पल्योपमकी तो यहाँ की

१—पंक्ति। २—कम से कम। ३—अधिक से अधिक।

(प्रश्न)—नारकी देवता, जुगलिया मनुष्य तथा जुगलिया तिर्यञ्च, ये परभव का आयु कब बाँधते हैं ?

(उत्तर)—ये सब छः मास तक रहते हैं, पीछे परभव का आयु बाँधते हैं, बाकी तीसरे भाग में अन्तर्मुहूर्त पहिले आयु को बाँधते हैं ?

(प्रश्न)—द्रव्य परमाणु किस को कहते हैं ?

(उत्तर)—जो द्रव्य की अपेक्षा एक द्रव्य की अवगाहना करता है उस परमाणु को भाव की अपेक्षा परमाणु नहीं कहना चाहिये, काल की अपेक्षा यदि एक समय की स्थिति होती है तो काल का परमाणु बनता है, किन्तु यदि वह एक समय से अधिक समय वाली होती है तो काल का परमाणु नहीं बनता है।

(प्रश्न)—क्षेत्र परमाणु किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—जो परमाणु एक आकाश प्रदेश का अवगाहन[1] करता है उसको क्षेत्रपरमाणु कहते हैं, देखो ! यदि अनन्त प्रदेशी स्कन्ध आकाश पर बैठता है तो वह द्रव्य का तो परमाणु नहीं है किन्तु क्षेत्र का परमाणु है, तथा काल की अपेक्षा जो एक समय की स्थिति है उस अनन्त प्रदेशी की तो काल की अपेक्षा स्थिति होती है, उसे काल-परमाणु कहते हैं तथा भाव की अपेक्षा से जो एक गुण काला है उसे भाव परमाणु कहते हैं, काल की अपेक्षा जो एक समय की स्थिति का पुद्गल है उसको काल परमाणु कहा गया है, शेष भंगों[2] को भी इसी प्रकार जान लेना चाहिये तथा भाव की अपेक्षा जो परमाणु एक गुण काला है वह वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श आदि जो २० बोल हैं उनमें से एक गुण काला हुआ, उसे १९ बोलों का तो अपरमाणु कहना चाहिये तथा एक बोल का परमाणु कहना चाहिये, इसी प्रकार से सब भाँगों को जान लेना चाहिये, तथा छः प्रदेशी स्कन्ध के वर्ण का भंग इस प्रकार कहना चाहिये कि छः प्रदेशी स्कन्ध पाँच आकाश

१—मथन, स्थान का घेरना। २—भाँगों।

(प्रश्न)—वाचना की विधि कितनी हैं ?

(उत्तर)—वाचना की छः विधि हैं:—संहिता, पद, पदार्थ, पद विग्रह, वाचना और पृच्छना।

(प्रश्न)—श्रवण[1] की क्या विधि है ?

(उत्तर)—चुपका होकर श्रवण करना चाहिये, हुङ्कार देना चाहिये, "तथ्य वचन है" इस प्रकार कहना चाहिये, मन में सन्देह के उत्पन्न होने पर तर्क करना चाहिये, तर्क करने पर जो उत्तर गुरु के द्वारा प्राप्त हो उसका विचार करना चाहिये, विस्तारपूर्वक समझना चाहिये, उसका मन में धारण करना चाहिये तथा जब २ सन्देह उत्पन्न हो तब २ गुरु के पास जाकर विनय पूर्वक[2] पूछना चाहिये।

(प्रश्न)—कौन २ से पुद्गल किस २ इन्द्रिय के किस प्रकार लगते हैं ?

(उत्तर)—खरखरे पुद्गल सब से थोड़े चक्षुइन्द्रिय के लगते हैं तथा सब से अधिक स्पर्शेन्द्रिय[3] के लगते हैं, लहुए लहुए पुद्गल सबसे अधिक चक्षु इन्द्रिय के लगते हैं तथा सब से थोड़े पुद्गल स्पर्शेन्द्रिय के लगते हैं।

(प्रश्न)—कृपा कर के इन्द्रियों का बहुलत्त्व[4] बतलाइये ?

(उत्तर)—इन्द्रियों का बहुलत्त्व अंगुल का असंख्यातवां भाग है, सार पुद्गलों का ग्रहण करने के लिये पुद्गल को अंगुल के असंख्यातवें भाग का जानना चाहिये, श्रोत्रेन्द्रिय से लेकर स्पर्शेन्द्रिय तक जो इन्द्रियाँ पुद्गलों का ग्रहण करती हैं उन्हें अंगुल के असंख्यातवें भाग का जानना चाहिये, स्पर्शेन्द्रिय सर्व शरीर का आवरण[5] करती है इसलिये जहाँ उसका स्पर्श होता है उसे अंगुल का असंख्यातवां भाग का जानना चाहिये।

१—शास्त्र का सुनना। २—विनय के साथ। ३—त्वचा। ४—विस्तार। ५—आच्छादन।

(उत्तर)—पञ्च महा विदेहों में चार महाव्रत रूपी धर्म है, अरिहन्त को तीर्थकर्त्ता कहा गया है, एक एक वर्ष में चार चार तीर्थ हैं, इसलिये चारों वर्षों में सोलह तीर्थ हैं, अरिहन्तों को प्रवचनी कहा गया है तथा अरिहन्तों की प्ररूपित[1] द्वादशाङ्गी रूपी वाणी को प्रवचन कहा गया है।

(प्रश्न)—कती संचिया, अकती संचिया, अवत्तक संचिया और वलिया किन को कहते हैं?

(उत्तर)—दो से लेकर जहाँ तक असंख्यात पूरे नहीं होते हैं वहाँ तक कती संचिया कहे जाते हैं, जो एक समय में असंख्यात उत्पन्न होते हैं उनको अकती संचिया कहते हैं, तथा एक समय में जो एक उत्पन्न होता है उसको अवत्तग संचिया कहते हैं तथा घनोदधि में जो बादर अप्‌काय है, तथा जैसे परात का तला होता है उसे तो घनोदधि कहना चाहिये तथा जैसे परात का कना होता है उसे घनो-दधि वलिया कहना चाहिये।

(प्रश्न)—संज्ञी मनुष्य की स्थिति कितनी होती है?

(उत्तर)—संज्ञी मनुष्य की स्थिति जघन्योत्कृष्टरूप[2] से अन्त-र्मुहूर्त की होती है वह अपर्याप्त[3] काल कर जाता है, केवल साढ़े तीन पर्याप्तियों को बाँधता है, यदि वह श्वास को लेता है तो उच्छ्वास को नहीं लेता है, इस प्रकार साढ़े तीन पर्याप्तियाँ ही रहती हैं।

(प्रश्न)—चक्षुर्दर्शन मे जीव के कितने भेद हैं?

(उत्तर)—चक्षुर्दर्शन मे जीव के छः भेद हैं—परन्तु कोई आचार्य तीन भेद कहते हैं, वे केवल पर्याप्तों का ही ग्रहण करते हैं परन्तु उनका यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि अपर्याप्तों मे भी चक्षु-र्दर्शन होता है, देखो! चौंदरी में यद्यपि पाँच पर्याप्तियाँ हैं तथापि

१—कही हुई। २—जघन्य और उत्कृष्ट रूप से। ३—पर्याप्तियों से रहित।

प्रदेशों पर बैठा हुआ है, उनमें से एक परमाणु काला है, एक नीला है एक लाल है, एक पीला है तथा एक सफेद है, वह जो एक आकाश प्रदेश पर बैठा है, इस प्रकार से ७+८+९+१० सख्यात असख्यात और अनन्त प्रदेशी, इन सब में पाँच वर्ण मिलते हैं, उन्हें इस प्रकार से जानना चाहिये आठ स्पर्श, के भग जिस प्रकार कहे हैं, वे सब ही प्राय सब में तो अनन्त प्रदेशीस्कन्ध हैं उन सब को खरखरा जानना चाहिये। उक्तप्रदेश में थोड़ा बहुत सबही उक्त प्रकार से जानना चाहिये।

(प्रश्न)—छ लेश्याओं का उत्कृष्ट[1] स्थान कैसा होता है ?

(उत्तर)—छ लेश्याओं का उत्कृष्ट स्थान असख्यात होता है।

(प्रश्न)—यह असख्यात क्यों होता है ?

(उत्तर)—जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट, ये तीन भेद हैं, इनके फिर प्रत्येक के तीन २ भेद हैं जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट। देखो, जघन्य जघन्य, जघन्य मध्यम, जघ योत्कृष्ट, मध्यम जघन्य, मध्यम मध्यम, मध्योत्कृष्ट, उत्कृष्ट जघन्य, उत्कृष्ट मध्यम तथा उत्कृष्टोत्कृष्ट, इस प्रकार से कुल पूर्वोक्त[2] नौ भेद होते हैं, अब इन नौओं भेदों के फिर भी प्रत्येक जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट, ये तीन भेद होते हैं इस प्रकार से असख्यात भेद हो जाते हैं, पाँच स्थावर हैं, उनमें से चार स्थावरों में तो असख्यात जीव उत्पन्न होते हैं तथा असख्यात जीव, च्यवन को प्राप्त होते हैं, यह एक स्थान का कथन नहीं है, क्योंकि सब लोक में पृथिवी व्याप्त[3] है, इसलिये समुच्चयतया[4] इस विषय को जानना चाहिये तथा जो राई परिमाण पृथिवी काय है उसमें भी असख्यात जीव उत्पन्न होते हैं तथा च्युत[5] होते हैं, तात्पर्य यह है कि इन के असख्यात असख्यात भेद जानने चाहियें।

(प्रश्न)—पच्च महा विदेह के विषय में कुछ कथन कीजिये ?

१—उत्र म प्रधिक। २—पहले कहे हुए। ३—भरी [illegible]।
४—समुच्चय की रीति से। ५—पतित।

प्रकार से भाषा भी पुद्गलों को लेती जाती है तथा छोड़ती भी जाती है।

(प्रश्न)—जुगलियों के ज्ञान के विषय में कुछ कथन कीजिये।

(उत्तर)—जुगलिये जघन्य मति ज्ञान में, श्रुतिज्ञान में तथा अवधिज्ञान में नहीं होते हैं तथा मध्यम और उत्कृष्ट में होते हैं इस लिये उनको जघन्य मध्यम मध्यम ज्ञान होता है, उत्कृष्ट नहीं होता है।

(प्रश्न)—जघन्य अवधिज्ञान कब होता है ?

(उत्तर)—जघन्य अवधिज्ञान पैदा होते समय होता है तथा परभव[१] से लेकर जिसे आता है उसे मध्यम लेकर आता है।

(प्रश्न)—अनन्त भाग हीन किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—अनन्त के ढिगले में से एक का जो निकालना है उसको अनन्त भाग हीन कहते हैं।

(प्रश्न)—असंख्यात भाग हीन किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—अनन्तों की संख्यात ढेरियाँ करके उनमें से एक ढेरी का जो निकालना है उसे संख्यात भाग हीन कहते हैं।

(प्रश्न)—अनन्त गुणहीन किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—अनन्तों की आधी आधी ढेरी करके उसमें से एक ढेरी के निकालने को अनन्त गुणहीन कहते हैं।

(प्रश्न)—असंख्यात गुणहीन किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—अनन्तों की संख्यात ढेरियाँ करके उनमें से सब ढेरियों को निकाल लेना चाहिये, केवल एक ढेरी बाकी रहनी चाहिये, इसी को असंख्यात गुणहीन कहते हैं।

(प्रश्न)—संख्यात गुणहीन किसको कहते हैं ?

१—दूसरा भव।

जब कि इन्द्रियपर्याप्ति तीसरी है तो पहिली पर्याप्ति तो बंधती है यों तो जो चार पर्याप्तियों को बाँधता है उसे भी अपर्याप्त[1] ही कहना चाहिये, श्री प्रज्ञापना के पाँचवें पद की इस विषय में साची है, असंज्ञी मनुष्य मे चार उपयोग पाये जाते हैं—दो दर्शन और दो ज्ञान यदि इन चारों उपयोगों से युक्त है तो वह पर्याप्त तो नहीं हो सकता है।

(प्रश्न)—प्रतर किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—ऊपर के तिरछे लोक का जैसा चार सौ योजन का ऊपर एक आकाश प्रदेश सम चौरस एक रज्जु प्रमाण का है उसी को प्रतर जानना चाहिये।

(प्रश्न)—तिरछे लोक का ऊपर का प्रतर किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—उसी के ऊपर का जो आकाश है उसको ऊपर के तिरछे लोक का प्रतर कहा है, ये दोनों ही प्रतर संयुक्त[2] हैं।

(प्रश्न)—क्षायिक सम्यक्त्व वाला तथा उपशम सम्यक्त्व वाला जीव उत्कृष्टतया कितने भवों को करता है ?

(उत्तर)—क्षायिक सम्यक्त्व वाला जीव उत्कृष्टतया तीन भवों से अधिक भवों को नहीं करता है तथा उपशम सम्यक्त्व वाला जीव उत्कृष्टतया देशोनार्धपुद्गल तक रुलता[3] है।

(प्रश्न)—भाषा के पुद्गल किस प्रकार के हैं ?

(उत्तर)—भाषा के पुद्गल चतुः स्पर्शी[4] हैं तथा निकलने के बाद वे अष्ट स्पर्शी[5] हो जाते हैं।

(प्रश्न)—ऐसा क्यों होता है ?

(उत्तर)—इस विषय में घण्टा का दृष्टान्त जानना चाहिये, जैसे घण्टा पुद्गलों को लेता जाता है तथा उन्हें छोड़ता जाता है इसी

१—पर्याप्तियों वाला। २—मिले हुए। ३—भटकता है। ४—चार का स्पर्श करने वाले। ५—आठ का स्पर्श करने वाले।

चाहिये अर्थात् अवधिज्ञान और विभंग अज्ञान, इन दोनों को कहना चाहिये, क्योंकि यहाँ पर अवधि का समुच्चयतया पाठ है।

(प्रश्न)—श्रीभगवती सूत्र के आठवें शतक में पाँच विहारों का वर्णन है, कृपया उन विहारों को स्पष्टतया समझावें।

(उत्तर)—उक्त सूत्र में जो पाँच विहारों का वर्णन है उन्हें संक्षेप में इस प्रकार जानना चाहिये कि उन विहारों में से आगम विहारी के विषय में यह कहा गया है कि दश पूर्वधारी से लेकर चौदह पूर्वधारी तक तथा त्रिज्ञानी[1] और पञ्चज्ञानी[2] के विहार में जो चलता है उसको आगम विहारी कहते हैं, सूत्र की धारणा से जो चलता है उसको सूत्रविहारी कहते हैं, जो बहुसूत्री की आज्ञा में रहता है उसको आज्ञा विहारी कहते हैं अथवा बहुसूत्री विहारी कहते हैं, बहु सूत्री के पास रह कर तथा जिन भगवान् की आज्ञा मन में धारण करके उसी आज्ञा के अनुसार जो चलता है उसको धारणा विहारी कहते हैं तथा सर्वोत्तम आचार से व्यवहार करने वाले साधु के समान जो वर्त्ताव करता है उसको जीव-विहारी कहते हैं।

(प्रश्न)—सूक्ष्म वनस्पति में अनन्त जीव हैं अथवा प्रत्येक जीव हैं?

(उत्तर)—सूक्ष्म वनस्पति में अनन्त जीव हैं किन्तु[3] प्रत्येक जीव नहीं हैं।

(प्रश्न)—एक भव में श्रेणी कितने वार आती है?

(उत्तर)—एक भव में श्रेणी दो वार आती है, देखो! एक वार उपशम श्रेणी आती है, फिर जीव उससे गिर जाता है, तब फिर क्षायिक श्रेणी आती है, उसके कारण वह मुक्ति में चला जाता है, अथवा दोनों वार उपशम श्रेणी ही आती है, अनेक भवों में श्रेणी पाँच वार भी आती है, दो भवों में दो दो वार श्रेणी आती है तथा तीसरे भव में क्षायिक श्रेणी आती है, उसके आने से ही जीव मुक्ति में चला जाता है।

१—तीन ज्ञान वाला। २—पाँच ज्ञान वाला। ३—परन्तु, बल्कि।

(उत्तर)—अनन्तों की संख्यात ढेरियाँ करके सब को निकाल लेवे, केवल एक ढेरी को बाकी रहने दे, इसी को संख्यात गुणहीन कहते हैं।

(प्रश्न)—प्रयोगसी पुद्गल किनको कहते हैं ?

(उत्तर)—जीव जितने पुद्गलों का ग्रहण करता है वे सब पुद्गल प्रयोगसी कहे जाते हैं।

(प्रश्न)—मृषा पुद्गल किनको कहते हैं ?

(उत्तर)—जीव जिन पुद्गलों को छोड़ देता है उन्हें मृषा पुद्गल कहते हैं जैसे नख[१], केश[२] तथा कलेवर[३], इनमें अनेक जाति के जीव हो जाते हैं। मन, वचन और शरीर, इनके योग के सब पुद्गल जो मृषा रूप में परिवर्तित होते[४] हैं वे पुद्गल परिणमित[५] होते जाते हैं तथा छूटते जाते हैं जैसे कि भाषा के पुद्गलों को जीव लेता जाता है तथा छोड़ता जाता है, इसी प्रकार से मृषा पुद्गलों को भी जानना चाहिये।

(प्रश्न)—विस्सा पुद्गल किनको कहते हैं ?

(उत्तर)—वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श और संस्थान, ये सब पुद्गल स्वभाव में परिणत होते हैं, इसी लिये इनको विस्सा पुद्गल कहते हैं जैसे कि किसी वस्तु पर स्वभाव से ही मैल चढ़ जाता है।

(प्रश्न)—नारकी देवता प्रतिपाती ज्ञान से देखता है अथवा अप्रतिपाती ज्ञान से देखता है ?

(उत्तर)—नारकी देवता अप्रतिपाती ज्ञान से देखता है।

(प्रश्न)—उक्त बात क्यों मानी जाती है ?

(उत्तर)—देखो ! सम्यग् दृष्टि से मिथ्यात्वी हो जाता है तथा मिथ्यात्वी से सम्यग् दृष्टि हो जाता है, सम्यग् दृष्टि में तीन ज्ञान पाये जाते हैं तथा मिथ्यात्वी में तीन अज्ञान पाये जाते हैं, यह बात श्रीप्रज्ञापना जी में कही है, इसलिये अवधिदर्शन के साथ में दोनों को पढ़ना

१—नाखून। २—बाल। ३—शरीर। ४—बदल जाते हैं। ५—परिणाम को प्राप्त।

चाहिये अर्थात् अवधिज्ञान और विभंग अज्ञान, इन दोनों को कहना चाहिये, क्योंकि वहाँ पर अवधि का समुच्चयतया पाठ है।

(प्रश्न)—श्रीभगवती सूत्र के आठवें शतक में पाँच विहारों का वर्णन है, कृपया उन विहारों को स्पष्टतया समझावें।

(उत्तर)—उक्त सूत्र में जो पाँच विहारों का वर्णन है उन्हें संक्षेप में इस प्रकार जानना चाहिये कि उन विहारों में से आगम विहारी के विषय में यह कहा गया है कि दश पूर्वधारी से लेकर चौदह पूर्वधारी तक तथा त्रिज्ञानी[1] और पञ्चज्ञानी[2] के विहार में जो चलता है उसको आगम विहारी कहते हैं, सूत्र की धारणा से जो चलता है उसको सूत्रविहारी कहते हैं, जो बहुसूत्री की आज्ञा में रहता है उसको आज्ञा विहारी कहते हैं अथवा बहुसूत्री विहारी कहते हैं, बहु सूत्री के पास रह कर तथा जिन भगवान् की आज्ञा मन में धारण करके उसी आज्ञा के अनुसार जो चलता है उसको धारणा विहारी कहते हैं तथा सर्वोत्तम आचार से व्यवहार करने वाले साधु के समान जो वर्त्ताव करता है उसको जीत-विहारी कहते हैं।

(प्रश्न)—सूक्ष्म वनस्पति में अनन्त जीव हैं अथवा प्रत्येक जीव हैं?

(उत्तर)—सूक्ष्म वनस्पति में अनन्त जीव हैं किन्तु[3] प्रत्येक जीव नहीं हैं।

(प्रश्न)—एक भव में श्रेणी कितने वार आती है?

(उत्तर)—एक भव में श्रेणी दो वार आती है, देखो! एक वार उपशम श्रेणी आती है, फिर जीव उससे गिर जाता है, तब फिर क्षायिक श्रेणी आती है, उसके कारण वह मुक्ति में चला जाता है, अथवा दोनों वार उपशम श्रेणी ही आती है, अनेक भवों में श्रेणी पाँच वार भी आती है, दो भवों में दो दो वार श्रेणी आती है तथा तीसरे भव में क्षायिक श्रेणी आती है, उसके आने से ही जीव मुक्ति में चला जाता है।

१—तीन ज्ञान वाला। २—पाँच ज्ञान वाला। ३—परन्तु, बल्कि।

(उत्तर)—अनन्तों की संख्यात ढेरियाँ करके सब को निकाल लेवे, केवल एक ढेरी को बाकी रहने दे, इसी को संख्यात गुणहीन कहते हैं।

(प्रश्न)—प्रयोगसी पुद्गल किनको कहते हैं ?

(उत्तर)—जीव जितने पुद्गलों का ग्रहण करता है वे सब पुद्गल प्रयोगसी कहे जाते हैं।

(प्रश्न)—मृषा पुद्गल किनको कहते हैं ?

(उत्तर)—जीव जिन पुद्गलों को छोड़ देता है उन्हे मृषा पुद्गल कहते हैं जैसे नख[1], केश[2] तथा कलेवर[3], इनमें अनेक जाति के जीव हो जाते हैं। मन, वचन और शरीर, इनके योग के सब पुद्गल जो मृषा रूप में परिवर्तित होते[4] हैं वे पुद्गल परिणमित[5] होते जाते हैं तथा छूटते जाते हैं जैसे कि भाषा के पुद्गलों को जीव लेता जाता है तथा छोड़ता जाता है, इसी प्रकार से मृषा पुद्गलो को भी जानना चाहिये।

(प्रश्न)—विस्रसा पुद्गल किनको कहते हैं ?

(उत्तर)—वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श और संस्थान, ये सब पुद्गल स्वभाव में परिणत होते हैं, इसी लिये इनको विस्रसा पुद्गल कहते हैं जैसे कि किसी वस्तु पर स्वभाव से ही मैल चढ़ जाता है।

(प्रश्न)—नारकी देवता प्रतिपाती ज्ञान से देखता है अथवा अप्रतिपाती ज्ञान से देखता है ?

(उत्तर)—नारकी देवता अप्रतिपाती ज्ञान से देखता है।

(प्रश्न)—उक्त बात क्यों मानी जाती है ?

(उत्तर)—देखो! सम्यग् दृष्टि से मिथ्यात्वी हो जाता है तथा मिथ्यात्वी से सम्यग् दृष्टि हो जाता है, सम्यग् दृष्टि में तीन ज्ञान पाये जाते हैं तथा मिथ्यात्वी में तीन अज्ञान पाये जाते हैं, यह बात श्रीप्रज्ञापना जी में कही है, इसलिये अवधिदर्शन के साथ में दोनों को कहना

१—नाखुन। २—बाल। ३—शरीर। ४—बदल जाते हैं। ५—परिणाम को प्राप्त।

चाहिये अर्थात् अवधिज्ञान और विभंग अज्ञान, इन दोनों को कहना चाहिये, क्योंकि वहाँ पर अवधि का समुच्चयतया पाठ है।

(प्रश्न)—श्रीभगवती सूत्र के आठवें शतक में पाँच विहारों का वर्णन है, कृपया उन विहारों को स्पष्टतया समझावें।

(उत्तर)—उक्त सूत्र में जो पाँच विहारों का वर्णन है उन्हें संक्षेप में इस प्रकार जानना चाहिये कि उन विहारों में से आगम विहारी के विषय में यह कहा गया है कि दश पूर्वधारी से लेकर चौदह पूर्वधारी तक तथा त्रिज्ञानी[1] और पञ्चज्ञानी[2] के विहार में जो चलता है उसको आगम विहारी कहते हैं, सूत्र की धारणा से जो चलता है उसको सूत्रविहारी कहते हैं, जो बहुसूत्री की आज्ञा में रहता है उसको आज्ञा विहारी कहते हैं अथवा बहुसूत्री विहारी कहते हैं, बहु सूत्री के पास रह कर तथा जिन भगवान् की आज्ञा मन में धारण करके उसी आज्ञा के अनुसार जो चलता है उसको धारणा विहारी कहते हैं तथा सर्वोत्तम आचार से व्यवहार करने वाले साधु के समान जो वर्त्ताव करता है उसको जीत-विहारी कहते हैं।

(प्रश्न)—सूक्ष्म वनस्पति में अनन्त जीव हैं अथवा प्रत्येक जीव हैं?

(उत्तर)—सूक्ष्म वनस्पति में अनन्त जीव हैं किन्तु[3] प्रत्येक जीव नहीं हैं।

(प्रश्न)—एक भव में श्रेणी कितने वार आती है?

(उत्तर)—एक भव में श्रेणी दो वार आती है, देखो! एक वार उपशम श्रेणी आती है, फिर जीव उससे गिर जाता है, तब फिर क्षायिक श्रेणी आती है, उसके कारण वह मुक्ति में चला जाता है, अथवा दोनों वार उपशम श्रेणी ही आती है, अनेक भवों में श्रेणी पाँच वार भी आती है, दो भवों में दो दो वार श्रेणी आती है तथा तीसरे भव में क्षायिक श्रेणी आती है, उसके आने से ही जीव मुक्ति में चला जाता है।

१—तीन ज्ञान वाला। २—पाँच ज्ञान वाला। ३—परन्तु, बल्कि।

(प्रश्न)—जीवाभिगम सूत्र में स्थावर तीन कहे गये हैं वे स्थावर कौन से हैं ?

(उत्तर)—पृथ्वी, जल और वनस्पति ये तीन स्थावर हैं।

(प्रश्न)—त्रसकाय के कितने भेद हैं ?

(उत्तर)—त्रसकाय के भी तीन भेद हैं—तेजस्काय, वायुकाय और औदारिक, इनको भयशील[१] तथा चलनशील[२] होने से त्रस कहते हैं।

(प्रश्न)—जल का भी चलन स्वभाव है तो उसको त्रसकाय क्यों नहीं कहा है ?

(उत्तर)—जल की ऊर्ध्वगमन[३] की शक्ति नहीं है, किंतु उसकी नीचे की ओर जाने की शक्ति है, अत[४] उसको त्रसकाय नहीं कहा है।

(प्रश्न)—बाईस परिषहों का चार कर्मों मे समावेश होता है वह किस प्रकार से होता है ?

(उत्तर)—ज्ञानावरणीय, वेदनीय, मोहनीय और अन्तराय, इन चार कर्मों में बाईस परिषहों का समावेश होता है, उन्हें इस प्रकार जानना चाहिये कि ज्ञानावरणीय में क्रम से दो परीषह होते हैं तथथा पनापरीषह और ज्ञानपरीषह, वेदनी में क्रम से ग्यारह परीषह होते हैं उनमें से ९ का वेदन करता है, दर्शन मोहनीय में एक परीषह रहता है उसको दर्शन परीषह कहते हैं इसी का वेदन करता है, चारित्र मोहनीय में सात परीषहों का वेदन करता है, अन्तराय में एक अलाभ परीषह है उसी का वेदन करता है, जिसको सात तथा आठ कर्मों का बन्धन होता है उसमें २२ परीषह होते हैं, वह २० परीषहों का वेदन करता है।

(प्रश्न)—छ कर्मों के बाँधने वाले तथा सराग छद्मस्थ[५] के कितने परीषह होते हैं ?

१—भययुक्त। २—चलने के स्वभाव वाला। ३—ऊपर को जाने की। ४—इसलिये। ५—राग के सहित छद्मस्थ।

(उत्तर) उनके १४ परीषह होते हैं तथा वे १२ परीषहों का वेदन करते हैं, एक कर्म के बाँधने वाले छद्मस्थ वीतराग के १४ परीषह होते हैं, एक कर्म के बाँधने वाले केवली में ११ परीषह होते हैं।

(प्रश्न)—जुगलियापन में कितने ज्ञानों को पाता है ?

(उत्तर)—जुगलियापन में दो ज्ञानों को पाता है अर्थात् जघन्य और मध्यम ज्ञान को पाता है किन्तु उत्कृष्ट ज्ञान को नहीं पाता है।

(प्रश्न)—नारकी जीव की योनि कौनसी मानी जाती है ?

(उत्तर)—जो नारकी जीव नैरयिक कुम्भी में उत्पन्न होता है उसकी तैजस योनि जाननी चाहिये, शीतयोनि में उत्पन्न होने वाले जीव को उष्णता की वेदना[1] होती है तथा उष्णयोनि में उत्पन्न जीव को शीत की वेदना होती है, वे अपनी २ योनि में सुख पाते हैं।

(प्रश्न)—देवयोनि के विषय में कथन कीजिये ?

(उत्तर)—देवता की शीत योनि जाननी चाहिये।

(प्रश्न)—तेजस् काय में कौनसी योनि है ?

(उत्तर)—तेजस् काय में उष्ण योनि मिलती है, अत[2] वह शीत में मर जाता है।

(प्रश्न)—देवता की अचित्त योनि क्यों कही गई है ?

(उत्तर)—देखो ! जीव में जीव नहीं पैदा होता है, वह पास में अचित्त विरति को करता है।

(प्रश्न)—पाँच स्थावरों में तथा तीन विकलेन्द्रियों में तीन योनियाँ क्यों मिलती हैं ?

(उत्तर)—जो जीव जीव के सचित्त शरीर का आहार लेता है इसलिये उसकी सचित्त योनि कही गई है, जो जीव अचित्त का अहार करता है उसकी अचित्त योनि कही गई है।

१—तकलीफ, कष्ट। २—इसलिये।

(प्रश्न)—आठ कर्मों का बाँधना किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—देखो ! ज्ञानावरणीय छः प्रकार का है, उसका जो बँधन है उसे ज्ञानावरणीय कहते हैं, इसी प्रकार से शेष कर्मों के विषय में भी जान लेना चाहिये।

(प्रश्न)—उदय किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—जिसके उपस्थित[1] होने पर फल की प्राप्ति होती है अथवा नहीं होती है उसको उदय कहते हैं, जैसे ज्ञानावरणीय का उदय होने पर अज्ञान रूप फल की प्राप्ति होती है तथा ज्ञानरूप फल की प्राप्ति नहीं होती है, अर्थात् उद्यम करने पर भी ज्ञान नहीं मिलता है, इसी प्रकार से सब कर्मों के विषय में जान लेना चाहिये।

(प्रश्न)—उदीरणा किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—कर्मों की उदीरणा यह कहलाती है कि जिसके होने पर जीव किसी विषय से पराङ्मुख[2] रहता है, जैसे ज्ञानावरणीय कर्म की उदीरणा होने पर जीव ज्ञानप्राप्ति के लिये उद्यम ही नहीं करता है अर्थात् उससे पराङ्मुख रहता है।

(प्रश्न)—शब्द आदि विषयों का ग्रहण स्पृष्टों[3] का होता है अथवा अस्पृष्टों[4] का होता है ?

(उत्तर)—शब्द का तो स्पृष्ट का ग्रहण करता है, रूप को अस्पृष्ट को ही देखता है, तथा गन्ध, रस और स्पर्श का बद्धस्पृष्ट का ग्रहण करता है।

(प्रश्न)—बद्धस्पृष्ट किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—जो शरीर को शक्ति देता है तथा भले बुरे रस को देता है उसे बद्धस्पृष्ट कहते हैं।

१—विद्यमान, मौजूद। २—बहिर्मुख। ३—इन्द्रिय से छुए हुओं का। ४—इन्द्रिय से न छुए हुओं का।

(प्रश्न)—भाषा के पुद्गलों का किस प्रकार ग्रहण करता है ?

(उत्तर)—भाषा के स्थिरभूत पुद्गलों का ग्रहण करता है, उनका अनन्त प्रदेशियों का ग्रहण करता है, एवं अनन्त प्रदेशियों का ग्रहण करता है तथा असंख्यात आकाश प्रदेश को अवगाढ करके अनन्त प्रदेशी चतुःस्पर्शी पुद्गलों का ग्रहण करता है।

(प्रश्न)—भाषा में और शब्द में क्या अन्तर है ?

(उत्तर)—जीव जिसको बोलता है उसे भाषा कहते हैं तथा अजीव[1] में से जो ध्वनि[2] निकलती है उसको शब्द कहते हैं।

(प्रश्न)—एक समय में ग्रहण किये पुद्गलों को कितने समयों में निकालता है ?

(उत्तर)—एक समय में ग्रहण किये हुए पुद्गलों को एक ही समय में निकालता है, अनेक समयों की स्थिति अन्तर्मुहूर्त्त की है, इसलिये अनेक समयों में ग्रहण किये हुए पुद्गलों को अन्तर्मुहूर्त्त में निकालता है, देखो ! आचाराङ्गसूत्र में कहा है कि—"जाणंती नो जाणंती" इसका आशय यही है जो ऊपर कहा गया है।

(प्रश्न)—आयुः कर्मबन्धन कहाँ तक होता है ?

(उत्तर)—आयुः कर्म को जीव पहिले गुणस्थान से लेकर सातवें गुणस्थान तक बाँधता है, इससे आगे नहीं बाँधता है।

(प्रश्न)—मोहनीय कर्म को कहाँ तक बाँधता है ?

(उत्तर)—मोहनीय कर्म को पाप कर्म कहा गया है, उसका बन्ध पहिले गुणस्थान से लेकर नवें गुणस्थान तक होता है, इससे आगे नहीं होता है।

(प्रश्न)—क्षयोपशम किस को कहते हैं ?

१—जड़, अचेतन। २—आवाज़।

(प्रश्न)—आठ कर्मों का बाँधना किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—देखो ! ज्ञानावरणीय छः प्रकार का है, उसका जो बँधन है उसे ज्ञानावरणीय कहते हैं, इसी प्रकार से शेष कर्मों के विषय में भी जान लेना चाहिये ।

(प्रश्न)—उदय किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—जिसके उपस्थित[1] होने पर फल की प्राप्ति होती है अथवा नहीं होती है उसको उदय कहते हैं, जैसे ज्ञानावरणीय का उदय होने पर अज्ञान रूप फल की प्राप्ति होती है तथा ज्ञानरूप फल की प्राप्ति नहीं होती है, अर्थात् उद्यम करने पर भी ज्ञान नहीं मिलता है, इसी प्रकार से सब कर्मों के विषय में जान लेना चाहिये ।

(प्रश्न)—उदीरणा किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—कर्मों की उदीरणा वह कहलाती है कि जिसके होने पर जीव किसी विषय से पराङ्मुख[2] रहता है, जैसे ज्ञानावरणीय कर्म की उदीरणा होने पर जीव ज्ञानप्राप्ति के लिये उद्यम ही नहीं करता है अर्थात् उससे पराङ्मुख रहता है ।

(प्रश्न)—शब्द आदि विषयों का ग्रहण स्पृष्टों[3] का होता है अथवा अस्पृष्टों[4] का होता है ?

(उत्तर)—शब्द का तो स्पृष्ट का ग्रहण करता है, रूप को अस्पृष्ट को ही देखता है, तथा गन्ध, रस और स्पर्श का बद्धस्पृष्ट का ग्रहण करता है ।

(प्रश्न)—बद्धस्पृष्ट किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—जो शरीर को शक्ति देता है तथा भले बुरे रस को देता है उसे बद्धस्पृष्ट कहते हैं ।

१—विद्यमान, मौजूद । २—बहिर्मुख । ३—इन्द्रिय से छुए हुओं का । ४—इन्द्रिय से न छुए हुओं का ।

(उत्तर)—संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त प्रत्येक छः कायों का आरम्भ करता है, एक समय में एक काय का आरम्भ करता है, परन्तु एक काय का आरम्भ करने वाले को ऐसा तो प्रत्याख्यान नहीं होता है कि मैं एक का तो आरम्भ करूँगा, अर्थात् पृथिवी काय का तो आरम्भ करूँगा किन्तु औरों का नहीं करूँगा तात्पर्य[1] यह है कि उसको ऐसा त्याग नहीं होता है, इस रीति से उसे अठारह पापों का सेवन करने वाला कहना चाहिये, अर्थात् उसे असयती और अविरती कहना चाहिये।

(प्रश्न)—असंज्ञी[2] के विषय में कथन कीजिये।

(उत्तर)—पाँच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय, असंज्ञी मनुष्य तथा असंज्ञी तिर्यग्, इन सब में मन नहीं है, मन के न होने के कारण इनमें तर्क और वितर्क भी नहीं हैं, परन्तु अठारह पापों से इनकी निवृत्ति नहीं है, इसलिये सब जीवों से वैर होने के कारण ये अप्रतिघाती होते हैं।

(प्रश्न)—युगगड आदि भूमियों का वर्णन कीजिये।

(उत्तर)—युगगड भूमि के जीव तीर्थङ्करों के पट्ट पर बैठ २ कर मुक्ति को जाते हैं, पर्याय अन्तगड भूमि के जीव अन्तर्मुहूर्त का पर्याय पालकर भाव से मुक्ति को प्राप्त होते हैं, जैसे मोरा देवी माता अन्तर्मुहूर्त का पर्याय पालकर भाव से मुक्ति को प्राप्त हुई।

(प्रश्न)—प्रत्येक शरीर इकट्ठे पिण्डरूप में कैसे रहते हैं ?

(उत्तर)—इस विषय को दृष्टान्त[3] देकर समझाया जाता है देखो! किसी मनुष्य ने गुड़ की चासनी में सरसों को मिलाकर लड्डू बना लिये, इस दशा में पिण्ड के एक होने पर भी सरसों जुदी २ रहती है, इसी प्रकार से असंख्यात[4] शरीरों का पिण्ड[5] एक होने पर भी प्रत्येक जीव का शरीर जुदा २ होता है।

१—मतलब। २—संज्ञा से रहित। ३—मिसाल। ४—गणना रहित। ५—[illegible]।

(उत्तर)—एक भाग का जो क्षय होना है तथा एक भाग जो उपशम (शान्तावस्था) है उसको क्षयोपशम कहते हैं, जैसे देखो। अग्नि का पुंज है, उस पुञ्ज में से कुछ भाग का जो बुझ जाना है शेष भाग का जो राख के अन्दर ढक जाना है, यही क्षयोपशम का स्वरूप[1] है, ग्रन्थों में इसका नाम संयोजना भी कहा गया है, दूसरी रीति से इसका स्वरूप यों भी जानना चाहिये कि जो आयु कर्म मिथ्यात्व के सामने आता है, उसका जो उपशमन[2] करना है इसको क्षयोपशम कहते हैं।

(प्रश्न)—स्त्री को आहारक लब्धि नहीं मिलती है, किन्तु केवली की लब्धि मिल जाती है, यह बात क्यों मानी जाती है ?

(उत्तर)—देखो ! वासुदेव की आगति ३२ की है, भवनपति तथा व्यन्तर की आगति नहीं होती है, चक्रवर्ती की आगति ८२ की है, क्योंकि वह भवनपति से आया हुआ होता है, इस प्रकार से स्त्री को मोक्ष भी होता है।

(प्रश्न)—त्रसकाय आदि की उत्पत्ति कहाँ २ होती है ?

(उत्तर)—पृथिवी काय में त्रसकाय उत्पन्न होता है, अप्काय में भी त्रसकाय उत्पन्न होता है, क्योंकि पानी में जीव पड़ जाते हैं, तेजस्काय में भी कुंथुआ आदि उत्पन्न होते हैं, वनस्पति में भी त्रसकाय की उत्पत्ति होती है तथा त्रसकाय जीव के शरीर में पानी के जीव भी उत्पन्न होते हैं, मोनीमरा आदि को लेकर तेजस्काय के भी जीव उत्पन्न होते हैं तथा वायु काय के भी जीव उत्पन्न होते हैं।

(प्रश्न)—सञ्ज्ञी[3] पञ्चेन्द्रिय[4] पर्याप्त[5] प्रत्येक कितने कार्यों का आरम्भ करता है ?

१—इसी प्रकार से कर्म के विषय में जान लेना चाहिये। २—शान्तावस्था ३—संज्ञा वाला। ४—पाँच इन्द्रियों वाला। ५—पर्याप्तियों से युक्त।

(उत्तर)—संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त प्रत्येक छः कायोंका आरम्भ करता है, एक समय में एक काय का आरम्भ करता है, परन्तु एक काय का आरम्भ करने वाले को ऐसा तो प्रत्याख्यान नहीं होता है कि मैं एक का तो आरम्भ करूँगा, अर्थात् पृथिवी काय का तो आरम्भ करूँगा किन्तु औरों का नहीं करूँगा तात्पर्य[1] यह है कि उसको ऐसा त्याग नहीं होता है, इस रीति से उसे अठारह पापों का सेवन करने वाला कहना चाहिये, अर्थात् उसे असंयती और अविरती कहना चाहिये।

(प्रश्न)—असंज्ञी[2] के विषय में कथन कीजिये।

(उत्तर)—पाँच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय, असंज्ञी मनुष्य तथा असंज्ञी तिर्यग्, इन सब में मन नहीं है, मन के न होने के कारण इनमें तर्क और वितर्क भी नहीं हैं, परन्तु अठारह पापों से इनकी निवृत्ति नहीं है, इसलिये सब जीवों से वैर होने के कारण ये अप्रतिघीर्य होते हैं।

(प्रश्न)—युगगड आदि भूमियों का वर्णन कीजिये।

(उत्तर)—युगगड भूमि के जीव तीर्थङ्करों के पट्ट पर बैठ २ कर मुक्ति को जाते हैं, पर्याय अन्तगड भूमि के जीव अन्तर्मुहूर्त का पर्याय पानकर भाव से मुक्ति को प्राप्त होते हैं, जैसे मोरा देवी माता अन्तर्मुहूर्त का पर्याय पानकर भाव से मुक्ति को प्राप्त हुई।

(प्रश्न)—प्रत्येक शरीर इकट्ठे पिण्डरूप में कैसे रहते हैं?

(उत्तर)—इस विषय को दृष्टान्त[3] देकर समझाया जाता है देखो! किसी मनुष्य ने गुड की चासनी में सरसों को मिलाकर लड्डू बना लिये, इस दशा में पिण्ड के एक होने पर भी सरसों जुदी २ रहती है, इसी प्रकार [illegible] असंख्यात[4] शरीरों का पिण्ड[5] एक होने पर भी प्रत्येक जीव [illegible] शरीर जुदा २ होता है।

१—मतलब। २—मन से रहित। ३—मिसाल। ४—संख्या रहित। ५—गोला।

(प्रश्न)—चक्रवर्ती के रहने पर तमस गुफा का द्वार क्या खुला रहता है ?

(उत्तर)—जब तक चक्रवर्ती रहता है तब तक तमस गुफा का द्वार खुला रहता है, उसके काल करने के बाद भी छः मास तक खुला रहता है।

(प्रश्न)—व्यावहारिक[1] परमाणु किस को कहते हैं तथा वह कैसे बनता है ?

(उत्तर)—जो सूक्ष्म अनन्त प्रदेशी स्कन्ध एक आकाश पर बैठता है उसे व्यावहारिक परमाणु कहते हैं तथा यह (व्यावहारिक परमाणु) अनन्त सूक्ष्म परमाणु पुद्गलों के मिलने से बनता है, इसे क्षेत्र की आदि का परमाणु जानना चाहिये, जो एक परमाणु एक आकाश पर बैठता है उसे भी व्यावहारिक परमाणु कहते हैं तथा जो संख्यात प्रदेशों पर बैठता है उसको चतुस्पर्शी (चौफरसी) कहते हैं तथा जो असंख्यात प्रदेशों का अवगाहन करता है उसे अष्टस्पर्शी (अठफरसी) जानना चाहिये।

(प्रश्न)—भरत महाराज के कितने पाट किस भवन में केवल ज्ञान को प्राप्त होकर मुक्ति को पधारे तथा भरत नाम किस का होता है ?

(उत्तर)—भरत महाराज के राज के आठ पाट आराता (आदर्श) भवन में केवल ज्ञान को प्राप्त होकर मुक्ति को पधारे, भरत खण्ड में पहिले चक्रवर्ती का नाम भरत होता है तथा यह नाम बदलता नहीं है।

(प्रश्न)—नारकी देवता यदि उत्तर वैक्रिय को करता है तो वह अंगुल के किस भाग में करता है तथा किस भाग में नहीं कर सकता है ?

१—व्यवहार सम्बन्धी।

(उत्तर)—भारकी देवता जब उत्तर वैक्रिय को करता है तो वह अंगुल के संख्यातवें भाग में करता है परन्तु असंख्यातवें भाग में नहीं कर सक्ता है।

(प्रश्न)—अधोलोक की दिशा कुमारियाँ कहाँ रहती हैं तथा नन्दन वन की रहने वाली दिशा कुमारियाँ कहाँ रहती हैं ?

(उत्तर)—अधोलोक[1] की दिशा कुमारियाँ गजदन्त के ऊपर रहती हैं तथा नन्दनवन की रहने वाली दिशा कुमारियाँ ऊर्ध्व में रहती हैं[2]।

(प्रश्न)—तीन विकलेन्द्रियों का उत्कृष्ट अवगाहना में ज्ञान होता है या नहीं होता है ?

(उत्तर)—तीन विकलेन्द्रियों का उत्कृष्ट अवगाहना में ज्ञान नहीं होता है।

(प्रश्न)—क्यों नहीं होता है ?

(उत्तर)—देखो ! विकलेन्द्रियों में अपर्याप्तवस्था[3] में ज्ञान होता है किन्तु पर्याप्तावस्था में ज्ञान नहीं होता है, तथा उत्कृष्ट अवगाहना पर्याप्तावस्था[4] में होती है, इसलिये उनका उत्कृष्ट अवगाहना में ज्ञान नहीं होता है।

(प्रश्न)—द्विप्रदेशी से लेकर सूक्ष्म अनन्त प्रदेशी तक ऊपरले कितने स्पर्शों को पाता है।

(उत्तर)—द्विप्रदेशी से लेकर सूक्ष्म अनन्तप्रदेशी तक ऊपरले चार प्रदेशों को पाता है।

(प्रश्न)—जघन्यस्कन्ध और उत्कृष्ट स्कन्ध तथा मध्यम स्कन्ध किसको कहते हैं ?

1—नीचे का लोक। 2—पाँच सौ योजन का ऊँचा वन है तथा पाँच सौ योजन की कूट है, इस प्रकार से एक हजार योजन का ऊर्ध्व लोक है, तिर्यग् लोक नौ सौ योजन में है, उसका शेष भाग (सौ योजन) ऊर्ध्व लोक में रहता है। 3—पर्याप्तियों से रहित दशा। 4—पर्याप्तियों के सहित दशा।

(प्रश्न)—चक्रवर्ती के रहने पर तमस गुफा का द्वार खुला रहता है ?

(उत्तर)—जब तक चक्रवर्ती रहता है तब तक तमस गुफा का द्वार खुला रहता है, उसके काल करने के बाद भी छ मास तक खुला रहता है।

(प्रश्न)—व्यावहारिक[1] परमाणु किस को कहते हैं तथा वह कैसे बनता है ?

(उत्तर)—जो सूक्ष्म अनन्त प्रदेशी स्कन्ध एक आकाश पर बैठता है उसे व्यावहारिक परमाणु कहते हैं तथा यह (व्यावहारिक परमाणु) अनन्त सूक्ष्म परमाणु पुद्गलों के मिलने से बनता है, इसे क्षेत्र की आदि का परमाणु जानना चाहिये, जो एक परमाणु एक आकाश पर बैठता है उसे भी व्यावहारिक परमाणु कहते हैं तथा जो संख्यात प्रदेशों पर बैठता है उसको चतु स्पर्शी (चौफरसी) कहते हैं तथा जो असंख्यात प्रदेशों का अवगाहन करता है उसे अष्टस्पर्शी (अठफरसी) जानना चाहिये।

(प्रश्न)—भरत महाराज के कितने पाट किस भवन में केवल ज्ञान को प्राप्त होकर मुक्ति को पधारे तथा भरत नाम किस का होता है?

(उत्तर)—भरत महाराज के राज के आठ पाट आरीसा (आदर्श) भवन में केवल ज्ञान को प्राप्त होकर मुक्ति को पधारे, भरत खण्ड में पहिले चक्रवर्ती का नाम भरत होता है तथा यह नाम बदलता नहीं है।

(प्रश्न)—नारकी देवता यदि उत्तर वैक्रिय को करता है तो वह अंगुल के किस भाग में करता है तथा किस भाग में नहीं कर सकता है ?

१—व्यवहार सम्बन्धी।

संयत कहते[1] हैं, गृह का त्याग करने से उसे अनगार कहते[2] हैं, अच्छे प्रकार से व्रतों का पालन करने से उसे सुव्रत कहते[3] हैं, सद्गुणों के कारण प्रतिष्ठित, पूजनीय और माननीय होने के कारण उसको अर्हन् कहते[4] हैं, शरीर और इन्द्रियों को साध कर (वश में कर) जो संयम का निर्वाह करता है उसे साधु कहते[5] हैं अथवा अपने सुख और दुःख की कुछ भी परवा न कर जो पर कार्यों को सिद्ध करता है और दूसरों के कल्याण का साधन करता है उसको साधु कहते[6] हैं, सत्य, हित और मित का भाषण करने के कारण उसे वाचंयम कहते[7] हैं—सच्छास्त्रों का स्वाध्याय और उनका मनन करने के हेतु उसे मुनि कहते[8] हैं, सर्व सांसारिक पदार्थों से विरक्त होकर उनसे निवृत्त हो जाने के कारण उसको सर्वविरति कहते[9] हैं तथा तीनों योगों का यमन (निग्रह) करने से उसे यति कहते[10] हैं।

(प्रश्न)—साधु किस प्रतिमा में पाप को छोड़ देता है ?

(उत्तर)—वह नवीं और दशवीं प्रतिमा में पाप को छोड़ देता है।

(प्रश्न)—मुख्यतया साधु में कौन से दूषण नहीं रहते हैं ?

(उत्तर)—मुख्यतया साधु में मिथ्या भाषण, चोरी, आरम्भ और परिग्रह, ये चार दूषण नहीं रहने चाहियें।

(प्रश्न)—निर्ग्रन्थ नाम का और भी कुछ विवरण कीजिये।

(उत्तर)—ऊपर कहा गया है कि जो बाहरी और भीतरी ग्रन्थि (परिग्रह) का त्याग करता है उसको निर्ग्रन्थ कहते हैं, इसका

१—संयच्छति मन इन्द्रियाणि चात्मानं चेति संयत । २—नास्त्यगारं गृहं यस्य स । ३—सुष्ठुव्रतानि यस्य स सुव्रत । ४—अर्ह पूजायाम्, इस धातु से अर्हन् शब्द बनता है। ५—त्रियोगेण संयमं साध्नोतीति साधु । ६—परकार्याणि परकल्याणं वा साध्नोतीति साधु । ७—वाचंयच्छतीति वाचंयम । ८—मननशीलत्वान्मुनि । ९—दोषेभ्यो विरतिर्यस्य स, यद्वा सर्वेभ्यो विरत इति सर्वविरत इति विग्रहम् । १०—त्रियोगं यच्छति इति यतिः ।

(उत्तर)—द्विप्रदेशी को जघन्य स्कन्ध कहते हैं, जिससे अधिक कोई भी प्रदेशों को नहीं बाँधता है, उसको उत्कृष्ट स्कन्ध कहते हैं तथा जो तीन से लेकर उत्कृष्ट में एक कम रहता है उसको मध्यम स्कन्ध कहते हैं।

(प्रश्न)—सम्मूर्छिम का स्थान क्या है ?

(उत्तर)—सम्मूर्छिम का स्थान (ठिकाना) मनुष्य का विच्छेद[1] है[2]।

(प्रश्न)—ऐसा क्यों माना जाता है ?

(उत्तर)—देखो ! उनकी स्थिति तो अन्तर्मुहूर्त्त की है तथा विरह चौबीस मुहूर्त्त[3] का है।

(प्रश्न)—लोक संज्ञा तथा ओघ संज्ञा किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—जो ज्ञान के उपयोग में वर्त्तता है उसकी लोक संज्ञा है तथा जो दर्शन के उपयोग में वर्त्तता है उसकी ओघ संज्ञा है।

(प्रश्न)—सुना है कि साधु के १२ नाम हैं वे कौन से हैं ?

(उत्तर)—साधु के १२ नाम ये हैं,—श्रमण, निर्ग्रन्थ, भिक्षु, संयत, अनगार, संव्रत, माहन, साधु, वाचंयम, मुनि, सर्वविरति और यति।

(प्रश्न)—साधु के ये नाम अन्वर्थ[4] रक्खे गये हैं अथवा यों ही रक्खे गये हैं ?

(उत्तर)—साधु के ये जो नाम हैं वे सब सार्थक[5] हैं-देखो ! तपस्या में श्रम करने से उसको श्रमण[6] कहते हैं—बाहरी और भीतरी ग्रन्थि (परिग्रह) से रहित होने के कारण उसको निर्ग्रन्थ कहते[7] हैं, भिक्षावृत्ति के द्वारा निर्वाह करने के कारण उसको भिक्षु कहते[8] हैं, मन, इन्द्रिय और आत्मा का संयम (नियमन) करने के कारण उसको

१—नाश। २—तात्पर्य यह है कि मनुष्यों का विच्छेद होने पर संमूर्छिम नहीं होते हैं। ३—यह विषय प्रज्ञापना सूत्र में छठे पद के कहा गया है। ४—यथार्थ। ५—अर्थ सहित। ६—श्राम्यति आत्मानं इति श्रमणः। ७—ग्रन्थेभ्यो निष्क्रान्त इति निर्ग्रन्थः। ८—भिक्षाशीलो भिक्षुः।

संयत कहते[1] हैं, गृह का त्याग करने से उसे अनगार कहते[2] हैं, अच्छे प्रकार से व्रतों का पालन करने से उसे संव्रत कहते[3] हैं, सद्गुणों के कारण प्रतिष्ठित, पूजनीय और माननीय होने के कारण उसको माहन कहते[4] हैं, शरीर और इन्द्रियों को साध कर (वश में कर) जो संयम का निर्वाह करता है उसे साधु कहते[5] हैं अथवा अपने सुख और दुःख की कुछ भी परवा न कर जो पर कार्यों को सिद्ध करता है और दूसरों के कल्याण का साधन करता है उसको साधु कहते[6] हैं, सत्य, हित और मित का भाषण करने के कारण उसे वाचंयम कहते[7] हैं—सच्छास्त्रों का स्वाध्याय और उनका मनन करने के हेतु उसे मुनि कहते[8] हैं, सर्व सांसारिक पदार्थों से विरक्त होकर उनसे निवृत्त हो जाने के कारण उसको सर्वविरति कहते[9] हैं तथा तीनों योगों का यमन (निग्रह) करने से उसे यति कहते[10] हैं।

(प्रश्न)—साधु किस प्रतिमा में पाप को छोड़ देता है ?

(उत्तर)—वह नवीं और दशवीं प्रतिमा में पाप को छोड़ देता है।

(प्रश्न)—मुख्यतया साधु में कौन से दूषण नहीं रहते हैं ?

(उत्तर)—मुख्यतया साधु में मिथ्या भाषण, चोरी, आरम्भ और परिग्रह, ये चार दूषण नहीं रहने चाहियें।

(प्रश्न)—निर्ग्रन्थ नाम का और भी कुछ विवरण कीजिये।

(उत्तर)—ऊपर कहा गया है कि जो बाहरी और भीतरी ग्रन्थि (परिग्रह) का त्याग करता है उसको निर्ग्रन्थ कहते हैं, इसका

१—संयच्छति मन इन्द्रियाणि आत्मानं चेति संयतः। २—नास्त्यगारं गृहं यस्य सः। ३—सुष्ठुव्रतानि यस्य स संव्रतः। ४—मह पूजायाम्, इस धातु से माहन शब्द बनता है। ५—त्रियोगेण संयमं साध्नोतीति साधुः। ६—परकार्याणि परकार्यार्थं वा साध्नोतीति साधुः। ७—वाचं यच्छतीति वाचंयमः। ८—मननशीलत्वान्मुनिः। ९—सर्वेभ्यो विरतिर्यस्य सः, यद्वा सर्वेभ्यो विरत इति सर्वं विरत इति विरतम्। १०—त्रियोग यच्छति इति यतिः।

(उत्तर)—द्विप्रदेशी को जघन्य स्कन्ध कहते हैं, जिससे अधिक कोई भी प्रदेशों को नहीं बाँधता है उसको उत्कृष्ट स्कन्ध कहते हैं तथा जो तीन से लेकर उत्कृष्ट में एक कम रहता है उसको मध्यम स्कन्ध कहते हैं।

(प्रश्न)—सम्मूर्छिम का स्थान क्या है ?

(उत्तर)—सम्मूर्छिम का स्थान (ठिकाना) मनुष्य का विच्छेद[1] है[2]।

(प्रश्न)—ऐसा क्यों माना जाता है ?

(उत्तर)—देखो ! उनकी स्थिति तो अन्तर्मुहूर्त्त की है तथा विरह चौबीस मुहूर्त[3] का है।

(प्रश्न)—लोक संज्ञा तथा ओघ संज्ञा किसको कहते हैं ?

(उत्तर)—जो ज्ञान के उपयोग में वर्त्तता है उसकी लोक संज्ञा है तथा जो दर्शन के उपयोग में वर्त्तता है उसकी ओघ संज्ञा है।

(प्रश्न)—सुना है कि साधु के १२ नाम हैं वे कौन से हैं ?

(उत्तर)—साधु के १२ नाम ये हैं,—श्रमण, निर्ग्रन्थ, भिक्षु, संयत, अनगार, संयत, माहन, साधु, वाचंयम, मुनि, सर्वविरति और यति।

(प्रश्न)—साधु के ये नाम अन्वर्थ[4] रक्खे गये हैं अथवा यों ही रक्खे गये हैं ?

(उत्तर)—साधु के ये जो नाम हैं वे सब सार्थक[5] हैं—देखो ! तपस्या में श्रम करने से उसको श्रमण[6] कहते हैं—बाहरी और भीतरी ग्रन्थि (परिग्रह) से रहित होने के कारण उसको निर्ग्रन्थ कहते[7] हैं, भिक्षावृत्ति के द्वारा निर्वाह करने के कारण उसको भिक्षु कहते[8] हैं, मन, इन्द्रिय और आत्मा का सयम (नियमन) करने के कारण उसको

१—नाश। २—तात्पर्य यह है कि मनुष्यों का विच्छेद होने पर सम्मूर्छिम नहीं होते हैं। ३—यह विषय प्रज्ञापना सूत्र में छठे पद के कहा गया है। ४—सार्थक। ५—अर्थ सहित। ६—तपसि श्राम्यति इति श्रमण। ७—ग्रन्थेर्निष्क्रान्त इति निर्ग्रन्थ। ८—भिक्षाशीलो भिक्षु।

संयत कहते[1] हैं, गृह का त्याग करने से उसे अनगार कहते[2] हैं, अच्छे प्रकार से व्रतों का पालन करने से उसे संव्रत कहते[3] हैं, सद्गुणों के कारण प्रतिष्ठित, पूजनीय और माननीय होने के कारण उसको माहन कहते[4] हैं, शरीर और इन्द्रियों को साध कर (वश में कर) जो संयम का निर्वाह करता है उसे साधु कहते[5] हैं अथवा अपने सुख और दुःख की कुछ भी परवा न कर जो पर कार्यों को सिद्ध करता है और दूसरों के कल्याण का साधन करता है उसको साधु कहते[6] हैं, सत्य, हित और मित का भाषण करने के कारण उसे वाचंयम कहते[7] हैं—सच्छास्त्रों का स्वाध्याय और उनका मनन करने के हेतु उसे मुनि कहते[8] हैं, सर्व सांसारिक पदार्थों से विरक्त होकर उनसे निवृत्त हो जाने के कारण उसको सर्वविरति कहते[9] हैं तथा तीनों योगों का यमन (निग्रह) करने से उसे यति कहते[10] हैं।

(प्रश्न)—साधु किस प्रतिमा में पाप को छोड़ देता है ?

(उत्तर)—यह नवीं और दशवीं प्रतिमा में पाप को छोड़ देता है।

(प्रश्न)—मुख्यतया साधु में कौन से दूषण नहीं रहने हैं ?

(उत्तर)—मुख्यतया साधु में मिथ्या भाषण, चोरी, आरम्भ और परिग्रह, ये चार दूषण नहीं रहने चाहियें।

(प्रश्न)—निर्ग्रन्थ नाम का और भी कुछ विवरण दीजिये।

(उत्तर)—ऊपर कहा गया है कि जो बाहरी और भीतरी ग्रन्थि (परिग्रह) का त्याग करता है उसको निर्ग्रन्थ कहते हैं, इसका

१—संयच्छति मन इन्द्रियाणि आत्मानं चेति संयतः। २—नास्त्यागारं गृहं यस्य सः। ३—सुष्ठु व्रतानि यस्य स संव्रतः। ४—यह पूजार्थक, मह धातु से बना हुआ शब्द है। ५—[illegible] साध्नोतीति साधुः। ६—[illegible] साधयतीति साधुः। ७—वाचं [illegible] वाचंयमः। ८—[illegible] मुनिः। ९—[illegible] विरत इति [illegible] विरत इति [illegible]। १०—[illegible] इति यतिः।

तात्पर्य यह है कि—जो द्रव्यादि परिग्रह रूप बाहरी ग्रन्थि का त्याग करता है तथा चौदह प्रकार के मिथ्यात्त्व, तीन प्रकार के वेद, चार प्रकार के कषाय तथा हिंसा आदि छः प्रकार के आरम्भ रूप भीतरी ग्रन्थि का त्याग करता है उसको निर्ग्रन्थ कहते हैं, बाहरी परिग्रह त्याग तो देखने मात्र का है अर्थात् एक साधारण[1] बात है, इसलिये ९ प्रकार के परिग्रह का त्याग करने से साधु द्रव्य लिंगी[2] होता है तथा १४ प्रकार के परिग्रह का त्याग करने से वह भाव निर्ग्रन्थ[3] होता है।

(प्रश्न)—सामायिक कितने प्रकार का कहा गया है ?

(उत्तर)—श्री अनुयोग द्वार में सामायिक तीन प्रकार का कहा गया है—सम्यक्त्व सामायिक, सूत्र सामायिक तथा चारित्र सामायिक।

(प्रश्न)—कृपा करके इनके स्वरूप को समझाइये।

(उत्तर)—शुद्ध श्रद्धा को सम्यक्त्व सामायिक कहते हैं, ज्ञान संयुक्त सामायिक को सूत्र सामायिक कहते हैं तथा चारित्र शुद्धि और आचार शुद्धि के सहित सामायिक को चारित्र सामायिक कहते हैं।

(प्रश्न)—ये सामायिक किन २ गतियों में पाये जाते हैं ?

(उत्तर)—सम्यक्त्व सामायिक और सूत्र सामायिक चार गतियों में पाया जाता है तथा चारित्र सामायिक तिर्यग् गति में पाया जाता है।

(प्रश्न)—उक्त[4] सामायिकों की स्थिति कितने समय की है ?

(उत्तर)—प्रथम के दो सामायिकों की स्थिति जघन्यतया[5] अन्तर्मुहूर्त्त की तथा उत्कृष्टतया[6] यावज्जीव[7] की होती है तथा चारित्र सामायिक की स्थिति जघन्यतया एक समय की तथा उत्कृष्टतया यावज्जीव की होती है।

१—मामूली। २—द्रव्य के द्वारा लिंगी (चिह्नी) वाला। ३—भाव के द्वारा साधु। ४—कहे हुए। ५—अल्प रीति से। ६—उत्कृष्ट रीति से। ७—जीवन पर्यन्त।

(प्रश्न)—प्रत्याख्यान किस प्रकार का है तथा वह किस का किस प्रकार का होता है ?

(उत्तर)—श्री भगवती सूत्र के सातवें शतक के दूसरे उद्देशक में कहा है कि सुप्रत्याख्यान, और दुःप्रत्याख्यान रूप से प्रत्याख्यान दो प्रकार का है, इनमें से नवतत्वों[1] के जानने वाले का वैराग्य भावपूर्वक[2] सुप्रत्याख्यान होता है, इसकी प्राप्ति पाँचवें से लेकर चौदहवें गुणस्थान तक दश गुण स्थानों में होती है तथा दुःप्रत्याख्यान अज्ञानी[3] का होता है।

४—उपदेशप्रद कुण्डलियाँ।

चौबीसहु जिनवर नमूं, गणधर लागूं पाय।
भगवद् वाणी सरसुतिहिं, निस दिन सुमिरूं माय॥
निस दिन सुमिरूं माय, गुरु चरणन कहँ ध्याऊँ।
चम्पाजी गुरुवर्य[4], सदा मैं शीस नमाऊँ॥
तासु चरन रज दासि भूरीसुन्दरि सर्व हित।
करत कछुक उपदेश, सज्जन गहहु[5] विवेक हित[6] ॥१॥
प्राणघात कीजै नहीं, काहू जीव को जान।
धारि दया मन माँहि सब, भूत आत्म समान॥
भूत आत्म समान, दूर हिंसा कहँ टालहु।
है जिन वचन प्रमान, दया सब निश दिन पालहु॥
भूरीसुन्दरि वचन, सदा सबकहँ हितकारी।
है है खेवा पार, मान जन कही हमारी॥२॥

१—को। २—भाव के साथ। ३—ज्ञान से रहित। ४—श्रेष्ठ गुरु। ५—लो। ६—ज्ञान के लिये।

झूठ कबहु नहिं बोलिये, यह अपयश को धाम[१]।
यातें नसत प्रतीति[२] है, होत मनुज - बेकाम ॥
होत मनुज बेकाम, नरक जावत है प्राणी।
गयो सातवें नरक, वसु राजा कह ज्ञानी ॥
भूरीसुन्दरि कथन, सदा चित माहिं विचारो।
झूठ त्यागि के सदा, करहु आतम - उद्धारो ॥३॥

चोरी कबहुँ न कीजिये, सुनहुँ सुजन चितलाय।
यामें मन उपजत विथा[३], जग में होत हँसाय ॥
जग में होत हँसाय, अशुभ कर्म बन्धन हुवै।
अपयश नर को होत, मिटत नाहिं नर के मुवै ॥
भूरीसुन्दरि वचन, सदा मन धारहु सज्जन।
तजहु अदत्तादान, हुवै नहिं नर कहिं तज्जन[४] ॥४॥

मैथुन दोष महान है, सहे बहुत अपमान।
याके वश है देवहू, सहे बहुत अपमान ॥
सहे बहुत अपमान, मान सब ही विनसायो।
भये दुखन के पार, जिन्हन यह दोष नसायो ॥
भूरीसुन्दरि कहत, होन चाहत भव पारा।
तजहु दोष यह तुरित[५], अवशि ह्वैहै निसतारा[६] ॥५॥

पञ्चम पाप परिग्रहा, सब अनरथ को मूल।
जो यामें रत होत हैं, तिनके शिर पर धूल ॥

१—स्थान। २—विश्वास। ३—कष्ट। ४—भर्त्सना। ५—शीघ्र ही। ६—छुटकारा।

तिनके सिर पर धूल, साधु को ꠰
वेष साधु को धारि, तनिक लज्जा ꠰
भूरीसुन्दरि सीख, सुनहु सब सा
तजहु परिग्रह नेह, इसी में सकल

क्रोध अगनि की ज्वाल जो, सो दुर्गति को मूल ।
कोटि बरस को तपहु तो, यातें होत विमूल ॥
यातें होत विमूल, प्रीति सब नसत सुजाना ।
अवधि नरकमहँ जाय, क्रोध करि मरे निदाना ॥
भूरीसुन्दरि कहत, क्रोध को दूर निवारो ।
पावहु सुन्दर सुखहिं, सकल समता चित धारो ॥७॥

मान दोष सब में बड़ो, मान नरक की खान ।
यातें रावन मरन भो, कियो राम अपमान ॥
कियो राम अपमान, स्वर्ण की लंका खोई ।
ह्वैके विधवा नारि, मन्दोदरि कुल में रोई ॥
भूरीसुन्दरि वचन सुजन, मन दे तुम सिच्छा ।
मानहु सब विधि भला, नहीं तो तुम्हरी इच्छा ॥८॥

मान दुर्योधन नाश भो, मान दुःख को मूल ।
ज्ञानी जन यातें इसे, करत न कबहूँ भूल ॥
करत न कबहूँ भूल, जानि दुख खानी याको ।
होय न कोउ सहाय, मानि है जो नर ताको ॥
भूरीसुन्दरि वचन, जानि हितकर हिय धारो ।
शम्भु प्रसाद कथा, हृदय में सदा विचारो ॥९॥

झूठ जग में अति बुरी, होत मित्रता हान।
यहिं ते नर नारी हुवै, नारि नपुंसक जान॥
नारि नपुंसक जान, सहत बहु वेदन[1] यातें।
श्रीजिन वचन प्रमान, मानि हो दूरहिं यातें॥
भूरीसुन्दरि सीख, सदा हितकारी जानौ।
सब पापन को मूल, अधम माया पहचानौ॥१०॥

लोभ जगत में प्रबल है, याकी मोटी दौर।
दशवें गुनथानक तकहुँ, याकी जग में ठौर[2]॥
याकी जग में ठौर, देत चौरासी धामा।
तातें याको त्यागि, सिद्ध सब होत निकामा[3]॥
भूरीसुन्दरि सीख, मानि लैहै जो प्रानी।
शिवपुर को वह जाय, सदा लहि[4] है सुखखानी॥११॥

राग पाप दशमो कह्यो, यह मोटो जंजाल।
यहि के वश जो होत है, वह नर सदा बेहाल॥
वह नर सदा बेहाल, सुध बुध सब भागै।
चतुराई सब जाय, कर्म बन्धन तब जागै॥
भूरीसुन्दरि वचन, कहत जिनराज विनय करि।
होंहि सकल सुखि मानि, राग अवगुन को परिहरि[5]॥१२॥

द्वेष पाप सब में बड़ो, यातें होत अकाज।
होत कलह घर [illegible] सदा, जब हो याको राज॥
जब हो याको राज, सुनो तुम प्यारे भविका।
फिरै चतुर्गति माहिं, पार होवै नहिं नविका[6]॥

१—कष्ट। २—स्थान। ३—कर्मरहित। ४—पावेगा। ५—छोड़ कर।
६—नाव।

भूरीसुन्दरि वचन, सुनहु चित दै सब भैया।
त्यागि द्वेष यह देहु, बनोगे मुक्ति लहैया[1] ॥१३॥

क्लेश कबहुँ नहिं कीजिये, यातें सम्पति हान।
कोपाग्नी[2] यातें प्रबल, ह्वै जारत सुख मान॥
ह्वै जारत सुख मान, समाधी सबै भगावै।
बुरी वासना जाग, सदा बहु पाप कमावै॥
भूरीसुन्दरि कहत, सुनहु नर त्यागहु याको।
ह्वैहै ईश सहाय, त्यागि जो दैहै[3] ताको ॥१४॥

निज मुख अभ्याख्यान[4] जो, वदत साधु अज्ञान।
कर्म बन्धन ताको हुवै, जानि लेहु मतिमान॥
जानि लेहु मतिमान, याहि तुम तजहु सुजाना।
ह्वैहै कर्म संयोग, नहीं तो सब विधि नाना॥
भूरीसुन्दरि सीख, नित्त ही चितमहँ धारो।
अभ्याख्यान सदोष, सदा याको विनिवारो ॥१५॥

पहिना चुगली मत करो, हमरी तुम्हरी हानि।
यातें कर्म बंधात है, मिलत दुःख की खानि॥
मिलत दुःख की खानि, नाम को बट्टा लागै।
चुगली सुनि हरषाय, वहू[5] पुनि नरक को जावै॥
भूरीसुन्दरि कहत, सुनो तुम मेरा कहना।
चुगली मोटो पाप, तजहु तुम तुरितहिं[6] बहना ॥१६॥

मुख से पर औगुन नहीं, भाषहु धीर सुजान।
कर्म बन्ध यहिं चीकना, तातें सुख की हान॥

१—पाने वाले। २—क्रोध रूपी अग्नि। ३—देगा। ४—प्रशंसा।
५—वह भी। ६—शीघ्र ही।

भेद जग में अति बुरी, होत मित्रता हान।
यहि ते नर नारी हुवै, नारि नपुंसक जान॥
नारि नपुंसक जान, सहत बहु वेदन[1] यातें।
श्रीजिन वचन प्रमान, मानि हो दूरहिं यातें॥
भूरीसुन्दरि सीख, सदा हितकारी जानौ।
सब पापन को मूल, अधम माया पहचानौ॥१०॥

लोभ जगत में प्रबल है, याकी मोटी दौर।
दशवें गुनथानक तकहुँ, याकी जग में ठौर[2]॥
याकी जग में ठौर, देत चौरासी धामा।
तातें याको त्यागि, सिद्ध सब होत निकामा[3]॥
भूरीसुन्दरि सीख, मानि लैहै जो प्रानी।
शिवपुर को वह जाय, सदा लहि[4] है सुखखानी॥११॥

राग पाप दशमो कह्यो, यह मोटो जंजाल।
यहि के वश जो होत है, वह नर सदा बेहाल॥
वह नर सदा बेहाल, सुध बुध सब भागै।
चतुराई सब जाय, कर्म बन्धन तब जागै॥
भूरीसुन्दरि वचन, कहत जिनराज विनय करि।
होंहि सकल सुखि प्रानि, राग अवगुन को परिहरि[5]॥१२॥

द्वेष पाप सब में बड़ो, यातें होत अकाज॥
होत कलह घर में सदा, जब हो याको राज॥
जब हो याको राज, सुनो तुम प्यारे भविका।
फिरै चतुर्गति माहिं, पार होवै नहिं नविका[6]॥

१—दुःख। २—स्थान। ३—कर्मरहित। ४—पावेगा। ५—छोड़ कर।
६—नाव।

भूरीसुन्दरि वचन, सुनहु चित दै सब भैया।
त्यागि द्वेष यह देहु, बनोगे मुक्ति लहैया[1] ॥१३॥

क्लेश कबहुँ नहिं कीजिये, यातें सम्पति हान।
कोपाग्नी[2] यातें प्रबल, है जारत सुख मान॥
है जारत सुख मान, समाधी सबै भगावै।
बुरी वासना जाग, सदा बहु पाप कमावै॥
भूरीसुन्दरि कहत, सुनहु नर त्यागहु याको।
ह्वै है ईश सहाय, त्यागि जो दैहै[3] ताको ॥१४॥

निज मुख अभ्याख्यान[4] जो, वदत साधु अज्ञान।
कर्म बन्धन ताको हुवै, जानि लेहु मतिमान॥
जानि लेहु मतिमान, याहि तुम तजहु सुजाना।
ह्वै है कर्म संयोग, नहीं तो सब विधि नाना॥
भूरीसुन्दरि सीख, नित्त ही चितमहँ धारो।
अभ्याख्यान सदोष, सदा याको विनिवारो ॥१५॥

बहिना चुगली मत करो, हमरी तुम्हरी हानि।
यातें कर्म बंधात है, मिलत दुःख की खानि॥
मिलत दुःख की खानि, नाम को बट्टा लागै।
चुगली सुनि हरपाय, वहू[5] पुनि नरक को जावै॥
भूरीसुन्दरि कहत, सुनो तुम मेरा कहना।
चुगली मोटो पाप, तजहु तुम तुरतहिं[6] बहना ॥१६॥

मुख से पर औगुन नहीं, भाषहु धीर सुजान।
कर्म बन्ध यहिं चीकना, तातें सुख की हान॥

१—पाने वाले। २—क्रोध रूपी अग्नि। ३—देगा। ४—प्रशंसा।
५—वह भी। ६—शीघ्र ही।

तातें सुख की हान, सदा पर अवगुन ढाको।
पावहु सदा सुमान, छोड़ि के सब विधि थाको॥
भूरीसुन्दरि कहत, नहीं पर अवगुन भाखो।
ताते हो सम्मान, अन्त मुक्ती रस चाखो॥१७॥

थिरता मन राखहु सदा, रति अरती बिलगाय[१]।
मन समता को ठाम[२] है, पावहु सौख्य सुभाय॥
पावहु सौख्य सुभाय, सदा धीरज गुण धारो।
करो आत्म कल्यान, शोक हरिपहिं विनिवारो[३]॥
भूरी सुन्दरि कहत, सुनहु प्रभु सब सुखकन्दा।
ध्याऊँ तुव[४] पद कञ्ज[५], कटै सब मेरो फन्दा॥१८॥

पर धन कबहुँ न राखिये, यह है मोटी घात।
अल्प जिवन के हेतु रे, मती बिगाड़े बात॥
मती बिगाड़े बात, सीख सद्गुरु जो माने।
जग में होय सुखारि, पहुँचे स्वर्ग विमाने॥
भूरीसुन्दरि वचन, सदा हितकारी जानो।
परधन त्यागो सदा, अवशि[६] है जगतें जानो॥१९॥

मिथ्यादर्शन शल्य है, सब शल्यन सिरमौर।
इसका आदि न अन्त है, कहा कहूँ मैं और॥
कहा कहूँ मैं और, याहि गहि[७] बहुँ गति भटकै।
चाहें साधू होय, सोऊ पुनि दुर्गति लटकै॥
भूरीसुन्दरि वचन, सुनहु मन दै सब प्रानी।
जो नर यहि को त्याग, वही पूरा है ज्ञानी॥२०॥

१—दूर करके। २—स्थान। ३—दूर कर दो। ४—तुम्हारे ५—चरण कमल। ६—अवश्य। ७—पकड़ कर।

साधू भैया भिक्षुणी[1], बहना सुनो पुकार।
पाप अठारह छोड़ दो, होवै तुव निसतार[2]॥
होवै तुव निसतार, गहो जिन मारग सुन्दर।
नवहूँ पदारथ ज्ञान, गहो नितही जो सुन्दर॥
भूरीसुन्दरि कहत, गुरु चम्पा जी चेली।
मनमहँ हरप अपार, शरण जय गुरु की लेली॥२१॥

विनय सदा गुरु को करो, गुरुजन विनय अनूप[3]।
यातें आत्म उधार है, परत नहीं भव कूप[4]॥
परत नहीं भव कूप, ज्ञान उपजत है नीका।
जागत सौम्य[5] विवेक, मिटत संशय सब जीका॥
भूरीसुन्दरि कहत, गुरुनति पकड़हु भाई।
दुरहिं[6] सबै तुव[7] पाप, अन्तमहँ होइ भलाई॥२२॥

मूरख नर फूलो फिरत, देखि विभूती आप।
मद तें होत जो दोष है, नहिं समुझत तिहिं ताप॥
नहिं समुझत तिहिं ताप, सदा झूमै जिमि रम्भा।
नहिं सोचत परिनाम, सदा मन राखत दम्भा॥
भूरीसुन्दरि कहत, जगत को सहत उलम्भा।
जगत मूढ़ कह ताहिं, हमै लखि[8] होत अचम्भा॥२३॥

प्यारे सज्जन मीत तुम, गहौ अतिथी सत्कार[9]।
गृह आपे कहँ करहु तुम, जथा जोग[10] उपकार॥

१—साध्वी। २—छुटकारा। ३—अनोखा। ४—संसार रूपी कुए में।
५—सुन्दर। ६—दूर हों। ७—तुम्हारे। ८—देखकर। ९—अतिथि सत्कार।
१०—यथा योग्य।

जथा जोग उपकार, भवन आगत को कीजै।
यथाशक्ति सम्मान, अवशि ताही को कीजै॥
भूरीसुन्दरि कहत, सुखद है अतिथी सेवा।
करहु सदा हिय धार, पार हो तुम्हरो खेवा॥२४॥

माला मन से फेरहू, मन माला सुखकार।
मन माला फेरत सदा, ताकहँ स्वर्ग दुआर॥
ताकहँ स्वर्ग दुआर, मिलत कछु संशय नाहीं।
ज्योती[1] को शुभ भास[2], होत ता नर मन माहीं॥
भूरीसुन्दरि कहत, विना मन फेरे माला।
हँसि है सकल जहान, जानि है तव हिय काला॥२५॥

पर धन पर तिय तें सदा, दूर रहो मतिमान।
करत नेह तातें मनुज[3], परत अवशि दुख खान॥
परति अवशि दुख खान, जगत हो निन्दा भारी।
होत बुरो परिनाम, सकल नर देवहिं गारी॥
भूरीसुन्दरि कहत, तजहु इन दोनहुँ[4] भैया।
अवशि होयगी पार, भवोदधि[5] तुम्हरी नैया[6]॥२६॥

पाय जवानी मूढ़ नर, करत बहुत उत्पात।
धर्म मर्म जानत नहीं, करत अनेकन घात॥
करत अनेकन घात, सयँ कुछ जानत धामा[7]।
करत ताहिं तें प्रेम, अहै जो नरक को धामा[8]॥

१—प्रकाश। २—चमक। ३—मनुष्य। ४—दोनों को। ५—संसार
[illegible]

भूरीसुन्दरि कहत, सुनहु मूरख जन बात[1]।
तजें जु सकल कुचाल, अन्त महँ सुगती[1] जात[2] ॥२७॥

कर्म[1] करें तें बावरे, काटैं ते ही शूर।
कर्म बीज संसार का, कर्म बिगारे नूर॥
कर्म बिगारे नूर, नरक नर को लै जावे।
चहुँगति कर्महिं होत, नीच यातें कहलावे॥
भूरीसुन्दरि कहत, नाच यह सकल नचावे।
देव दनुज[4] सब लोक, सबहिं कहँ खेल खिलावे॥२८॥

खमा[5] सौम्य गुण जगत में, याहि गहौ सब कोय।
खमाधारि सब सुख लहैं[6], याहीं तें जस होय॥
याहीं तें जस होय, सुनो तुम उत्तम प्रानी।
खन्दकादि मुनिराज, खमाधारी सद्‌ ज्ञानी॥
भूरीसुन्दरि कहत, सदा यहि गुण कहँ धारो।
हैहै खेवा पार, भये[7] आतम[8] उद्धारो॥२९॥

गरब करे मत जीवड़ा, गरब करे दुख होय।
गरब करे रावन पर्यो, पङ्क ममा महँ जोय[9]॥
पङ्क ममा महँ जोय, राम ने गर्व नसायो।
भयो लंक को नाश, सुतादिक मरण जु पायो॥
भूरीसुन्दरि सीख, मानि तज दो गरबारी[10]।
हैहै सकल समाधि, आतमा सदा सुखारी॥३०॥

१—अच्छी गति में। २—जाता है। ३—सब यहां से क का खतोनी लिखी जाती है। ४—दानव। ५—क्षमा। ६—पाते हैं। ७—होने पर। ८—अपना का। ९—देखो। १०—गर्व करी वस्तु।

१० मू०

घट अपने करु चांदना, करु दूरहिं अँधकार।
ज्ञान हृदय में धार कर, पावो मुक्ती द्वार॥
पावो मुक्ती द्वार, भजो अरिहन्तहिं भाई।
सब सुख भजन प्रताप, मुनीजन मुक्तिहुँ पाई॥
भूरीसुन्दरि कहत, ज्ञान दीपक उर कीजै।
शुद्ध समगतो[१] धारि, आत्महित आपहिं कीजै॥११॥

नरक निगोदे जीवड़ा, घूम्यो काल अनन्त।
लखचौरासी योनि में, अब तारो भगवन्त॥
अब तारो भगवन्त, शरण तुम्हरी मैं आई।
करो भवोदधि[२] पार, दासि तुम्हरी कहलाई॥
भूरीसुन्दरि करत, अरज यह निशदिन स्वामी।
अब किमि करत विलम्ब, दयानिधि अन्तर्यामी॥१२॥

चरम शरीरी होय तूं, यह अवसर नहिं फेर।
अधिक काल पीछे मिला, मनुज जनम[३] नहिं फेर॥
मनुज जनम नहिं फेर, सुनोरे उत्तम मानी।
क्रोध मान को छोड़ि, करहु माया की हानी॥
भूरीसुन्दरि कहत, करो नर उत्तम काजा।
जासें हो भवपार, अन्त होवहि नहिं लाजा॥१३॥

छन छन पल पल में सदा, आयू छीजत जात[४]।
मूरख नर समझत नहीं, अन्त समय पछतात॥
अन्त समय पछतात, होत तब कहा सुधारा।
जो है तेरो काम, तुरित[५] करु तसु[६] उपचारा[७]॥

१—सम्यक्त्व। २—संसार रूपी समुद्र। ३—मनुष्य का जन्म।
४—नष्ट होती जाती है। ५—शीघ्र। ६—उसका। ७—उपाय।

भूरीसुन्दरि कहत, कपट छल छोड़ि विचारो।
जातें हो भवपार, होय तव सकल सुधारो ॥३४॥

जतना जीवन की करहु, जतना होत सुधर्म।
जतना तें निर्वानपद[1], चूर होत सब कर्म॥
चूर होत सब कर्म, मिटहि भव को सब बन्धन।
दया धरम परधान[2], अहै[3] सब दुःख निकन्दन[4]॥
भूरीसुन्दरि कहत, सुनो भूषण शुभ दाया।
याही तें मुनिराज, जतन महँ राखत काया ॥३५॥

झगड़ा कबहुँ न कीजिये, यातें दुःख अपार।
कौरव पाँडव वंश को, भयो याहितें छार[5]॥
भयो याहितें छार, जगत में भई हँसाई।
कोऊ नाहिं सहाय, होत झगड़ा में जाई॥
भूरीसुन्दरि कहत, सदा समता उर धरिये।
भूलेहुँ चतुर सुजान, कबहुँ झगड़ा नहिं परिये ॥३६॥

नरक निगोद महँ जाय कर, पर्यो जीव बहुबार।
महा कठिनता नर भयो, अब तो करे सुधार॥
अब तो करे सुधार, भूल मत भाई मेरे।
कर्म शत्रु हैं फिरत, सदा सब पीछे तेरे॥
भूरीसुन्दरि कहत, गई जनि[6] सोचहु भाई।
आगे की सुधि लेहु, होय जो सफल कमाई ॥३७॥

१—मोक्षपद। २—प्रधान। ३—है। ४—नाश करने वाला।
५—राख। ६—जन्म।

टेक न छोड़हु आपनी, धर्म गहे की आन।
टेक राखि हरिचन्द ने, कियो आतम अवदात[1] ॥
कियो आतम अवदात, नीच घर पानी भरियो।
सीताजी निज टेक, सतीपन उरमहँ धरियो ॥
भूरीसुन्दरि कहत, अन्त भो[2] तसु कल्याना।
याही तें निज टेक, तजत नहिं कबहु सुजाना ॥३८॥

ठगई चोरी तें अधिक, नर पावत दुख भूर[3]।
यातें ठगई त्याग दो, होय सौख्य[4] भरपूर ॥
होय सौख्य भरपूर, हुवै आतम निसतारो[5]।
अन्तकाल नहिं खेद, ज्ञानि जन याहि विचारो ॥
भूरीसुन्दरि कहत, सकल नर ठगई त्यागो।
होहु शान्ति रसलीन, सुधारस महँ तुम पागो ॥३९॥

डगमग डगमग मत करहु, दृढ़ राखो परिणाम।
डँवाडोल को त्याग कर, करो आतमा काम ॥
करो आतमा काम, शुद्ध श्रद्धा आराधो।
करो मिथ्यात्वहिं दूर, तरहु संसार अगाधो ॥
भूरीसुन्दरि कहत, ऐसा[6] फिर अवसर नाहीं।
मन चंचलता त्याग, धरहु समता तिहि माँहीं ॥४०॥

ढीठा ढीठा मत बनो, ढीठाई से हानि।
ढीठाई संसार महँ, खोवत है सब मान ॥

१—शुद्ध। २—हुआ। ३—बहुत। ४—सुख। ५—छुटकारा।
६—ऐसा।

खोवत है सब मान, सुनहु तुम चतुर सुजाना।
ढीठाई घट[1] ज्ञान, मान आदर सम्माना॥
भूरीसुन्दरि कहत, ढीठ जनि[2] बनहु सुजाना।
तौ ह्वैहै[3] कल्यान, तनिक संशय जनि लाना॥४१॥

नाना विधि का भेष धरि, नाना कर्म कराय॥
नाना गति से भोगतौं, नाना गति में जाय।
नाना गति में जाय, कर्म पुनि करहि अनेका॥
मूरख तूं अब चेत, तनिक मन धार विवेका।
भूरीसुन्दरि सीख, सुनहु सज्जन दै कानां॥
ह्वैहै तुव[4] निसतार[5], नहीं तो बहु दुख पाना॥४२॥

तपसा करहु सुचित्त से, तो होवे कल्यान।
तप कीन्हो ढंढन ऋषी, पायो केवल ज्ञान॥
पायो केवल ज्ञान, कर्म निज सबहि खपाये।
तप महिमा है भूरि[6], तपोगुण शास्त्रन गाये॥
भूरीसुन्दरि कहत, सीख गुरु की मन धारो।
करहु तपस्या खूब, तुरित[7] निज आत्महिं तारो॥४३॥

थिर[8] धीरज कर राखिये, तन मन बहु संकोच।
जो जन मन वश करत है, परभव होय न सोच॥
